रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-277 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### गद्दा गोदाम में लगी भीषण आग, दो लोगों की जलकर मौत



**रायपुर।** राजधानी के गोंदवारा स्थित गुरुनानक मैट्रेस स्लीप प्रो कम्पनी के गद्दा गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस भीषण आग में 2 लोगों की जलकर मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। गद्दा फैक्ट्री के संचालक महेश चंद्रलानी, बिलासपुर निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा कि गोदाम में 7 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिसमें से 5 को बचाया गया। सरोरा निवासी 2 महिलाओं यमुना और रामेश्वरी की जलने से मौत हो गई।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका सूचीबद्ध करने से सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री ने दिल्ली आबकारी नीति से



संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रजिस्ट्री ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका (अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका) विचार करने के योग्य नहीं है।

### कांग्रेस देश के दुश्मनों को क्या संकेत दे रही हैः भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के



1962 के चीन के सैन्य आक्रमण को तथाकथित करार दिये जाने पर कांग्रेस पर तीखा हमला किया और कहा कि भारत के शत्रु हमेशा से कांग्रेस के मित्र रहे हैं और उसने हमेशा भारतीय सेना के बलिदान एवं वीरता का अपमान किया है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि एक तरफ लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है।

# सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन

## आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी

विक्रम बाजपेयी ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



मतस्य विभाग में मछली पालन के लिए अपने ही करीबियों के नाम पर करोड़ों के केज आबंटन कर शासन की योजनाओं से मिलने वाली सब्सिडी हजम करने का मामला सामने आया है। इस मामले में मतस्य विभाग के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। पूरे प्रकरण में करोड़ों की चपत लगाई गई है। मतस्य विभाग संचालनालय इस फर्जीवाड़े की जांच कर रहा है। विभागीय अधिकारियों ने 28 मई को जलाशय पहुंचकर जांच की। जबकि 29 मई को राजनांदगांव स्थित दफ्तर में लाभार्थियों के बयान दर्ज कर जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया है। संयुक्त संचालक एसके साहू ने जांच जारी होने की पुष्टि की है। इधर, पहले से ही इस मामले में और भी शिकायतों की जांच जारी होने की जानकारी है। करोड़ों के फर्जीवाड़े में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए ने कार्यालय में ही पदस्थ कर्मी की नाबालिग बेटी, अपनी ननद, ड्राईवर की मां और एक अन्य आदिवासी व्यक्ति के नाम पर लाखों के केज का आबंटन कराया। यह केज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के नवागांव स्थित सिंचाई जलाशय में लगाए गए हैं। प्रत्येक यूनिट में 18 केज शामिल हैं। इस तरह यहां कुल 72 केज लगाए गए हैं। इन 4 यूनिट केज में से प्रत्येक की कीमत 56 लाख है। इसमें लाभार्थियों को प्रत्येक केज के लिए शत प्रतिशत सब्सिडी दी गई है। इसमें प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत और एलडब्लूई (लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिस्म डिवीजन) से 40 प्रतिशत यानी कुल 100 प्रतिशत आर्थिक सहायता मिली है। इस तरह संयुक्त संचालक कार्यालय के अधिकारियों ने बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम देते हुए दो करोड़ 24 लाख रुपए के केज अपने रिश्तेदार और विभाग में पदस्थ कर्मियों के रिश्तेदारों के नाम पर आबंटित करा लिए। आशंका है कि तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए के कार्यकाल के दौरान अविभाजित राजनांदगांव में केज आबंटन में ऐसे और घोटाले किए गए हैं। फिलहाल विभाग इनकी जांच में जुटा है। यही नहीं इस प्रकरण में एक कांग्रेस नेता का नाम भी सामने आ रहा है। प्रकरण गंभीर है और इसमें शामिल दूसरे नामों पर भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### फर्जी आबंटन, तीन साल से लीज भी जमा नहीं की

जलाशय में केज आबंटन में करोड़ों के हेरफेर के अलावा तीन साल से मछली पालन भी किया जा रहा है। यह व्यवसाय बाहर से बुलाए गए लोगों द्वारा किए जाने की जानकारी मिली रही है। यही नहीं प्रत्येक केज के लिए वार्षिक तौर पर अदा किए जाने वाले 7 हजार दो सौ रुपए का भुगतान भी 3 सालों से नहीं किया गया है। यह राशि तकरीबन 15 लाख रुपए है। इस लीज की रकम वसूली के लिए वास्तविक लाभार्थियों को नोटिस मिलने के बाद ही केज आबंटन में भ्रष्टाचार का भांडा फूटा है। रिकवरी की नोटिस मिलने के बाद जिनके नाम केज आबंटित हुआ है वे हड़बड़ाए हुए हैं और मामले की वास्तविकता को विभाग के सामने रख रहे हैं।

### सीएम के संज्ञान में मामला

कांग्रेस के कार्यकाल में हुए केज आबंटन में भ्रष्टाचार की शिकायतें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंची हैं। जानकारी है कि उन्होंने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को गंभीरता से जांच के लिए कहा है। संचालनालय की टीम मामले की पड़ताल में जुटी है। इससे पहले तत्कालीन संयुक्त संचालक गीताजंलि गजभिए पर केज आबंटन की 60 प्रतिशत सब्सिडी पर 20 प्रतिशत कमीशन मांगने के भी आरोप लगे हैं। इस शिकायत की भी जांच जारी है। शिकायतकर्ताओं ने अपना लिखित बयान जांच समिति को सौंपा है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही सत्यता का खुलासा हो पाएगा।

### करोड़ों के भ्रष्टाचार का कैसे हुआ खुलासा


केज आबंटन का यह प्रकरण वर्ष 2021 का है। इसमें शामिल लाभार्थी सरोज मोटघरे असल में विभाग में कार्यरत ड्राईवर की मां बताई जा रही है। दुर्गेश नंदनी के नाम से भी केज आबंटित हुआ है। यह विभाग में पदस्थ भृत्य की बेटी बताई जाती है। जानकारी है कि जब उनके नाम पर केज स्वीकृत किया गया तब वह नाबालिग थी। इसी तरह हेमलता रामटेके तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए की ननद बताई जा रहीं हैं। यह सभी राजनांदगांव निवासी बताए जाते हैं। चौथा केज भुवन पोर्ते के नाम पर से आबंटित किया गया है जो कि केसीजी जिले के ग्राम भोथली निवासी है। भुवन ने विभाग का नोटिस मिलने के बाद केज आबंटन की जानकारी न होने, अधिकारियों द्वारा षड़यंत्र किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद यह मामला फूटा है।

### फर्जी तरीके से कराया आबंटन, लाभार्थी ने कहा मुझे केज की जानकारी ही नहीं

सिंचाई जलाशय में लगाए गए 4 केज में से एक भुवन पोर्ते के नाम पर आबंटित हुआ है, लेकिन भुवन को ही इसकी जानकारी नहीं है। मतस्य विभाग ने इस केज के तीन साल के लीज वसूली के लिए जब उसे नोटिस जारी किया तो वह हड़बड़ा कर विभाग पहुंचा। अधिकारियों ने उसे सारी जानकारी दी। इसके तत्काल बाद भुवन ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सहायक संचालक के पास अपनी शिकायत दर्ज कराई। दूसरी ओर विभाग के संज्ञान में आने के बाद मामले की जांच शुरु की गई है। भुवन का बयान भी दर्ज किया जा चुका है। टीम ने जलाशय पहुंचकर भी मामले की तहकीकात की है।

## कांग्रेस और बीजद के शासन काल में ओडिशा को लूटने वालों को भेजा जायेगा जेल : मोदी

वार्ता ◂ ओडिशा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा में कांग्रेस और बीजू जनता दल शासन के दौरान हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जायेगी और राज्य को लूटने वालों को जेल भेजा जायेगा, यह 'मोदी की गारंटी' है। पीएम मोदी ने ओडिशा में अपने चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और बीजद दोनों सरकारों पर राज्य में गरीबी के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल तक ओडिशा पर शासन किया, जबकि बीजद ने पिछले 25 साल से राज्य पर शासन किया है। उन्होंने दोनों दलों पर विकास के नाम पर ओडिशा के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा के खनिज और अन्य संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद राज्य ने वांछित आर्थिक विकास नहीं देखा है और लोग अब भी गरीबी में जी रहे हैं। उन्होंने प्रण लिया कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों और राज्य को लूटने वाले, ओडिशा के लोगों की आकांक्षाओं को चकनाचूर करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा और उन्हें जेल भेजा जायेगा। पीएम मोदी ने कहा कि बीजद के नेता जिनके पास पहले साइकिल भी नहीं थी, अब उनके पास लग्जरी गाड़ियां हैं और उन्होंने भ्रष्टाचार से बहुत सारा पैसा इकट्ठा किया है। उन्होंने वादा किया कि उनसे लूटा गया पैसा वापस लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की और राज्य में 'डबल इंजन' सरकार के गठन की वकालत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इससे ओडिशा देश का नंबर वन राज्य बन जाएगा।
प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 10 साल पहले लोगों को लगता था कि भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर लगाम लगाना मुश्किल होगा, लेकिन पिछले 10 सालों में देश इन मुद्दों से मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग अब रिकॉर्ड मतदान के साथ लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। वर्ष 2014 से पहले भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर था और आज यह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। पीएम मोदी ने भविष्यवाणी की कि अगले पांच सालों में विकास में तेजी आयेगी और भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद अगले छह महीनों में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे, जिसमें वंशवाद की राजनीति पर आधारित राजनीतिक दलों का विघटन होगा।

## झारखंड में गरजे साय : कहा जेएमएम कांग्रेस गठबंधन चोर-चोर मौसेरे भाई

पायनियर संवाददाता ◂ साहिबगंज
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड में 3 जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने साहिबगंज जिले के बरहेट, पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा और दुमका जिले के शिकारीपाड़ा में सभा कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 7 मई को लोकसभा का चुनाव संपन्न हो चुका है और हम प्रदेश की सभी ग्यारह की ग्यारह सीटें जीतकर मोदी जी को दे रहे हैं। उन्होंने झारखंड की जनता से प्रदेश की सभी चौदह सीटें भाजपा को जिताकर पीएम मोदी को देने का आग्रह किया। सीएम साय ने कहा कि झारखंड के लोगों को जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने खूब भरमाया। हमेशा यही भ्रम फैलाते हैं कि मोदी जी और भाजपा सरकार आई तो यहाँ के जल, जंगल, जमीन को लूट लेगी। जबकि पूरे झारखंडवासियों को पता है कि यहाँ के जमीन को लूटने वाला एक मात्र आदमी यहाँ के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। झारखंड के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज यहाँ के पूर्व मुख्यमंत्री जमीन लूटने के मामले में, माइंस के लिए जमीन लेने के मामले में जेल में हैं। गठबंधन सरकार को घेरते हुए विष्णु देव साय ने कहा कि यहाँ की सरकार में मंत्री, कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के पीए के घर से करोड़ों रूपए निकलता है। कांग्रेस के एक सांसद धीरज कुमार के यहां छापा पड़ता है तो उसके यहां से तीन सौ इक्यावन करोड़ रूपए घर से निकलता है। ये सारा जनता का पैसा है। ये पैसा विकास में नहीं लग रहा है, ये पैसा सड़क, बिजली, पानी के लिए नहीं लग रहा है बल्कि उन्होंने अपने एशो-आराम के लिए रखा है, जो उनके घर से मिल रहा है।

## महात्मा गांधी को लेकर मोदी पर राहुल गांधी का तंज

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा है कि सिर्फ 'एंटायर पॉलिटिकल साइंस' के छात्र को ही महात्मा गांधी के बारे में जानने के लिये फिल्म देखने की ज़रूरत रही होगी। राहुल गांधी ने बुधवार से सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि 'एंटायर पॉलिटिकल साइंस' के छात्र को ही महात्मा गांधी के बारे में जानने के लिये फिल्म देखने की ज़रूरत रही होगी। गौरतलब है कि मोदी ने हाल में कहा है कि महात्मा गांधी पर एक फिल्म बनने के बाद ही विदेश में लोगों को महात्मा गांधी के बारे में पता चला।

## सोनिया गांधी से मिले रेवंत रेड्डी, तेलंगाना आने का दिया आमंत्रण



**नयी दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस सांसद दल की नेता सोनिया गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। रेड्डी ने कांग्रेस नेता से मुलाकात के बाद बताया कि सोनिया गांधी ने उनका निमंत्रण स्वीकार किया है और आश्वासन दिया है कि वह समारोह में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोनिया गांधी स्थापना दिवस पर शामिल हों, इसके लिए उनके मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव पारित किया है और उन्होंने सोनिया गांधी को भी यह सूचना दी है।

### किस वजह से हुई मौत? नहीं हुआ खुलासा, डिहाईड्रेशन की आशंका, विभाग ने सैम्पल भेजा अंजोरा

## चारों ओर वन्यजीवों की अकाल मौत, धमतरी की एक बाडी में मिला तेन्दुए का शव

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर/धमतरी
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार



राज्य में बढ़ती गर्मी और पानी की कमी की वजह से वन्यजीवों में इन दिनों त्राहि-त्राहि मचा हुआ है। बालोद जिले में नील गाय एवं कटघोरा वनमंडल में तेन्दुए की मौत का खुलासा पानी की कमी डिहाईड्रेशन की वजह से होना बताया गया। इसी बीच बीते रविवार को नगरी क्षेत्र के एक किसान की बाडी में तेन्दुए का शव मिला। हालांकि तेन्दुए की मौत किन कारणो से हुई अभी तक इसका खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन बीते दिनों में लगातार वन्यजीवों की आकाल मौत की खबरें आ रही हैं। जानकारी अनुसार दुगली वन परिक्षेत्र के ग्राम बिरनपारा के एक किसान के खेत की बाडी में तेन्दुए का शव पडा मिला। तेन्दुए की उम्र तकरीबन 3 वर्ष की बताई जा रही है। विभाग के द्वारा कई तरह की आशंकाओं की बात कही गई, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। इस बीच पानी की कमी के वजह से वन्य जीव के मौत की आशंका जताई जा रही है। मौत किन कारणों से हुई इसका पता लगाने के लिए सैम्पल को दुर्ग स्थित अंजोरा लैब भेजा गया है।

इस संदर्भ में धमतरी वनमंडलाधिकारी जाधव श्रीकृष्णा ने पायनियर को बताया कि एक तेन्दुए का शव मिला है, जिसका पोष्टमार्टम किया गया लेकिन अभी तक



मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा की शरीर में हल्का सा मार्क था लेकिन उस वजह से मौत होने के चांस कम दिख रहे हैं। पानी में जहर की भी आशंका उन्होंने जताया। डीएफओ जाधव श्रीकृष्णा ने बताया कि सैम्पल अंजोरा लैब भेजा गया है, जांच रिपोर्ट आनें के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला, विभाग पर उठ रहे सवाल

राज्य में वन्यजीवों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कहीं पानी की कमी की वजह से, तो कहीं और करणों से हो रही मौतों की वजह से पूरे वाइल्ड लाइफ सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं। विभाग इस ओर कोई ठोस कदम उठाने में नकामयाब दिख रहा है। तेन्दुआ शोड्यूल 1, विशेष संरक्षित वन्यजीवों की सूची में शामिल है, लेकिन इस तरह से हो रही लगातार तेन्दुए की मौत चिंता का विषय बन गया है।

### चौंसिंगा विहीन हो गया जंगल सफारी, पर्दा डालते रहे अफसर

दरअसल में वन्यप्राणियों को लेकर मुख्यालय में बैठे अफसर गंभीर नजर नहीं आ रहे। यदि इस ओर ठोस कदम उठाए जाते तो जंगल सफारी आज चौसिंगा विहीन नहीं हो जाता। एक-एक करके 17 चैसिंगाओं की मौत हो गई। शोड्यूल 1 का प्राणी चैसिंगा जंगल सफारी में विलुप्त होने की कागार पर पहुंच गया है। राज्य के विधानसभा में मामला गूंजता रहा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत लापरवाही पर कार्यवाही की मांग करते रहे, लेकिन विभाग के कानों में आजतक जूं नहीं रेंगी। इससे समझा जा सकता है कि अधिकारी वन्यजीवों के प्रति कितने जवाबदार हैं।

## भय, भूखमरी, आंतकवाद, भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प पूरा करेंगे : गड़करी

वार्ता ◂ ऊना/कुल्लू
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने कहा कि हम देश से भय, भूखमरी, आंतकवाद व भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प पूरा करेंगे। गड़करी ने हिमाचल में ऊना व आनी दो जनसभाओं को संबोधित किया व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा यह चुनाव काँग्रेस व भाजपा का भविष्य के फैसले का चुनाव नही बल्कि सही अर्थ में देश और देश की जनता के भविष्य का चुनाव है तथा यह निर्णय जनता को करना है कि कौन सी पार्टी कौन सा नेता आपके भविष्य के लिए काम कर सकता है। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि देश के 60 साल काँग्रेस को सरकार चलाने का मौका दिया था। उन्होंने मात्र गरीबी हटाओ का नारा दिया पर धरातल पर कुछ काम नही किया। देश के दो मुख्य क्षेत्र है खेती और उद्योग जो कि बिना पानी, बिजली व संचार साधनों के बिना नही चल सकते है उद्योग के बिना कोई रोजगार नही हो सकता। करीब 60 सालों में कृषि क्षेत्र में काँग्रेस ने कुछ भी विकास नही किया भारत में 60 प्रतिशत लोग गाँव में रहते है और बाकी शहरों में लोगों का पलायन शहरों में इसलिए हुआ क्योंकि गाँव में बेरोजगारी, भुखमरी थी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। इसलिए मोदी सरकार ने निर्णय किया कि देश में ग्रामीण स्तर पर उद्योगों का विकास करना होगा जिसके लिए पानी, बिजली, सड़कों व संचार सुविधाओं को ठीक करना प्राथमिक कार्य होगा। गड़करी ने कहा कि हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है इसलिए यहाँ सड़कें बनाना मुश्किल कार्य है, परंतु हमने हिमाचल में बड़े स्तर पर सड़कें बनाने का कार्य किया है। महाराष्ट्र में मंत्री रहते हुए मैंने मुंबई, पुणे एक्स्प्रेस-वे बनाया जिस कारण पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने मुझे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को तैयार करने का मौका प्रदान किया। देश के 6.50 लाख गांवों से 4.50 लाख गांवों में पक्की सड़कें बनाने का काम इस योजना के अंतर्गत हुआ। हिमाचल में पर्यटन सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही निर्भर करता है इसलिए हमने बड़े स्तर पर सड़कों के विस्तार का कार्य किया। हमने ऊना में 900 करोड़ का लठयानी मंदली पुल मंजूर किया जिसका काम सरकार बनते ही शुरू हो जाएगा। आज हिमाचल में पर्यटन बढ़ा है जिसका बड़ा कारण सड़क मार्गों का सुदृढ़ीकरण ही है।

# मोदी ने देश के लिए की है अहर्निश तपस्या : योगी

वार्ता ◄ देवरिया
www.dailypioneer.com

देश के विकास और गरीब कल्याण का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी ने देश के लिए दस साल अहर्निश प्रयास और तपस्या की है। भाटपार रानी के बीआरडी इंटर कॉलेज मैदान में सलेमपुर लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा देश में विकास के बड़े बड़े कार्य हों या गरीब कल्याण के माध्यम से गरीबों के चेहरे पर खुशहाली लाने का कार्य हो, मोदी जी ने देश के लिए 10 साल अहर्निश प्रयास और तपस्या की है। देश में पहले आतंकी घटनाएं होती थीं। आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। अब पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। ये परिवर्तन आपके एक वोट के कारण हुआ है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां मेडिकल कॉलेज कभी सपना था, मगर आज बाबा देवरहा के नाम पर मेडिकल कॉलेज है। पहले पानी के लिए तरसना होता था, आज हर घर नल की



योजना है। विकास के बड़े बड़े कार्य नये भारत की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे प्रदेश से माफिया का सफाया किया गया है, वैसे ही पूर्वांचल से इन्सेफ लाइटिस को भी समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने सपा और कांग्रेस को भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी बताते हुये कहा कि सपा माफिया परस्त है और अपराधियों को अपने गले का हार बनाती है, वहीं कांग्रेस अमेरिका की तरह देश में विरासत टैक्स लगाना चाहती है, जो औरंगजेब का जजिया कर है। योगी ने कहा कि आज कोई भी शरीफमुसलमान अपने बेटों का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने भाई की हत्या और पिता को कैद करके पानी-पानी के लिए तरसा दिया था। उन्होने कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों में तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा आप जो पसीना बहा रहे हैं, इसके लिए भाजपा सरकार इस पूरे क्षेत्र का विकास करके आपका कर्ज चुकाने का काम करेगी। योगी ने कहा कि देश में एक ही स्वर गूंज रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार'। इस नारे से ही सपा, कांग्रेस और बसपा को चक्कर आने लगता है। उनके पास इतनी सीटों पर लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिले। अब तो जनता कहती है कि 'जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे और 2024 में फिर से कमल खिलाएंगे'। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में गरीब भूख से मरता था। 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन, 60 करोड़ को 5 लाख तक का मुफ्त उपचार, 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों को उज्ज्वला योजना देने का कार्य हुआ है। इसके साथ ही चार करोड़ गरीबों के घर बन चुके हैं। चार जून के बाद तीन करोड़ गरीबों के लिए और घर बनेंगे। आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है।

उन्होंने कहा कि सपा के समय भाटपार में दंगा करके हिन्दुओं की झोपड़ियों को जलाकर उन्हें बंद कर दिया गया था, तब मैं यहां आया था और उन्हें छुड़ाने का काम किया था। मगर आज यूपी में दंगा नहीं होता है। आज नो कर्फ्यू नो दंगा यूपी में सब चंगा है। पर्व त्योहार शांतिपूर्वक मनाए जा रहे हैं। योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस पर्सनल लॉ के जरिए देश में तालीबानी शासन लागू करना चाहती है। इसका मतलब बेटियां स्कूल और महिलाएं बाजार और ऑफिस नहीं जा पाएंगी। मगर हम घोषणा करते हैं कि देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा। ये कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो विरासत टेक्स लगाएंगे, ये अमेरिका में लगता है, जहां संयुक्त परिवार ना के बराबर है। सपा और कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आने के बाद हमारे पूर्वजों की आधी प्रॉपर्टी ये लोग ले लेंगे। फिर उसपर किसी पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और अफगानिस्तानी मुसलमान को बसा देंगे। ये औरंगजेब का जजिया कर है। हमें औरंगजेब को फिर से जिंदा नहीं होने देना है। कांग्रेस और सपा के लोग भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, विनोद शंकर दुबे, राजकुमार शाही, अजय उपाध्याय, कुंज विहारी सिंह, जयनाथ कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# भजनलाल ने भीषण गर्मी में जयपुर में पेयजल को लेकर किया औचक निरीक्षण

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल ने शर्मा भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति एवं पानी समस्या के मद्देनजर राजधानी जयपुर में रामनिवास बाग पर स्थित पंप हाउस का औचक निरीक्षण किया। शर्मा प्रचंड गर्मी में दोपहर बाद औचक निरीक्षण के लिए सड़क पर निकल पड़े और रामनिवास बाग़ पर पंप



हाउस में पानी वितरण की व्यवस्था को देखा और अधिकारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए सिर पर सफेद कपड़ा बांध रखा था। उल्लेखनीय है कि हाल में मुख्यमंत्री सेन्ट्रल पार्क में पक्षियों के लिए परिन्डे बांधे और पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए थे।

## एड्स को खत्म करने के लिए सभी मिलकर आगे आएं : कुमार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने आज प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान परिमहल शिमला में सोसायटी की ओर से सामुदायिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नेटवर्क, राज्य स्तरीय नेटवर्क, पीपल लिविंग विद एचआईवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम एवं उपचार साक्षरता कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस दो दिवसीय कार्यशाला का विषय 'मेरा स्वास्थ्य - मेरी जिम्मदारी' है। कुमार ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में एचआईवी पॉजीटिव लोगों को राज्य स्तरीय तंत्र तथा जिला स्तरीय नेटवर्क के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। इससे हिमाचल प्रदेश के सभी एचआईवी पॉजीटिव व्यक्ति मिलकर इस संक्रमण को रोकने के लिए कार्य कर सकेंगे और अपने अधिकारों व सुविधाओं के बारे में जागरूक बनेंगे। कुमार ने कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को शीघ्रातिशीघ्र जिला स्तरीय नेटवर्क का गठन कर पंजीकरण करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आईए! हम सभी मिलकर एचआईवी तथा एड्स को खत्म करने के लिए आगे आएं, जिसके लिए एचआईवी जांच अवश्य करवाएं।

## कोटा मंडल होकर जाने वाली नौ जोड़ी गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

एजेंसी ◄ कोटा
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ एवं प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा मंडल से होकर जाने वाली नौ जोड़ी गाड़ियों में अतिरिक्त कोच अस्थाई रूप से लगाने का निर्णय लिया है। कोटा मंडल के आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर रेल सेवा में बीकानेर से छह से 27 जून तक एवं कोलकाता से सात से जून तक एक थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। बीकानेर-पुरी-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दो से 30 जून तक एवं पुरी से पांच जून से तीन जुलाई तक एक थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। इसी तरह मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से तीन से 24 जून तक एवं कोलकाता से छह से 27 जून तक एक सेकेण्ड एसी, एक थर्ड एसी इकोनोमी और एक द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से एक से 30 जून तक एवं खजुराहो से तीन जून से दो जुलाई तक एक साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रेलसेवा में इंदौर से दो जून से एक जुलाई तक एवं भगत की कोठी से तीन जून से दो जुलाई तक तीन द्वितीय शयनयान एवं एक साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। उदयपुर सिटी-शालीमार-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से एक से 29 जून तक एवं शालीमार से दो से 30 जून तक एक थर्ड एसी इकोनामी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है। जोधपुर-वाराणसी सिटी -जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से एक जून से सात जून एवं 12 जून से 30 जून तक तथा वाराणसी सिटी से दो जून से आठ जून एवं 13 जून से एक जुलाई तक एक थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोत्तरी की जा रही है।

## सोलन पहुंची जंगल की आग, लाखों की संपत्ति के नुकसान की आशंका

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में अग्निकांड के मामला थमने का नाम नहीं ले रहे है। धर्मपुर में जंगल की आग घर तक पहुंच गई जिसमें लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला बुधवार सुबह 11:30 बजे का है जब जंगल में लगी आग अचानक घर तक पहुंच गई। घर के सभी लोग समय रहते बाहर आ गए लेकिन आग ने दुकान व घर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी है। मकान पर वाहनों की रिपेयर की दुकान होने के चलते आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है।

गनीमत यह रही कि अग्निकांड में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। वहीं लोगों ने भी एकत्रित होकर आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं मौके पर अग्निशमन विभाग के दो फायर टेंडर मौजूद है।

# प्रभारी सचिव गालरिया ने श्रीगंगानगर मंडी पहुंचकर की सुनवाई

एजेंसी ◄ श्रीगंगानगर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में कृषि विभाग के निदेशक और जिले के प्रभारी सचिव वैभव गालरिया श्रीगंगानगर में अनाज मंडी पहुंचकर किसानों, व्यापारियों और मजदूरों की समस्याओं की सुनवायी की। गालरिया को व्यापारियों ने अपनी समस्यायें बताई, वहीं किसानों ने फसल का समुचित भाव नहीं मिलने की व्यथा सुनाई। मंडी में काम करने वाले मजदूर की ओर से श्रीगंगानगर में सरकारी कैंसर हॉस्पिटल बनाने की मांग रखी। गंगानगर ट्रेडर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष धर्मवीर डूडेजा और सचिव दीपक नागौरी के नेतृत्व में व्यापारियों ने गालरिया का स्वागत किया। दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में बातचीत के दौरान एसोसिएशन की तरफसे प्रभारी सचिव को व्यापारियों तथा मंडी की समस्याओं का ज्ञापन दिया गया। एसोसियेशन के अध्यक्ष डूडेजा ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद पर व्यापारियों के लिये आढ़त 41.41 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित कर रखी है, जबकि राजस्थान सरकार की आढ़त 2.25 प्रतिशत के हिसाब से 51.18 रुपये प्रति क्विंटल बनती है। उन्होंने आढ़त सरकार द्वारा निर्धारित दर के हिसाब से पूरी दिलवाई जाये। इस पर प्रभारी सचिव ने इसका आश्वासन दिया। डुडेजा ने बताया कि काफी समय से राजस्थान में कृषि जिंसों पर आढत 2.25 प्रतिशत है। 'क' वर्ग व्यापारी के पास आढ़त के अलावा अन्य कोई आय नहीं है। इस आढ़त में सभी प्रकार के खर्च शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्य पंजाब एवं हरियाणा में आढ़त 2.50 प्रतिशत प्रतिशत है।

## ट्रेन में धमाके की आवाज से यात्रियों में दहशत, जांच के बाद ट्रेन रवाना

**मुरैना।** भोपाल के कमलपति रेलवे स्टेशन से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के आज मुरैना रेलवे स्टेशन के समीप



वेल्डिंग वेल्ट ट्यूमर से टकराते समय एक तेज धमाके की आवाज सुनकर यात्रियों में दहशत फैल गई। आवाज को सुनकर चालक ने ट्रेन को मुरैना रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। ट्रेन की जांच के चालीस मिनट बाद उसे रवाना किया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुरैना रेलवे स्टेशन के समीप रेल पटरियों पर कार्य चल रहा था और ट्रेन के चालक को इसके संकेत नहीं मिले जिससे ट्रेन ग्वालियर से रफ्तार के साथ जब गुजर रही थी तो ट्रेन वेल्डिंग वेल्ट से टकरा गई और तेज धमाके की आवाज सुनकर यात्रियों में दहशत फैल गई।

## सीहोर में बड़ी संख्या में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में वर्षो से फरार आरोपियों को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरार स्थाई वारंटी आरोपियों को पकड़ने को लेकर कल अभियान चलाया। इस मामले में चालीस आरोपियों को गिरफ्तार किया और सभी को आज न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से सभी क़ो जेल भेजा गया है। कोतवाली पुलिस एवं अहमदपुर थाना पुलिस ने स्थाई वारंटी की धर पकड़ का अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस ने 34 लोगों को गिरफ्तार किया वही अहमदपुर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी वर्षों से फरार थे।

## यादव ने छिंदवाड़ा घटना पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में एक युवक द्वारा परिवार के 8 लोगों की हत्या कर स्वयं आत्महत्या करने की घटना पर शोक व्यक्त किया है।



आधिकारिक जानकारी में डॉ यादव ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। राज्य शासन द्वारा पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके को छिन्दवाड़ा जाकर पीड़ित परिजन से मिलने के निर्देश दिये हैं। प्रारंभिक जांच में आरोपी मृत युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया गया है।

## आर्य समाज नेता अर्जुन देव चड्ढ़ा का निधन

**कोटा।** राजस्थान में कोटा के आर्य समाज के प्रमुख नेता आर्य उप प्रतिनिधि सभा के संभागीय प्रधान और जाने-माने प्रतिष्ठित समाजसेवी अर्जुन देव चड्ढ़ा की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन हो गई। चड्ढ़ा का शाम उनके विज्ञान नगर स्थित निजी आवास पर निधन हो गया था। निधन के बाद चड्ढ़ा के संकल्प के अनुरूप परिवारजनों ने नेत्रदान कराया। चड्ढ़ा की अंतिम यात्रा उनके निजी आवास से रवाना होकर किशोरपुरा मुक्तिधाम पहुंची जिसमें बड़ी संख्या में राजनेता, समाजसेवी और गणमान्य लोग सम्मिलित हुये। वैदिक मंत्रोचार के बीच उनकी पार्थिव देह अग्नि को समर्पित कर दी गयी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। चड्ढ़ा पिछले करीब पांच दशकों से सामाजिक कार्यो के साथ आर्य समाज एवं वैदिक धर्म के प्रचार के लिये सक्रिय रहे। चड्ढ़ा के आकस्मिक निधन पर राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा के उप प्रधान सुमन वाला सक्सेना, पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी अरविंद पांडेय, वेद प्रचार समिति कोटा के प्रधान पी सी मित्तल, गायत्री परिवार के यज्ञदत्त हाडा,आर्य समाज के मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## गहलोत स्लिप डिस्क के कारण लौटे जयपुर

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत स्लिप डिस्क की परेशानी के कारण लोकसभा चुनाव में पंजाब में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार का कार्यक्रम बीच में छोड़कर वापस जयपुर लौट आये हैं। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि बुधवार को उनकी चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता एवं गढ़शंकर में कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र सिंगला के समर्थन में जनसभा प्रस्तावित थीं। इसके लिए मंगलवार शाम को चंडीगढ़ पहुंच गया था परन्तु उसी रात से स्लिप डिस्क संबंधी परेशानी होने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर सारे कार्यक्रम रद्द करते हुए वापस जयपुर आना पड़ा है। उन्होंने कहा ''मेरी पंजाब के सभी मतदाताओं से अपील है कि किसानों एवं सैनिकों के सम्मान, लोकतंत्र की रक्षा एवं देश में सौहार्द बनाए रखने के लिए कांग्रेस को वोट दें एवं अपने क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाएं।

## केमिकल से भरे ड्रमों में लगी आग से हुये धमाकों से अफरा-तफरी मची

एजेंसी ◄ अलवर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अलवर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में एक खाली भूखंड में रखे कैमिकल से भरे ड्रमों में आग लगने से हुए धमाकों से अफरा-तफरी मच गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी के खाली भूखण्ड में रखे केमिकल प्लास्टिक ड्रमों में आग लग गयी, जिनमें हुये विस्फोट से ड्रम करीब 40 फुट तक हवा में उड़ गये। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी, जिस जगह आग लगी है, उसी के पास में एक केमिकल फैक्टरी स्थित थी, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे



दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, भूखण्ड मालिक आग लगने कि घटना से अनजान बने रहे। उन्होंने भूखण्ड में रखे केमिकल ड्रम अपने होने से मना करते हुये कहा कि उन्हें नहीं पता कि ये कहां से आये।

## ग्रामीण युवक की हथोड़े से हमलाकर हत्या

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बिलकिसगंज में एक युवक की हथौड़े से हमलाकर हत्या कर दी गई और हमलावर फरार हो गया। मृतक का शव बिलकिसगंज वीरपुर रोड पर स्थित एक ढाबे के बाहर खटिया पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर लिया। शव के पास हथौड़ा भी मिला है, जिससे हमला कर युवक की हत्या की गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात्रि मृतक की सूचना उसके साथ काम करने वाले गोविंद राठौर निवासी ग्राम लीलाखाडी ने दी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां मृत युवक खटिया पर लेटा हुआ था, उसका चेहरा लहूलुहान था।

# मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी के साथ अनेक स्थान तीव्र लू की चपेट में

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के अधिकांश स्थानों पर चिलचिलाती धूप, भीषण गर्मी व तीव्र लू के प्रभाव से जनजीवन पर विपरीत असर पड़ा है। यह स्थिति अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर बने रहने के आसार हैं। राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित 19 जिलों में कल पारा 45 डिग्रीस सेल्सियस या इससे अधिक पहुँच गया। इसके साथ ही 4 शहरों में पारा 48 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। भोपाल मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि प्रदेश के सीधी और टीकमगढ़ जिले में अगले चौबीस घंटों के दौरान कहीं-कहीं तीव्र लू की संभावना के साथ ही इन स्थानों पर रात के पहर में गरमी रहेगा। वहीं प्रदेश के ग्वालियर,



दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, रीवा, मऊगंज, सतना, छतरपुर, निवाड़ी, मैहर जिले में कहीं-कहीं तीव्र लू चलने की संभावना है। वैज्ञानिकों की माने तो राजधानी भोपाल समेत, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, आगरमालवा, मंदसौर, नीमच, अशोकनर, शिवपुरी, श्योपुर, अनुपपूर, शहडोल, कटनी, पन्ना, सागर जिले में कहीं-कहीं लू के आसार हैं। जबकि गुना, उमरिया और दमोह जिले भी लू और रात के समय गर्मी का असर बना रह सकता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि बीते चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा। भोपाल, राजगढ़, सिहोर, सीधी, शहडोल, मलाजखंड, कटनी, सागर, दमोह, गुना, शिवपुरी और अशोक नगर में लू का प्रभाव रहा। सिंगरौली, रीवा, सतना, खजुराहो, नौगांव, टीकमगढ़, निवाड़ी, ग्वालियर में तीव्र लू का प्रभाव रहा।

# बगैर जरूरी कारण बिजली आपूर्ति बंद होने पर होगी कार्रवाई : तोमर

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बगैर जरूरी कारण के बिजली आपूर्ति बंद होने पर संबंधित क्षेत्र के इंजीनियर के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। तोमर ने यह बात मंत्रालय में बिजली ट्रिपिंग और मेंटीनेस की समीक्षा के दौरान कही। बिजली कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी यह महशूस करें कि अगर इस गर्मी में उनके घर की बिजली एक घण्टे बंद रहेगी तो उनके परिवार को कैसा लगेगा। तोमर ने कहा कि कंपनी के संबंधित क्षेत्र के कार्यपालन यंत्री से लेकर जूनियर इंजीनियर तक मोहल्ले में उपभोक्ताओं के साथ बैठक कर संवाद करें।
उन्हें ट्रिपिंग के कारण बताने के साथ ही



बिजली का लोड बढ़वाने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर पुरानी केबल के कारण ट्रिपिंग हो रही है, वहाँ के केबल बदलें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हर माह मीटर रीडिंग निर्धारित दिनांक को लें। उन्होंने अनुमानित बिल भेजने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर किसी माह में उपभोक्ता का बिल आश्चर्यजनक ढंग से ज्यादा आता है तो उसका परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बिजली मेंटीनेंस किया जा रहा है, उसके दिनांक और समय की जानकारी विभिन्न समाचार माध्यमों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुँचायें। तोमर ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों, किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों से मिलकर ऊर्जा विभाग की कार्यप्रणाली, समस्याएं और समाधान से अवगत करायें। फेसबुक, एक्स आदि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का भी समाधान किया जाये। हर सर्किल स्तर पर एक टेलीफोन नम्बर शिकायत के लिए रखा जाये।
इस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनीटरिंग वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाये। तोमर ने कहा कि बिजली कंपनी के किसी भी अधिकारी कर्मचारी द्वारा अच्छा कार्य करने पर उसे पुरस्कृत किया जाये। वसूली आदि के दौरान उनके साथ होने वाली मारपीट की घटनाओं पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है। हर हाल में सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। स्थानीय कारणों से वाधित होने वाली विद्युत आपूर्ति का निराकरण समय-सीमा में करें। बैठक में ओएसडी विजय गौर, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मणिपुर में बाढ़ से हजारों घर जलमग्न

वार्ता ◄ इम्फाल
www.dailypioneer.com

मणिपुर में 27 मई को आए चक्रवाती तूफान 'रेमल' के कारण राज्य भर में हजारों घर बाढ़ में डूब गये। ऐतिहासिक कंगला किला भी पानी में डूब



गया है। इसी बीच, पुलिस और स्वयंसेवकों ने बाढ़ प्रभावित घरों से बुजुर्गों तथा बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने कहा कि पिछले 48 घंटों में चक्रवात रेमल के कारण लगातार बारिश ने मणिपुर के लोगों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। राज्य के निचले इलाके जलमग्न हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग 24 और अन्य प्रमुख रास्ते बाधित हैं। इससे पूरे राज्य में वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, घाटी और पहाड़ी जिलों में घरों तथा संपत्तियों को हुए नुकसान से मैं बहुत चिंतित और दुखी हूं। इन घटनाओं के मद्देनजर, मैं सभी नागरिकों से धैर्य रखने का आग्रह करती हूं। राज्य सरकार आपदा स्थिति से निपटने के लिये सभी आवश्यक उपाय करने और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का पालन करें। हम सब मिलकर इन चुनौतियों से पार पा लेंगे।मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 'एक्स' पर कहा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) तथा राष्ट्रीय जलविद्युत निगम (एनएचपीसी) के परामर्श से आगे कोई भी रास्ता खोला जाएगा। हमारी आधिकारिक टीमें इस स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास कर रही हैं। राज्य के अधिकतर हिस्सों में भूस्खलन की सूचना मिली। सरकार ने 29-31 मई तक सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया है।

# कोरंजेड़–बंदेपारा के जंगल में पुलिस माओवादियों के बीच मुठभेड़ में 8 लाख के ईनामी माओवादी ढेर

**मौके से 1 महिला, 1 पुरूष माओवादी का शव, हथियार, विस्फोटक, वायरलेस सेट, नगद 30 हजार, पिट्ठू, माओवादी वर्दी, दवाईया, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद**

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com





जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 27/05/2024 को थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत कोरंजेड़ एवं बंदेपारा के जंगलों में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के मद्देड़ एरिया कमेटी के एसीएम बुचन्ना, विश्वनाथ, बामन एवं अन्य 15-20 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर टीम अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान दिनांक 2/05/2024 के सुबह 07 - 08 बजे के बीच कोरंजेड़-बंदेपारा के बीच जंगल में मुठभेड़ हुई । मुठभेड़ के बाद कार्डन एवं सर्च कार्यवाही के दौरान घटनास्थल से 01 महिला एवं 01 पुरूष माओवादी के शव के साथ 7.66 एमएम पिस्टल-01 नग , 12 बोर सिंगल शॉट बंदूक -01 नग , टिफिन बम-02 नग,12 नग जिलेटीन स्टीक, 8 मीटर कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज5 मीटर 500-500 के 60 नोट कुल 30.00 हजारू रूपये नगद, वायरलेस सेट-01 नग, माओवादी वर्दी, पिटठू, दवाईया, प्रतिबंधित माओवादी संगठन का प्रचार प्रसार की सामग्री एवं माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया।

## घटना में मारे गये माओवादियों की पहचान

मनीला पूनेम ऊर्फ मनीला पदम पति नागेश पदम ऊर्फप्रकाश उम्र 36 वर्ष निवासी बुरजी थाना गंगालूर , पदनाम- मद्देड़ एरिया कमेटी सदस्य (डीव्हीसीएम), ईनाम 08.00 लाख, वर्ष 2006 से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थी। हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, आजगनी, अपहरण, बल्वा, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में एक दर्जन से उपर अपराध पंजीबद्ध है. मंगलू कुड़ियम पिता देवा उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी मांझीपारा स्कूलपारा कुज्जाकोंटा थाना फरसेगढ़, पदनाम- मद्देड़ एरिया कमेटी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर/पार्टी सदस्य, ईनाम - 01.00 लाख, वर्ष 1999 से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत था। वर्ष 2007 में दंतेवाड़ा जेलब्रेक की घटना में शामिल था। इसके उपर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, आजगनी, अपहरण, बल्वा, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में कई अपराध पंजीबद्ध है। घटना में मारे गये माओवादियों की पंचनामा, पीएम एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बेमेतरा बारूद फैक्ट्री हादसे मे मृतक परिवार को एक करोड़ मुआवजा एक सदस्य को नौकरी दी जाये : डॉ महंत

### घटना के चार दिन बाद भी दोषियों पर एफआईआर क्यों नहीं : डॉ. महंत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बेमेतरा के ग्राम-बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में 25 मई 2024 को हुए ब्लास्ट की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में जो ब्लास्ट हुआ वह पूरी तरह से घोर लापरवाही का नतीजा है, राज्य सरकार की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। यदि इन्डस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी अधिकारियों के द्वारा बारूद कारखाना में मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किया गया होता तो यह दुर्घटना नहीं होती, परंतु यह दुर्भाग्य पूर्ण है कि, मुख्यमंत्री एवं श्रम मंत्री को अपने उत्तरदायित्वों का अहसास ही नही और वे कुंभकर्णी निंद्रा में हैं। उनके पास दुर्घटना स्थल पर जाने और मृतकों के परिजनों को सांत्वना के दो शब्द बोलने का समय भी नहीं है। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने पीड़ित परिवार के जवीकोपार्जन के लिए मांग कि है, की, मेसर्स स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड प्रबंधक के द्वारा मृतकों के परिजनों को एक एक करोड़ का मुआवजा दें एवं राज्य सरकार मृतक परिवार के एक सदस्य को नौकरी दें। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा की,घटना के चार दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से यह स्पष्ट हो रहा है कि राज्य सरकार दोषियों को बचाना चाह रही है। यह आपराधिक लापरवाही का मामला है इसलिए एफआईआर तत्काल होना चाहिए। कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किसी भी कारखाने में किसी भी प्रकार की दुर्घटना, या जनहानि होने पर ऑक्यूपायर और मैनेजर ये दो पदाधिकारी प्रथम दृष्टया दोषी होते ही है। अतः अब और विलम्ब नहीं करके तत्काल एफआईआर किया जाए, ऑक्यूपायर तथा मैनेजर को गिरफ्तार किया जाए और एस.आई.टी. गठित करके विवेचना प्रारंभ की जाए। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा कि, मेरे केंद्रीय राज्य मंत्री कार्यकाल के दौरान ही वर्ष 2011-12 मे पेट्रोलियम एक्सपलोसीव सेफ्टी ऑर्गनाइजेसन का क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ कि राजधानी रायपुर अवंती विहार मे शुभारंभ किया गया था। राज्य सरकार पेट्रोलियम एक्सपलोसीव सेफ्टी ऑर्गनाइगेसन जो कि पूर्व मे विस्फोटक विभाग के नाम से जाना जाता था, के द्वारा स्थापित सुरक्षा मापदंडो (एसओपी) कि पूर्ण समीक्षा एक्सपर्ट कमेटी के द्वारा सुनिश्चित करें। स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड सहित छत्तीसगढ़ मे सभी कारखानों को बंद किया जाए एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की सघन जांच की जाए।

# भाटापारा मंडी में बनी है बंपर आवक, 65 अतिरिक्त मजदूरों की गई है व्यवस्था



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में वर्तमान में ग्रीष्मकालिन फसल धान की आवक भाटापारा मण्डी क्षेत्रांतर्गत के अलावा अन्य जिलो से हो रही है।

वर्तमान में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में विपणन कार्य व्यवस्था हेतु श्रमिको में तौलैया 50,हमाल 142 रेजा हमाल 156 कांटा हमाल 180 अनलोडिंग हमाल 200 अर्थात् कुल 728 श्रमिक मण्डी प्रांगण में कृषि उपजो के तौलाई भराई लोडिग का कार्य कर रहे है। इसके साथ ही मण्डी प्रांगण में बंपर आवक को देखते हुये मण्डी प्रशासन को कलेक्टर के एल चौहान द्वारा अतिरिक्त मजदूर लगाने के निर्देश दिए गए है। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा अतिरिक्त लोडिंग चिल्हर 15 हमाल एवं 50 अनलोडिंग मजदूरों की व्यवस्था की गई है। मंडी प्रशासन द्वारा रेजा संघ को रेजाओ की संख्या में वृद्धि करने एवं क्रेता फर्मो को निर्देशित कर,मण्डी प्रांगण की कार्यव्यवस्था को सुगम रूप से संचालित करने हेतु कांटा हमाल एवं अन्य लोडिंग हमाल की संख्या में अतिरिक्त वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया गया है।

जिससे की मण्डी प्रांगण का कार्य त्वारित रूप से समय पर संपादित हो सकें तदानुसार क्रेता फर्मो द्वारा अतिरिक्त हमाल की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में आवक के मददेनजर क्रेता फर्मो के द्वारा भी मंडी प्रशासन को समय समय पर अतिरिक्त श्रमिको की व्यवस्था करने में सहमति प्रदान की गई है।

# किरंदुल समर कैम्प में जैविक खाद के बारे में दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com






कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 मई 2024 से जिले के सभी नगरीय निकाय विकासखंड में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं।समर कैंप 2024 के तहत जिले के कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं आर्टस ,पेंटिंग , ड्राइंग, ड्रामा, डांस , गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न विधा जैसे वृक्षारोपण, सामाजिक त्योहार, पानी बचाओ, स्थानीय त्यौहार, जैविक खाद्य निर्माण, सामाजिक असमानता, प्राथमिक उपचार, स्थानीय खानपान, सिंगल यूज प्लास्टिक, फिल्मों का प्रदर्शन, बालिका शिक्षा एवं बाल अधिकार तथा पालक सम्मेलन संबंधी विविध गतिविधियां की जाएंगी जिसे बच्चे भली-भांति सीख पाएंगे। समर कैम्प के तृतीय दिवस बुधवार को किरन्दुल शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यानगर में नगरपालिका के अधिकारी द्वारा बच्चों को जैविक खाद बनाने के संबंध में जानकारी दी गई।

समर कैंप को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।सभी स्थान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।मस्ती के पाठशाला समर कैंप के माध्यम से बच्चे अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार पाएंगे, साथ ही नई नई गतिविधियों से परिचित होंगे। मौके पर संकुल समन्वयक शंकर चौधरी, एच एल बेलसरे,माधव राव, विद्यालय की प्राचार्य उमा ठाकुर, संकुल प्राचार्य एन एस नेताम, आभा सिंह चौहान, रूप कुमार झाड़ी, सतपाल सिंह,टीकम साहू, टी ए खान, पुहुप साहू, रामगुलाल साहू एवं शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित थे।

# महासती वार्ड में हुआ बोर खनन कार्य



**भाटापारा।** विगत कुछ दिनों से भीषण गर्मी के कारण भाटापारा व आसपास क्षेत्र में भूजल स्तर तेजी से कम हो रहा है। सार्वजनिक सबमर्सिबल पंप के साथ-साथ निजी पंप के वाटर लेवल लगातार गिरते जा रहे हैं। यद्यपि मिली जानकारी के अनुसार मानसून इस बार जल्द आने की सूचना मिली है। वार्ड पार्षद गोवर्धन डहरिया ने बताया कि विगत कुछ दिनों से वार्ड मे भूजल स्तर तेजी से कम हुआ है जिसके कारण वार्ड वासियों को लगातार पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा था जिसे देखते हुए पार्षद निधि से बोर खनन कार्य किया जा रहा है। भाजपा नेता आशीष जायसवाल द्वारा नारियल फोड़कर बोर खनन कार्य प्रारंभ किया गया स्थानीय नाने पटेल गली महासती वार्ड में बोर खनन से वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भाजपा नेता आशीष जायसवाल वार्ड पार्षद गोवर्धन डहरिया का हृदय से आभार व्यक्त किया। बोर खनन कार्य में मुख्य रूप से गुरमुख गंगवानी, मोहम्मद हारुन,पूनम बांधे, किशोर रोहरा, रवि, घनश्याम पंजवानी माधव पंजवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भाटापारा लोकोत्सव में लोक संस्था सुरता की धूम

*लोककला संरक्षण हेतु विजय मिश्रा सम्मानित*



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी लोक कला के उन्नयन हेतु बीते 33 वर्षों से भाटापारा में सतत आयोजित लोकोत्सव 2024 में लोक कला मंच सुरता ने मनमोहक प्रस्तुति दी। लोकोत्सव में सूरता के संचालक वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' को डॉक्टर जितेंद्र आडिल स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। त्रिदिवसीय लोकोत्सव में सुरता टीम के पैंतीस कलाकारों ने सुवा,करमा, ददरिया,मावलिया जश गीतों की प्रस्तुति से जनमन को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुरता के नृत्य निदेशक नरेंद्र जलक्षत्रीय की भरपूर सराहना हुई। इस अवसर पर सभी कलाकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुरता के कलाकारों में सर्वश्री अर्जुन मानिकपुरी, तोसन निर्मलकर,नीतीश यादव, कृष्णा सपहा, नारायण- लोकेश- चंद्रहास साहू' देवा कश्यप, अशोक निषाद,अभिषेक पांडे, अंजलि भट्ट मानसी साहू ,नूतन साहू, ऋषिका पांडे,नूतन, रौशनी, ज्योति पायल, सुनीधि साहू,मैरी मसीह ने नृत्य- गायन- वादन में भागीदारी दी।

# गोवंश अभ्यारण से गौवंश के सड़क हादसों में कमी आएगी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





गोवंश अभ्यारण से गौवंश के सड़क हादसों में कमी आएगी महिला मोर्चा जिला महामंत्री और सोशल मीडिया प्रदेश सह प्रभारी महिला मोर्चा किरण भदोरिया ने गौवंश अभ्यारण की योजना के लिए मुख्यमंत्री आदरणीय विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि गांव वंश का सड़क हादसों में बहुत ज्यादा हादसे होते रहते है उन हादसों में अब कमी आएगी,मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गोवंश की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है. मुख्यमंत्री की पहल पर जल्द ही छत्तीसगढ़ में गोवंश अभ्यारण्य बनाने की शुरुआत होगी. सीएम की ओर से इस बात का जैसे ही ऐलान किया गया बीजेपी के नेताओं ने इसपर खुशी जताते हुए सीएम को धन्यवाद दिया. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गोवंश अभ्यारण्य बनाने के लिए अफसरों को अहम दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं.गोवंश की सुरक्षा के लिए बनेगा अभ्यारण्यः गोवंश अभ्यारण्य बनाने का मकसद खुले में घूमने वाले आवारा गायों को सुरक्षा और खाना मुहैया कराना है.

गोवंश अभ्यारण्य बनाए जाने से सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी. आवारा मवेशी अक्सर सड़कों के आस पास घूमते रहते हैं. सड़क पर मवेशियों की मौजूदगी के चलते आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं. सड़क हादसों पर लगाम लगाने के मकसद से गोवंश अभ्यारण्य की भी शुरुआत की जा रही है. जनता ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है. कई बीजेपी नेताओं ने सीएम से मिलकर उनके फैसले पर खुशी जताई है.छत्तीसगढ़ में बनेगा गौवंश अभ्यारण्य मकसद सड़क हादसों में कमी लाना है. इसके साथ ही साथ गायों को भोजन और सुरक्षा मुहैया कराना भी सरकार का मकसद है.

अभ्यारण्य में गायों की न सिर्फ देखभाल की जाएगी बल्कि उनको मेडिकल सुविधा भी दी जाएगी. पूरे छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी सड़कों और कचरे के ढेर के आस पास आपको भटकते मिल जाएंगे. गोवंश अभ्यारण्य बनने के बाद सड़क हादसों में जरुर कमी आएगी.

# धर्मनगरी भाटापारा में संस्कृत प्रेमियों का लगेगा कुंभ

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर में स्थान सरस्वती शिशु मंदिर में दिनांक 2 जून2024 से 10 जून 2024 तक संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिला विकासखंड नगर से संस्कृत प्रेमियों का धर्म नगरी भाटापारा में सरस्वती शिशु मंदिर में जमवाड़ा लगेगा इस शिविर में संस्कृत की बारीकियां को सिखाया जाएगा विशेष बात यह है कि इस संस्कृत संभाषण वर्ग में जो व्यक्ति संस्कृत का कुछ भी नहीं जानता है वह भी यहां उपस्थित हो कर संस्कृत में धारा प्रवाह रूप से बोलने में संभाषण करने में दक्षता प्राप्त कर लेंगे संस्कृत भारती एक अखिल भारत सामाजिक संगठन है जो संस्कृत को जन भाषा बनाने के लिए संगठित है संस्कृतभारती का कार्य संपूर्ण भारत एवं 28 देश में फैला हुआ है प्रति वर्ष संस्कृत संभाषण सीखने के लिए शिविर का आयोजन करती हैसाल भरअनेककार्यों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर संस्कृत केंद्रों के माध्यम से संस्कृत सिखाती है। संस्कृतभाषा भारत की आत्मा की भाषा है तमाम दर्शन वेद वेदांग यहां तक के भारत के प्राचीन शिक्षा पद्धति इसी संस्कृत भाषा से ही लिपिबद्ध है।

संस्कृत में नाट्यशास्त्र वैद्य शास्त्र समाजशास्त्र एवं शास्त्रनक्षत्र विज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान का रहस्य छुपा हुआ है इसरो ने भी इस बात को स्वीकार किया है और वहां के अध्यक्ष कहते हैं की हमने सारी तकनीकी संस्कृत में छुपे हुए विज्ञान से निकले हैं। भाटापारा में लगने वाले यह प्रशिक्षण वर्गप्रदेश व्यापी होगा यहां प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने स्थान पर संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण देंगे। आयोजन के लिए भाटापारा नगर के तमाम कार्यकर्ता शुभचिंतक सहयोग करने में एवं आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है व्यवस्था बनाने में संस्कृत भारती के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर गोपेशकुमार तिवारी कोषप्रमुख संजय सोनी डॉक्टर नगीता सोनी जनपद मंत्री साधनादेवी जिला अध्यक्ष हरेराम साहू विद्यालयप्रमुख गंगाराम बालकेंद्र प्रमुख राजकुमारी शिक्षण प्रमुख दुर्गेश कुमार तिवारी गीतांशु प्रसन्न देवेंद्र जायसवाल आदि कार्यकर्तालगे हुए हैं। प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर दादूभाई त्रिपाठी डॉक्टर दिव्या देशपांडे चंद्रभूषण शुक्ला लक्ष्मीकांत पंडा डॉ राजकुमार तिवारी दामोदर प्रसाद सोनी मनीराम कौशिक राकेश तिवारी जिलाशिक्षण प्रमुख रामेश्वरी साहू इत्यादि संस्कृत के विद्वानों के द्वारा प्रतिदिन संस्कृत बोलने के लिए सिखाया जाएगा।

# रेणुका सिंह की पहल पर दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने प्रक्रिया प्रारंभ

**भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के 6 स्थानो पर होंगे मोबाइल टावर स्थापित**

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



नेटवर्क विहीन गांवों को डिजिटल इंडिया से जोड़ने की शुरुआत भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्ज गांवों से हुई है। विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र की जनता से विधायक रेणुका सिंह ने जो वादा किया था वह अब धीरे धीरे पूरा हो रहा है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह की पहल पर क्षेत्र के दूरस्थ इलाकों मे दूरसंचार की सुविधा हेतु मोबाइल टावर लगाने स्वीकृति मिल गई है। छत्तीसगढ़ सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के मट्ठा, नेऊर, दहियाडांड़, दर्रीटोला, गधौरा और आमादमक मे मोबाइल टावर स्थापना हेतु कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में संचार सुविधा न होने के कारण स्थानीय नागरिकों को कई शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

गत विधानसभा चुनाव में मोबाइल नेटवर्क एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना था तब ग्रामीणों ने क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क के लिए मोबाइल टावर लगाने की मांग की थी। अब विधायक रेणुका सिंह की पहल पर भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा मोबाइल टावरों के स्थापना हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मोबाइल टावर स्थापना हेतु कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर द्वारा विकासखंड भरतपुर के मट्ठा, नेउर, गधौरा व विकास खंड मनेन्द्रगढ़ के दहियाडांड़, दर्रीटोला, आमादमक में भूमि आबंटित कर दी गई है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में मोबाइल टावर के स्थापना से नेटवर्क की समस्या से निजात मिल सकेगा।इसके साथ ही सरकारी दफ्तरों मे आनलाइन इंट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते थे उसमें भी अब आसानी होगी।

### जल्द ही रामगढ़ क्षेत्रों में भी लगेंगे टॉवर

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि सोनहत विकासखण्ड के रामगढ़ इलाके के एक दर्जन से ज्यादा गांव अब भी मोबाइल नेटवर्क विहीन है इन गांवों में भी जल्द ही मोबाइल टॉवर लगाया जाएगा। रेणुका सिंह ने बताया कि बीते दिनों उन्होंने रामगढ़ इलाके के कई गांवों में जनसंपर्क किया जहा सबसे बड़ी समस्या मोबाइल नेटवर्क न होने की आई। क्षेत्र के परिजनों द्वारा बताया गया कि मोबाइल नेटवर्क न होने से उन्हें राशन से लेकर कई सरकारी दस्तावेजों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। रेणुका सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मेरे द्वारा सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से पत्राचार कर जल्द ही क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाया जाएगा।




-:NAME CHANGE:-
It Is Informed To The General Public That I, Santosh Kumar Banjare S/o Sadhe Lal Banjare Resident Of Village Chorbhatti District- Raipur, Pin- 493225 (C.G.) Has Changed My Old Name Santosh Kumar Banjare S/o Sadhe Lal Banjare So In Future I Should Be Recognized By My New Name That Is Santosh Kumar S/o Sadhe Lal Banjare In All Government And Other Documents. Santosh Kumar S/o Sadhe Lal Banjarevillage Chorbhatti District- Raipur, Pin-493225 (C.G.)

# गरीबों को स्वरोजगार से जोड़ने ग्राम पंचायत द्वारा कांप्लेक्स बनाकर दुकानें आबंटित की गई

पायनियर संवाददाता ⮜ भंवरपुर
www.dailypioneer.com




भंवरपुर के गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कांप्लेक्स बनाकर दुकानें आबंटित की गई अब उन दुकानदारों को बेदखली का नोटिस मिलने से रोजगार छिन जाने का डर सताने लगा है। प्राप्त जानकारी अनुसार भंवरपुर- सागरपाली सड़क किनारे शासकीय राशि से तैयार किया गया व्यवसायिक परिसर को प्रशासन द्वारा यदि तोड़ा जाता है तो इससे कई लोगों की रोजी-रोटी छिन जाएगी और कई परिवार सड़क पर आ जाएंगे क्योंकि यही कांप्लेक्स कई परिवारों का भरण-पोषण का एकमात्र जरिया है। अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार प्रशासनिक कार्रवाई से इन दिनों भंवरपुर वासियों को बुलडोजर का खौफ सता रहा है। पिछले दिनों ही रानी तालाब किनारे सब्जी ठेला एवं अटल चौक के आसपास अतिक्रमण के नाम पर पान ठेला होटलों को बुलडोजर से तोड़ते देख चुके हैं। जिसके बाद सागरपाली सड़क किनारे के बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई हुई है। पहले इसी सड़क किनारे लोग बेतरतीब ठेला खोमचा लगाकर अपनी रोजी-रोटी की व्यवस्था करते थे। ज्ञात हो कि डॉ रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के समय अटल व्यावसायिक परिसर के नाम पर यह व्यवसायिक परिसर बनाई गई थी जिसमें 14 दुकानें निर्मित है एवं ग्राम पंचायत की ओर से एक कांप्लेक्स तैयार किया गया ।जिसमें 40-45 दुकान निर्मित है। सड़क किनारे इतनी जगह नहीं कि उस पर कांपलेक्स तैयार किया जा सके। ग्राम पंचायत ने तालाब को बिना पाटे उसके ऊपर कालम खड़ा कर व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना बनाई इस कांप्लेक्स निर्माण से तालाब भी बचा रहा और दुकान भी निर्मित हो गया। निर्मित दुकानों को आवंटित कर दुकान संचालित होने लगी। अब 10-12 सालों बाद अचानक प्रशासन द्वारा भंवरपुर, बसना सहित अनेक स्थानों में शासकीय भूमि को जिस तरह से अतिक्रमण मुक्त करने बुलडोजर चल रहे हैं इससे इन कांपलेक्स को तोड़नें कार्रवाई की चर्चा का बाजार भी गर्म है। जो कि यहां पर छोटे बड़े दुकानों का संचालन कर जीवन यापन करने वाले व्यवसायियों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश पनपना स्वाभाविक है। जिनकी रोजी-रोटी छीन रहा है और जमे जमाये व्यवसाय तबाह होगी तो तकलीफहोना स्वाभाविक है।

# भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया याद

पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com




विधायक कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता विश्वनाथ नायक ने कहा कि पंडित नेहरू जी ने देश हित में जो कार्य किया है वो अतुलनीय है उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता केशव चौधरी और आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहनलाल भोई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता पिंगल गार्डिया( वरिष्ठ ),भोजराम साहू, दीपांजली बारीक,हेमा श्रीवास, वाल्मीकि मेहेर, जयंत यादव,विभीषण चौहान, दुष्यंत कुमार साहू,लक्ष्मीनारायण चौहान,हेमसागर रौतिया, कमल किशोर चौहान,सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र साहू और आभार प्रदर्शन जनपद सदस्य प्रतिनिधि क्षमानिधि साहू ने किया।

# विधायक संदीप साहू पहुंचे बलोदी और जारा डायरिया पीड़ित परिवारों से मिलकर जाना हालचाल

पायनियर संवाददाता ⮜ लवन
www.dailypioneer.com



ब्लाक में दो लोगो की डायरिया से मौत और दर्जनों लोगों के पीड़ित होने के बाद कसडोल विधायक संदीप साहू गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर हाल चाल जाने । उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा की सबसे पहले अपना स्वास्थ का ध्यान रखें और गर्म और ताजा भोजन करने एवम धूप से बचने के लिए कहा। ज्ञात हो की विधायक संदीप बच्चे के मौत के बाद तत्काल अस्पताल में भर्ती बलोदी से मिलने रात में ही अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों को इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे ।जिसके बाद बलोदी में घर घर जाकर मरीजों का उपचार किया और कैंप लगाकर निगरानी रखी।वही डायरिया के मरीजों के इलाज को लेकर अधिकारियों से संपर्क में लगातार बने रहे ।जिसके कारण बलोदी में डायरिया एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में नही फैला और वही कंट्रोल हो गया । विधायक सबसे पहले जारा गांव पहुंचे जहां पीड़ित परिवार के लोगो से पूछताछ कर स्थिति जाना जहा लोगो ने बताया की यहां पर एक दो घर में ज्यादा पीड़ित है जिससे चार लोग पलारी अस्पताल में भर्ती है तो 12 लोगो को सामान्य रूप से ग्रसित है जो दवाई खाकर ठीक हो सकते है ।जिस पर विधायक ने सीएमएचओ डॉ एम पी महेश्वर को फोन कर जारा अस्पताल में समुचित व्यवस्था करने को कहा और पलारी में स्टाप को विषम परिस्थितियों से निपटने तैयार रहने का निर्देश दिया साथ ही साथ स्वास्थ विभाग को जागरूकता अभियान चलाने को कहा जिसके लिए मितानिनी बहनों और स्वास्थ विभाग की सयुक्त टीम पीड़ित गांव में घर घर जाकर लोगो को जागरूक करने को कहा है। वही श्री साहू ने कहा की अब किसी व्यक्ति की उपचार के आभाव में मौत नही होना चाहिए अगर लोग बीमार पड़ रहे तो मोहल्ले की मितानिन उन्हे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे ताकि समय पर उपचार हो सके।

# अघरिया समाज के केंद्रीय प्रतिनिधि महेश पटेल के निधन पर सामाजिक जनों ने रखी श्रद्धांजलि सभा

पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com



28 मई को फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अघरिया समाज के केंद्रीय प्रतिनिधि महेश राम पटेल के अकस्मात निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था,जिसमें सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष, समाज के गणमान्य नागरिक व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे, श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय प्रतिनिधि व शिक्षक महेशराम पटेल के मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई और उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके साथ बिताए पल को भावुक होकर बताएं, और रो पड़े। बता दें विगत 26 मई को बोंदा निवासी कांग्रेस नेता बिहारी लाल पटेल के पुत्र व अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय प्रतिनिधि महेश राम पटेल जो शिक्षक के रूप में मिडिल स्कूल अमरकोट में पदस्थ थे,वे अपने परिवार सहित ग्रीष्म अवकाश में तीर्थ यात्रा गए थे और हरिद्वार से वापस परिवार सहित लौट रहे थे वापसी के दौरान वे शहडोल रेलवे स्टेशन पर किसी कार्य से ट्रेन से उतरे थे इसी बीच ट्रेन चलने लगी जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किये और पैर फिसल गया और ट्रेन के चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके निधन पर क्षेत्रीय अघरिया समाज सरायपाली के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया था,इस दौरान अघरिया समाज के संरक्षक पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल ने शोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनके परिवार से उनका पुराना नाता है, दिवंगत महेश हर रोज उन्हें सुबह फोन लगाकर हाल-चाल जानते थे, वे उनके साथ बिताए पल को बताते हुए फफक-फफक कर रो पड़े, क्षेत्रीय अध्यक्ष सरायपाली नेहरू लाल पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महेश पटेल एक मिलनसार व्यक्ति थे,समाज सेवा के प्रति उनके मन में इतना जिज्ञासा था कि वे अपने पिताजी को समाज सेवा में जाने के लिए अनुमति लेने कई लोगों से अप्रोच लगा दिए थे, जब उनके पिताजी ने समाज सेवा के लिए चुनाव लड़ने सहमति जाहिर की तो महेश पटेल की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, सेवानिवृत होने एक वर्ष शेष था वह हर रोज फोन लगाकर समाज सेवा संबंधित उनसे चर्चा करते थे और कहते थे कि सेवानिवृत्ति के पश्चात पूरा जीवन समाज की सेवा में समर्पित करेंगे।

# भाटापारा मंडी में बनी है बंपर आवक, 65 अतिरिक्त मजदूरों की गई है व्यवस्था



पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में वर्तमान में ग्रीष्मकालिन फसल धान की आवक भाटापारा मण्डी क्षेत्रांतर्गत के अलावा अन्य जिलो से हो रही है। वर्तमान में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में विपणन कार्य व्यवस्था हेतु श्रमिको में तौलैया 50,हमाल 142 रेजा हमाल 156 कांटा हमाल 180 अनलोडिंग हमाल 200 अर्थात् कुल 728 श्रमिक मण्डी प्रांगण में कृषि उपजो के तौलाई भराई लोडिग का कार्य कर रहे है।इसके साथ ही मण्डी प्रांगण में बंपर आवक को देखते हुये मण्डी प्रशासन को कलेक्टर के एल चौहान द्वारा अतिरिक्त मजदूर लगाने के निर्देश दिए गए है। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा अतिरिक्त लोडिंग चिल्हर 15 हमाल एवं 50 अनलोडिंग मजदूरों की व्यवस्था की गई है। मंडी प्रशासन द्वारा रेजा संघ को रेजाओ की संख्या में वृद्धि करने एवं क्रेता फर्मो को निर्देशित कर,मण्डी प्रांगण की कार्यव्यवस्था को सुगम रूप से संचालित करने हेतु कांटा हमाल एवं अन्य लोडिंग हमाल की संख्या में अतिरिक्त वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया गया है। जिससे की मण्डी प्रांगण का कार्य त्वारित रूप से समय पर संपादित हो सकें तदानुसार क्रेता फर्मो द्वारा अतिरिक्त हमाल की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में आवक के मददेनजर क्रेता फर्मो के द्वारा भी मंडी प्रशासन को समय समय पर अतिरिक्त श्रमिको की व्यवस्था करने में सहमति प्रदान की गई है।

# बिजली दरों में 20 प्रतिशत वृद्धि कर जनता की जेब काटने की तैयारी : चंद्राकर

## साय सरकार की वित्तीय कुप्रबंधन से कर्ज तले दब रहा प्रदेश

पायनियर संवाददाता ⮜ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा जून 2024 से बिजली दरों में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेजे गए प्रस्ताव को पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनता की जेब पर डाका बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अब जनता की जेब काटने का फैसला बिजली दर बढ़ाकर कर लिया है। भाजपा के महज 5 महीने के राज में प्रदेश जिस तरह कर्ज में डूब रहा है, वित्तीय हालात खराब हैं, इस स्थिति में जनता की जेब ही हर बार काटी जाएगी। साय सरकार की वित्तीय अनुशासनहीनता से प्रदेश पर लगातार कर्ज का जो बोझ बढ़ रहा है। जिसकी भरपाई जनता की जेब में डाका डालकर करने की तैयारी हो रही है। चंद्राकर ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव की जनसुनवाई बंद कमरे में करने के बजाए राज्य के सभी जिलों में करनी चाहिए। जिससे आम उपभोक्ता भी जनसुनवाई में शामिल होकर सूझाव दे सकें। प्रदेश में 65 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं हैं, लेकिन जनसुनवाई में 65 उपभोक्ता भी शामिल नहीं हुए। गुपचुप तरीके से जनसुनवाई कर प्रदेश सरकार के इशारे पर राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है। इस प्रस्ताव से बिजली उपभोक्ताओं पर साढ़े 4 हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त भार बढ़ेगा। बिजली दर में इजाफा कर जनता पर साढ़े 4 हजार करोड़ बोझ डाला गया है, राज्य के बिजली कंपनी के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार की भरपाई अब छत्तीसगढ़ वासियों के जेब से करना राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों का प्रतीक है। चंद्राकर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में विद्युत दरों में 20 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता बताई गई है। दर बढ़ाने के पीछे कंपनी को लाइन लॉस के चलते प्रतिवर्ष 3 हजार करोड़ का नुकसान होना बताया गया है।

# कांग्रेस के मेनिफेस्टों के सामने भाजपा के सारे दावे फीके : विनोद चंद्राकर

## 4 जून को जुमला साबित होगा भाजपा के 400 पार का नारा

पायनियर संवाददाता ⮜ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा 4 जून को जुमला साबित होने वाला है। भाजपा 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इस बार बीजेपी के नारे को जुमला साबित करने की बारी जनता की है और जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। चुनाव घोषित होने से पहले ओवर कॉन्फिडेंस में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन, चुनाव में जनता का रुख देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास भी डोलने लगा और वे भी इस नारे को बोलना छोड़ गए है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के तमाम बड़े नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के धुआंधार प्रचार से परेशान हो गए हैं, सवालों के जवाब दे नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के मेनिफेस्टो के सामने भाजपा के दावे फिके पड़ने लगे हैं। राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4 हजार किमी पैदल यात्रा कर जनता के सुझावों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र तैयार किया। चंद्राकर ने कहा कि 100 दिन में काला धन लाकर सबको 15-15 लाख बांटने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में 15 रूपए तक जनता के खाते में नहीं डाले। हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा था, जो केवल जुमला साबित हुआ। पिछले 4 साल से पेट्रोल 100 पार है, डीजल 80रु से अधिक है। रसोई गैस के दाम 2014 से पहले 400 के आसपास था जो आज 1100 रूपए है। इन सवालों पर मोदी व भाजपा के नेता भागते हैं। चंद्राकर ने कहा कि महिला सुरक्षा के नाम पर ढोंग रचने वाले जुमलेबाजों ने महिला अपराधों से जुड़े लोगों को ही प्रत्याशी बनाया है। महिला पहलवानों के साथ दुव्यर्वहार व यौन शोषण के आरोपी कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बेटे तथा हजारों महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना जैसे अपराधियों को भाजपा टिकट देती है, और प्रधानमंत्री भरे सभा में इनके पक्ष में प्रचार करते हैं।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता अभियान चलाने हेतु हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ⮜ लवन
www.dailypioneer.com



स्वच्छता भारत मिशन (ग्रामीण)योजना अंतर्गत महावारी स्वच्छता दिवसका आयोजन जनपद पंचायत बलौदा बाजार के मरदा कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सरखोर (अटल भवन) में आयोजित किया गया, जिसमें महावारी स्वच्छता से संबंधित जानकारी जनपद पंचायत से आए हुए अधिकारी अश्वनी थवाईत व स्वास्थ अधिकारी सरखोर से निखिल सोनवानी द्वारा विस्तृत जानकारी दिया गया, साथ साथ किशोरी बालिका व महिलाओं को सनेट्री पेड का भी वितरण किया गया, उक्त कार्यक्रम को संचालित मरदा कलस्टर के (पी आर पी) नागेश्वरी चतुर्वेदी द्वारा किया गया, जिसके सहयोग में ग्राम पंचायत सरखोर के सरपंच प्रतिनिधि गीताराम कुर्रे , व कैडर में सत्यवती साहू, यशोदा साहू, कौशीलिया सोनवानी, लोकेश्वरी बंजारे, कीर्तन कोशले, मंजू बघेल, आशा कोषले, सुशीला कोशाले अवंम समस्त मरदा कलस्टर के पदाधिकारी, सदस्यों का विशेष योगदान रहा, तथा ग्राम पंचायत सरखोर के सरपंच प्रतिनिधि को स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पूर्व में पहले भी स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम, जागरूकता रैली, का कार्यक्रम मरदा कलस्टर के पी आर पी नागेश्वरी चतुर्वेदी व उनके टीम द्वारा संचालित किया जाता रहा है, जो की लोगों में जागरूकता पैदा होता रहता है जो की बहुत ही सराहनीय प्रयास रहा है, जो की ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि होने के नाते मैं नागेश्वरी चतुर्वेदी व उनके टीम को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

# अवैध संबंध के कारण प्रेमी, प्रेमिका मिलकर अपने पति की हत्या कर घटना को दिया अंजाम

## बिरकोनी के युपेश चन्द्राकर का अंधे कत्ल का खुलासा

पायनियर संवाददाता ⮜ महासमुंद
www.dailypioneer.com





घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि14.12.2023 को देविका चन्द्राकर सुभाष नगर महासमुन्द ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08.12.2023 को मेरे पति युपेश चन्द्राकर उम्र 42 वर्ष बिरकोनी हॉल सुभाष नगर महासमुन्द घर से किसी को बताये बिना कही चले गये है जिस पर थाना महासमुन्द द्वारा गुम ईसांन क्रमांक 144/23 पंजीबध्द कर जॉच में लिया गया। पुलिस की टीम के द्वारा उक्त सूचना को गंभीरता से लते हुये गुम इंसान युपेश चन्द्राकर कि पतासाजी की जा रही थी तथा अलग-अलग टीम गठित कर छोटी से छोटी जानकारी एवं परिवार संबंधि, भूमि बटवारा संबंधि एवं गुम इंसान के निजी जीवन के संबंध में जानकारी एकत्र किया जा रहा था। विवेचना के दौरान पता चला कि गुम इंसान युपेश चन्द्राकर की पत्नि देविका चन्द्राकर का मुकुन्द त्रिपाठी के अवैध संबंध को लेकर अक्सर वाद विवाद होता रहता था। जिसके आधार पर पुलिस की टीम द्वारा संदेही मुकुन्द त्रिपाठी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करना प्रारंभ किया गया। जिस पर संदेही द्वारा पुलिस को मनगणत बाते कहकर बरगलाकर गोल मोल जवाब देना लगा। जिसे कड़ाई एवं बारिकी से पूछताछ करने पर पुलिस पूछताछ पर अततः टूट कर अपने अपराध को नही छीपा नही सका और अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के द्वारा बताया कि मै युपेश चन्द्राकर के घर के बगल में किराये मे रहता था और देविका का चन्द्राकर से मेरा अवैध संबंध था इस दौरान देविका के पति के गैर मौजुदगी में हम लोग अक्सर एक दुसरे से मिलते थे। मेरे घर में कई बार हमारा प्रेम संबध बना है तथा मोबाईल से बात चीत भी करते थे। मोबाईल फोन में बातचीत करते हुए देविका चंद्राकर मुझे बोलती थी कि मैं अपने पति से बहुत परेशान हो गई हूं, उसे रास्ते से हटाना है। तब हम लोग युपेश को कैसे हटाना है, योजना बनाने लगे। एक दिन देविका का पति देविका को मेरे कमरे से निकलते हुए देख लिया था। उसी दिन से वह हमारे उपर शक करने लगा था। उसका हमारे संबध के बारे में पता चल गई थी। 08 दिसंबर 2023 को दोपहर करीबन 01:00 बजे के आसपास मेरा दरवाजा खटखटाए तो मैं निकला तो देविका और उसकी मां खडे हुए थे। मुझे देविका बताई कि युपेश काफी गाली गुप्तार कर रहा है और मेरे को तुम्हारे साथ अवैध संबंध बनाते देखा हुं बोलकर काफी झगड़ा कर रहा है युपेश के द्वारा देविका के मारने के लिए डंडा उठा लिया तो डंडा देविका ने डण्डा को छिनकर अपने हाथ में लेकर उसके सिर में मार दिया। इसके बाद मुझे भी गुस्सा आया तो मैने भी उसको जोर से धकेल दिया तो युपेश सिर के बल नीचे गिर गया। इसके बाद उसकी सांसे नही चल रही थी। तब हम तीनों मिलकर उसे देविका के पलंग में लिटा दिए। उसके बाद मैं अपने कमरे में वापस आ गया। देविका अपनी लड़की मेधा चंद्राकर को लेने के लिए चंद्रोदय स्कूल चली गई। मै देविका कमरे के अंदर जाकर युपेश को खिंचकर बगल में स्थित अपने कमरे मे लेकर आ गया। उसके बाद शाम करीबन 05.00 बजें के आसपास मैं देविका के द्वारा दिए गए मोबाईल से देविका को फोन कर बोला कि काम हो गया है, तुम लोग वापस घर आ जाओ। जिसके कुछ देर के बाद वो लोग वापस आ गए। मैं पारख प्लास्टिक से नायलोन की एक बण्डल रस्सी व प्लास्टिक झिल्ली खरीदकर लाकर अपने कमरे में रखा था। तब हम तीनों मिलकर उसके मुंह को एक सफेद कपडे से बांध दिए। उखरू बैठाकर रस्सी से कसकर चारों तरफ से उसको अच्छे से बांध कर युपेश की लाश को बोरी में भरकर अपने कमरे में रखे एक पुराना टीना नुमा पेटी में जिसमें युपेश की लाश को भरकर अपने घर में रख दिया था। दिनांक 10 दिसंबर 2023 दोपहर करीबन दो ढ़ाई बजे मैं एक रिक्शा वाले को लाकर पेटी को अपने कमरे से खिंचते हुए निकाल। इसके बाद मैं पेटी बक्से को रिक्शा में डालकर सीधे लोहानी बिल्डिंग अपने किराए के आफिस में ले जाकर रख दिया। लोहानी बिल्डिंग के कमरे में पेटी बक्शा को रखकर कमरे का ताला लगाकर आसपास वापस अपने कमरा आ गया। वापस निकलने से पहले लोहानी बिल्डिंग में बगल में कुछ काम चल रहा था, जहां पर रापा, गैंती, सब्बल, टंगिया व धमेला रखा था। जिनसे लेकर कमरे में रख दिया था। रात में वेदिका अपनी बच्ची को सुलाकर वेदिका के साथ मिलकर लोहानी बिल्डिंग ऑफिस के अंदर का तीसरे कमरे को करीबन 05 फीट का गढढा किया। रात में गडढा खुदाई करने के बाद हम दोनो कमरे का ताला लगा कर रात में हम दोनों वापस अपने घर आ गए। फिर मैं दूसरे दिन दिनांक 11.12.2023 को देविका के साथ जाकर दुकान से नमक का बोरी खरीदा और लोहानी बिल्डिंग जाकर सारा नमक को निकाल कर गडढ़ा में डालकर शव को पेटी से निकालकर साथ डाल दिया। फिर गडढे को मैं देविका के साथ पाटकर वापस आ गए। घटना में और भी विवेचना की जा रही है। आरोपीगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रापा, गैंती, सब्बल व धमेला जप्त कर आरोपी (01) मुकुन्द त्रिपाठी पिता स्व. भुवनेश्वर प्रसाद त्रिपाठी उम्र 45 वर्ष सा. नया रावण भाठा, महासमुन्द(02) देविका चन्द्रकार पति युपेश चन्द्राकर उम्र 40 वर्ष सा. बिरकोनी, महासमुन्द हाल सुभाष नगर महासमुन्द के विरूध्द अपराध धारा 302, 201, 34 भादवि के तहत् थाना सिटी कोतवाली महासमुन्द मे कार्यवाही की गई।

# शहर में यातायात व्यवस्था का बुरा हाल, जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासन बना मूकदर्शक तेज रफ्तार के कारण नगर की जनता सहमी

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर के चांदनी चौक की स्थिति काफी चिंताजनक है। चौक पर सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से चारों दिशाओं से जिस रफ्तार से वाहनों का आवागमन हो रहा है उससे कभी भी बड़ी अनहोनी कि घटनाएं भी हो सकती हैं। शहर के इस व्यस्ततम और प्रमुख चौराहे पर यातायात पुलिस भी व्यवस्थित यातायात उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हो रही है। गौरतलब है कि शहर के नागरिक मुसीबत में हैं। नगर में तेज रफ्तार दोपहिया वाहनों से आने-जाने की कल्पना कर लोग सहम उठते हैं। शहर में दिन भर मनचले युवक तीन से पांच की संख्या में सवार हो कर तीव्र गति से थाना रोड, स्कुल रॉड,कालेज रोड में जमकर फर्राटे भरते रहते है, इस बात की खबर स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित नगर के निर्वाचित एवं मनोनीत जनप्रतिनिधियों को होने के वावजूद भी मौन रहकर तमासवींन बनें हुवे हैं। क्या नगर की जनता इसी लिए अपना प्रतिनिधि चुनी थी कि मनचलों और बदमासो का नगर बनकर रह जाय और आम जनता को सड़क पर चलने के लिए सोचना पड़े। नगर हो या शहर उसे व्यवस्थित करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम मानी जाती है, प्रशासन को क्या हैं जनप्रतिनिधि जैसा चहाती है वैसे प्रशासन आम जनता के लिए प्रस्तुत रहती हैं। नगर के अधिकांश चौकों चौराहों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो कर रह गई है। दुकानदारों के द्वारा अपने दुकान के सामने बूरी तरह से सामान को फैला कर रख दिया जाता है जिसके कारण भी आय दिन नगर की यातायात व्यवस्था चरमराई गई है जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है नगर की जनता नगर की सड़कों पर किसी तरह घिसट-घिसट कर चलने को मजबूर हो रही हैं। साथ ही बड़े पैमाने पर नगर के चौक-चौराह की चारों ओर की सड़कों पर बस, ट्रक के अलावे छोटे चार पहिया वाहनों की भरमार रहती है। इसके बावजूद चारों दिशाओं से भारी वाहन व चारपहिया वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। वही चौकों पर यातायत व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई हैं।

चारों ओर से वाहनों का जिस तरह आना-जाना चौक पर लगा रहता है उससे दुर्घटनाओं की आशंका भी हमेशा बनी रहती है। इस चौराहे पर पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। चौक पर सुरक्षात्मक की दृष्टिकोण से कोई उपाए न होने से हर पल खतरा बना रहता है। नगर के वीआईपी रोड कहे जाने वाले रेस्ट हाउस रोड का बुरा हाल है वही स्टेट बैंक,आढ़त रोड का सबसे बुरा हाल है। उक्त रोडों में कई ट्रांसपोर्टरों कम्पनियों के गाड़ियों के द्वारा बीच रोड में खड़ा कर माल लोड एवम अनलोड किया जाता हैं। जिसके चलते घन्टो जाम की स्थिति बनी रहती हैं।

# सिटी कोतवाली एवं मगरलोड पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा अवैध कारोबारियों पर लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना सिटी कोतवाली एवं थाना मगरलोड द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही की गई। बस स्टैण्ड प्रवेश द्वार के पास धमतरी में आरोपी मानिकलाल डहरिया पिता स्व साजन दास उम्र 41वर्ष साकीन जालमपुर वार्ड धमतरी द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु अपने मोटरसाइकिल में परिवहन करते मिला जिसके कब्जे से एक काले रंग के पिट्ठू बैग में 25 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 04 पौवा मसाला शराब कुल 5.22 लीटर कीमती 2,690. रूपये 01 प्रयुक्त काले रंग की हिरो होंडा मो.सा. क्र सीजी 04 सीसी .8723 कीमती 8,000 रू जुमला कीमती 10,690 रू को जब्त कर थाना सिटी कोतवाली धमतरी के अप.क्र. 217/24 आबकारी एक्ट 34(2) के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।इसी तरह थाना मगरलोड द्वारा की गई कार्यवाही में ग्राम मड़ेली में अवैध कच्ची महुआ शराब बिकी की मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही कर आरोपी रामलाल कमार पिता स्व. सुखरू कमार उम्र 35 वर्ष ग्राम मड़ेली थाना मगरलोड के कब्जे से दो सफेद प्लास्टिक जरीकेन में कुल 17 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3400 रुपये एंव बिक्री रकम 500. रूपये कुल जुमला 3900 रूपये जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में कोतवाली से प्रआर दिपेश देहारी, आर डायमंड यादव, सायबर टीम से प्रआर,देवेंद्र राजपूत, लोकेश नेताम आर युवराज ठाकुर, कृष्णा पाटिल, फनेश साहू एवं थाना मगरलोड से थाना प्रभारी निरी राजेश जगत, सउनि अजय बनारसी, प्रधान आरक्षक जैतराम जोगी, आरक्षक विमल पटेल, त्रिवेणी ध्रुव सैनिक महेश सिन्हा, धरम निषाद का विशेष योगदान रहा।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया समर कैम्प का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में स्कूली बच्चों को शैक्षणिक के साथ ही रचनात्मक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी जगदल्ले ने प्राथमिक शाला आमदी में चल रहे समर कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की विभिन्न कलाओं और गतिविधियों को ध्यान से देखा और बच्चों से चर्चा की तथा उनके हुनर को सराहा। गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के समय बच्चे मिट्टी की कलाकृतियां तैयार कर रहे थे। इनमें वासुदेव कुम्हार द्वारा नांदिया बैला, गणेश , पोला, चूहा,मटका, कढाही, चम्मच, शिव लिंग बनाया गया। इसके अलावा अन्य बच्चों द्वारा पुरानी वस्तुओं से सजावट के समानए पेपर फूल बनाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को मिठाई वितरित कर उनके हुनर को सराहा गया।

# सपिया रोड नहर किनारे जुआ खेल रहे 10 जुआरी पकड़ाये

## आरोपियों से खरसिया पुलिस ने 13,550 रूपये किये जप्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ
www.dailypioneer.com



गस्त दौरान चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में चौकी खरसिया की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर सपिया रोड नहर किनारे जुआ खेल रहे जुआ के दो फड पर 10 जुआरियों को पकड़ा गया। एक जुआ फड पर जुआरियान रमेश राठौर पिता नत्थूराम राठौर उम्र 38 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया, अनिल कुमार राठौर पिता धनेश्वर उम्र 31 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया, समीर राठौर पिता मंगल सिंह उम्र 19 वर्ष सा. मटखनवापार पुरानी बस्ती खरसिया, समीर खान पिता सम्मी खान उम्र 20 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया, कमल कुमार राठौर पिता बालमुकुंद उम्र 30 वर्ष सा. पुरानी बस्ती खरसिया तथा दूसरे जुआ फड पर जुआरियान राकेश गबेल पिता सत्यनारायण उम्र 25 वर्ष सा. तुरीभांठा चैकी खरसिया, कृष्णा धीवर पिता बालाराम उम्र 35 वर्ष सा. तुरीभांठा चैकी खरसिया, पप्पु राजपुत पिता सौकी लाल उम्र 30 वर्ष सा. अटल अवास खरसिया चैकी खरसिया, नेपाल कुमार यादव पिता पिताम्बर यादव उम्र 29 वर्ष सा. गीधा थाना खरसिया, सुरेश टंडन पिता सुखचैन उम्र 48 वर्ष सा. फगुरम थाना डभरा, जिला सक्ती को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के फड एवं पास से कुल 13,550 रूपये व दो 52 पत्ती ताश की गड्डी जप्त की गई है। जुआरियों पर चैकी खरसिया (थाना खरसिया) में छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

# उप संचालक कृषि ने किसानों से की पराली नहीं जलाने और पर्यावरण सुरक्षित रखने की अपील

## फसल अवशेष जलाने पर जुर्माना एवं सजा का प्रावधान

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन फसलों की कटाई पूर्णतः की ओर है। धान फसल कटाई के बाद खेत में बचे फसल अवशेष को जलाने की घटनाए होती रहतीं हैं, जिससे वातावरण में जहरीली गैस जैसे-मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साईड, नाइट्राक्साईड के फेलने से प्रदूषण फेलता है, जो मानव के साथ-साथ पशुओं के लिए भी हानिकारक है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीव के नष्ट होने पर उसकी उर्वरता क्षमता कम हो जाती है, साथ ही मित्र जीव जैसे-केंचुएं, मकड़ी इत्यादि नष्ट हो जाते हैं। इसके मद्देनजर उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने किसानों से अपील किया है कि वे पराली नहीं जलाएं एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदाय करें। उप संचालक ने बताया कि फसल अवशेष जलाने का प्रकरण शासन के संज्ञान में आता है तो अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ कृषिभूमि धारक किसानों पर 2500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक कृषि भूमि धारक किसानों पर 5 हजार रूपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15 हजार रूपये जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष को जलाने की बजाय उचित प्रबंधन करने के सुझाव दिए। इसके तहत फसल कटाई के बाद खेत में पड़े फसल अवशेष के साथ ही जुताई कर हल्की सिंचाई पानी का छिडकाव किया जाये, इसके बाद ट्राइकोडर्मा का छिड़काव करने से फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष खाद में परिवर्तित हो जाते हैं।

# मनुवापाली में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने की रेड कार्रवाई



- **अलग-अलग कार्रवाई में 03 आरोपियों से 47 लीटर महुआ शराब जप्त**

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को ग्राम मनुवापाली में कुछ स्थानों पर अवैध रूप से महुआ शराब विक्रय की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर थाने की स्टाफ की अलग-अलग टीमें बनाकर कल शाम मनुवापाली में तीन स्थानों पर शराब रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी-सुरेश सूर्यवंशी, उजली सेठ और शीला सेठ को अवैध बिक्री के लिए शराब रखे पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने आरोपी सुरेश सुर्यवंशी पिता मनहरण सुर्यवंशी उम्र 40 वर्ष साकिन मनुवापाली थाना चक्रधरनगर से 15 लीटर महुआ शराब, उजली सेठ पति गोविंद सेठ उम्र 40 वर्ष साकिन मनुवापाली से 12 लीटर महुआ शराब तथा आरोपिया, शीला सेठ पति शिव सेठ उम्र 37 वर्ष साकिन मनुवापाली जामगांव स्कूल पारा थाना चक्रधरनगर से 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। तीनों कार्रवाई में आरोपियों से कुल 47 लीटर महुआ शराब कीमती 4,700 रूपये की जप्ती की गई है, तीनों पर अलग- अलग धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है।

# सोशल मीडिया दोस्त का घिनौना चेहरा आया सामने, ले लिया लाखों रुपये और फिर जिंदगी बर्बाद करने के नाम पर लूटता रहा आबरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में सोशल मीडिया फेसबुक के जरिये महिला से पहले दोस्ती कर उसका विश्वास जीतते हुए पैसे का लेनदेन करने के बाद महिला का अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर शारारिक शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतरा रोड क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके द्वारा ऑनलाईन कपड़े का व्यापार किया जाता है। वर्ष 2021 में उसका सोशल मीडिया फेसबुक के जरिये भिलाई के स्ट्रीट 09 सेक्टर 02 निवासी ज्ञानेश प्रताप सिंह आ. संजय कुमार सिंह के साथ परिचय हुआ था। जिसके बाद ज्ञानेश प्रताप सिंह ने धीरे धीरे ऑनलाईन व्यापार के नाम पर महिला से मित्रता बढाई और रायगढ़ आना जाना प्रारंभ कर दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि दोनों के बीच मित्रता होने के बाद ज्ञानेश प्रताप सिंह ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। महिला ने बताया की पहले वह उसके झांसे को समझ नही पाई और धीरे धीरे उसके जाल में फसती चली गई। ज्ञानेश प्रताप सिंह के द्वारा ईधर उधर की बात करके उधारी में पैसा देने के लिये दबाव डालने लगा। इस दौरान आरोपी ने महिला से वर्ष 2021 से वर्ष 2024 मे बीच 20 से 22 लाख रुपये छलपूर्वक ले लिया तथा 3 लाख 50 हजार रुपये सीडीएम के माध्यम से भेजा गया है। इसके अलावा शेष राशि नगद एवं कियोस्क शाखा से भेजा गया है। आरोपी के द्वारा महिला का विश्वास जीतने के लिए शुरु शुरु मे कुछ राशि वापस भी किया गया था परंतु महिला को अपने चंगुल मे फंसाने के बाद उसके द्वारा 20 से 22 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। उक्त राशि मे महिला के अनुसार उधार में लेकर आरोपी को दी गई है। इतना ही नही महिला जब ज्ञानेश प्रताप सिंह को रकम देने मे असक्षम हो गई, तब उसके द्वारा महिला का वाहन 13 ĐA 7985 को जबरदस्ती लेकर चला गया है और अपने कब्जे मे रखा है, महिला के अनुसार उसका दो क्रेडिट कार्ड भी ज्ञानेश प्रताप सिंह अपने पास रखा है जिसके सम्पूर्ण राशि का उपयोग उसके द्वारा किया जा चुका है।

**इस तरह महिला पर बनाया दबाव**-पीड़ित महिला ने बताया कि जब भी ज्ञानेश प्रताप सिंह रायगढ आता था वह होटल मे रुकता था, जहां उसने महिला की सहमति के बिना एक-दो बार महिला का अपने साथ फोटो खिंच लिया था। इसके बाद उपरोक्त फोटो को अपने मोबाईल नंबर '' के माध्यम से महिला के मोबाइल में भेजते हुए धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने की बात कही गई और बात नही मानने पर उपरोक्त फोटो को पति को दिखाकर व्यावाहिक जीवन बर्बाद करने को धमकी दी गई।

# बलरामपुर जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने गृह मंत्री को लिखा पत्र


बलरामपुर जिले में अपराधी बेखौफ दे रहे हत्या की वारदातों को अंजाम
सुशासन की सरकार में उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कब होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने बलरामपुर निवासी सुजीत सोनी और किरण निशा के हत्या के मामले में गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के प्रति व्यक्त करते हुए कहा है कि अब तक कोई ठोस कार्यवाही न होने से काफी निराशा हो रही है और आम जनमानस में भय फैल रहा है। जिले में बढ़ते अपराध को देखते हुए अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जरूरत है हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं जिससे समाज में आम आदमी भय और घोर निराशा की ओर बढ़ रहा है लोगों का भरोसा प्रशासन के ऊपर से उठ रहा है,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने पुलिस अधीक्षक और प्रदेश के गृह मंत्री को पत्र लिखकर अति शीघ्र हत्यारो को पकड़े जाने की मांग की है और कहां है कि प्राकृतिक संसाधनों के लूट और जघन्य अपराध के मामले में पुलिस को शीघ्रता-शीघ्र कार्यवाही करते हुए अपराधियों को पकड कर ऐसे मामलों का पर्दाफाश किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसे अपराधों को करने से अपराधी तत्व बाज आएं। आगे उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में बढ़ते अपराधों की श्रृंखला व नक्सलवाद के बेकाबू होने की स्थितियां यह स्पष्ट करती हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सत्ता जब से प्रदेश में आई है अपराध चरम पर हैं और अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं ऐसे में समय रहते यदि अपराध पर काबू नहीं पाया गया तो आम जनजीवन प्रभावित होगा।

**जंगल और जमीन को हरा.भरा रखने निभा रहे जिम्मेदारी, जल जगार उत्सव में पानी को संरक्षित करने की शपथ लेकर संगठित हुए कमार**

# पीपरहीभर्री में 36 कमार परिवार जल संरक्षण हेतु बना रहे तालाब, डबरी और डाईक

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



पानी का संरक्षण करने और उसके दुरूपयोग को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत आयोजित इस अभियान में जिले के विशेष जनजाति कमार आदिवासी परिवार भी पीछे नहीं रहे। पानी के गिरते हुए स्तर से चिंतित होकर कमार आदिवासी भी स्वयं की जमीन में वर्षा जल को संचित करने के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने इसके लिए पीपरहीभर्री में तालाब, डबरी और डाइक निर्माण करने अपना कदम बढा रहे हैं। जिले के वनांचल आदिवासी बाहुल्य नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री के 36 कमार परिवारों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें मिले जमीन पर जल संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में कार्य करने जुट गए है। जिले में कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर चल रहे जल जगार उत्सव से प्रेरित होकर अन्य लोगों के साथ-साथ विशेष जनजाति कमार परिवार भी पानी संरक्षित करने आगे आ रहे है। उन्होंने इस ओर कदम बढाते हुए निजी जमीन पर डबरी, तालाब तथा नाला में डाईक बनाने का काम शुरू कर दिया है। ग्राम पीपरहीभर्री के तीन कमार आदिवासी परिवार जहां मछली पालन के लिए तालाब बनाए हैं,वहीं बारिश के पानी को रोकने के लिए 10 डबरियों का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा गांव के समीप से गुजरने वाले नाला में डाईक संरचना बनाई जा रही है, जिससे पानी का स्तर ऊंचा उठे और जमीन पर नमी बनी रहे। साथ ही आसपास के बोर, नलों में वाटर रिचार्ज होती रहे। गौरतलब है कि नाला में गड्ढानुमा संरचना बनाई जाती है तथा उसमें पानी को रोकने के लिए पॉलीथिन के आकार की संरचना बनाई जाती है, जिसे डाइक कहते हैं। नाला में डाईक बनने से पानी तो भरा रहता है, साथ ही आसपास की जमीन में नमी बनी रहती है। कमार आदिवासी परिवार वनों को हरा-भरा बनाए रखने और वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने तथा आने वाले समय में पानी की कमी से निजात पाने के लिए मुस्तैदी से जल संरक्षण की दिशा में कार्य को कर रहे हैं। बता दें कि ग्राम पीपरहीभर्री में 36 कमार आदिवासी परिवार हैं, जिनमें 113 सदस्य हैं।

# 5 दिनों तक जारी वित्तीय वर्ष का नहीं जमा होगा टैक्स

## सॉफ्टवेयर अपडेशन का चलेगा कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ
www.dailypioneer.com

29 मई से 2 जून तक यानी 5 दिनों तक निगम कार्यालय में जारी वित्तीय वर्ष का किसी भी प्रकार का टैक्स जमा नहीं होगा। 5 दिनों तक सॉफ्टवेयर अपडेशन का कार्य चलेगा। इसमें करदाता बकाया राशि का भुगतान कर सकेंगे।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में निगम कार्यालय में लगातार टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए लगातार कार्य चल रहा है। इसमें क्यूआर कोड, यूपीआई एवं पोस मशीन के माध्यम से संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर एवं यूजर चार्ज टैक्स जमा लिया जा रहा है। इसी तरह सभी वार्डों के लिए ऑफ लाइन मैनुअल तरीके से टैक्स लेने की सुविधा मिल रही है। ऑनलाइन तरीके से टैक्स जमा लेने के लिए सॉफ्टवेयर को और बेहतर तरीके से अपडेशन किया जाएगा। इसके लिए 29 मई से 2 जून तक जारी वित्तीय वर्ष का किसी भी प्रकार का टैक्स जमा नहीं होगा, लेकिन करदाता बकाया राशि जमा कर सकेंगे। 2 जून तक सॉफ्टवेयर अपडेशन होने के बाद पुनः बेहतर तरीके से ऑनलाइन, ऑफ लाइन टैक्स जमा करने की सुविधा शहरवासियों को मिलेगी।

## संपादकीय

### दिल्ली में अग्निकांड प्रशासन जिम्मेदार

**दिल्ली के अग्निकांडों** में 10 लोगों की मौत चुनाव प्रचार में व्यस्त मुख्यमंत्री केजरीवाल के प्रशासन पर सवाल खड़े करती है। यह अत्यधिक भयानक त्रासदी तथा सिविल अधिकारियों का अक्षम्य अपराध है कि दिल्ली में हुए अग्निकांडों में 10 लोगों को अपने जीवन से हाथ धोने पड़े हैं। शनिवार की रात पूर्वी दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगी जिसमें सात बच्चों की मृत्यु हुई। रविवार तड़के इसी जिले में हुई दूसरी दुर्घटना में एक आवासीय इमारत में लगी आग में तीन लोगों को जान से हाथ धोने पड़े। सात मासूम बच्चों की जान लेने वाली अस्पताल की आग हृदयविदारक है। इन त्रासदियों की शिकार राजधानी दु:ख में डूबी है। उसे अपना आत्मावलोकन करना चाहिए। दिल्ली की घटनायें गुजरात में हुए भयानक अग्निकांड के फौरन बाद हुए हैं जिनमें एक 'गेमिंग आर्केड' में 27 बच्चे जिन्दा जल गए थे। यह बात समझ में आती है कि गर्मी में दिल्ली में अग्निकांडों की आशंका बढ़ जाती है। लेकिन आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू होने और जवाबदेही तय होने से पहले दिल्ली सरकार को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और मानव जीवन से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रथमदृष्टया भूतल में आक्सीजन सिलिंडर भंडारण में घोर लापरवाही के कारण शार्ट सर्किट से भयंकर आग फैल गई। लगता है कि 'सुरक्षा प्रोटोकाल' केवल कागजों पर रहते हैं और अधिकारी इनको क्रियान्वित करने की चिन्ता नहीं करते हैं। अक्सर अनिवार्य सुरक्षा उपायों वाले 'अग्नि-प्रोटोकालों' का धड़ल्ले से उल्लंघन होता है तथा 'फायर ड्रिल' कभी नहीं होती हैं। एक अत्यधिक भयानक मामले में पूरा परिवार बिजली



शार्ट सर्किट के कारण लगी आग में मौत का शिकार हो गया। अग्निशामक दस्तों तथा वाहनों को संकरी सड़कों और कुछ क्षेत्रों में पानी की भारी कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद वे जनहानि व संपत्ति का नुकसान नहीं रोक पाते हैं।

इन त्रासद दुर्घटनाओं के बाद जनता बेहतर सुरक्षा मानकों तथा वर्तमान कानूनों के बेहतर क्रियान्वयन की मांग कर रही है। जनता के गम और गुस्से के बीच केजरीवाल की अनुपस्थिति पर भी ध्यान गया है। वर्तमान समय में अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद वे पंजाब में चुनाव अभियान में लगे हैं। ऐसे में जेल से दिल्ली सरकार चलाने का उनका दावा हास्यास्पद लगता है। वर्तमान तकनीक को देखते हुए भले ही यह तकनीकी रूप से संभव हो, पर वे जमीनी यथार्थ से कटे हैं जो तत्काल प्रत्यक्ष प्रशासन की मांग करता है। एक अन्य राज्य में मुख्यमंत्री के चुनाव प्रचार में व्यस्तता से चिन्ता पैदा होती है कि उनकी प्राथमिकता क्या है? क्या वे भौतिक रूप से अपने घर व कार्यालय से दूर रह कर दिल्ली की तात्कालिक आवश्यकतायें पूरी कर सकते हैं? इन दु:खद घटनाओं की जिम्मेदारी बहुआयामी है। एक ओर तात्कालिक कारण व्यवस्था संबंधी मुद्दे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रशासन और नेतृत्व की व्यापक जवाबदेही है। विडंबना है कि चाहे घाटकोपर त्रासदी हो, गेमिंग आर्केड की आग हो या दिल्ली के अग्निकांड, हम ऐसी दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लेते हैं। शुरुआती शोर-शराबे के बाद चीजें फिर पहले जैसी हो जाती हैं। समय आ गया है कि हम कम से कम अस्पतालों और स्कूलों में समुचित फायर आडिट सुनिश्चित करें ताकि बच्चों का जीवन संकट में न पड़े। उम्मीद करनी चाहिए कि 'एक्टिविस्ट मुख्यमंत्री' समुचित कार्रवाई करेंगे और बहुत देर होने से पहले राजधानी में स्थितियां सुधरेंगी।

# टैगोर पर भगवान बुद्ध का प्रभाव

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर अहिंसा तथा सभी जीवों के सम्मान की भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से बहुत प्रभावित थे। ये शांति व सद्भावना की इच्छा रखने वाली दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण हैं।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर अहिंसा तथा सभी जीवों के सम्मान की भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से बहुत प्रभावित थे। यह प्रभाव उनकी अनेक रचनाओं में अभिव्यक्त होता है जिसमें कई नाटक भी शामिल हैं। भगवान बुद्ध की ये शिक्षायें शांति व सद्भावना की इच्छा रखने वाली दुनिया में आज भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। हजारों सालों में हुए अनेक परिवर्तनों तथा विज्ञान एवं तकनीक की प्रगति व खासकर पश्चिमी दुनिया में भौतिकवाद के बढ़ते वर्चस्व के बीच भी समकालीन दुनिया में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की प्रासांगिकता बनी हुई है।

भगवान बुद्ध के अहिंसा व सहानुभूति के सिद्धान्त वर्तमान समय की ऐसी दुनिया में ज्यादा सामंजस्य का मार्ग दिखाते हैं जो अक्सर टकरावों का शिकार बनती है। भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में सभी प्रकार के जीवों के प्रति प्रेम व सहानुभूति तथा संपूर्ण जीवजगत की परस्पर निर्भरता पर जोर दिया गया है। बुद्ध द्वारा प्रतिपादित ये सिद्धान्त वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण हैं। उल्लेखनीय है कि सारी दुनिया के समक्ष मौजूद पर्यावरणीय संकट न केवल मानवजाति, बल्कि संपूर्ण जीवजगत और इस पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व को ही खतरे में डाल रहे हैं। इन मूल्यों को स्वीकार करने से टिकाऊ व्यवहारों तथा प्रकृति के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा मिलता है। भगवान बुद्ध के 'अष्टांग मार्ग' में रेखांकित नैतिक जीवनशैली का महत्व वैयक्तिक, पेशेवर व सामाजिक संदर्भ में प्रासांगिक है जो सहयोग तथा निष्ठा को बढ़ावा देता है।

इस दर्शन का अनुसरण करने वालों में वियतनामी जेन मास्टर थिच न्हाट हान एलियास शामिल हैं। उन्होंने अहिंसा, सहानुभूति तथा विचार का महत्व विश्व शांति के लिए रेखांकित किया है। उनके 'समाहित बौद्धवाद' में दिन प्रतिदिन के जीवन तथा सोशल एक्टिविज्म में सम्यक विचार को समाहित करने की शिक्षा है। इसमें टकरावों के समाधान तथा पर्यावरण की देखभाल को समुचित महत्व दिया गया है। उनकी शिक्षाओं में गहन रूप से सुनने तथा प्रिय भाषण शामिल हैं जो विभाजनों को पाटने तथा समुदायों को शांति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने अंतरधार्मिक संवाद, सहानुभूति एवं नैतिक दायित्व पर जोर दिया है जिससे मानवाधिकारों तथा टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक आंदोलनों को प्रेरणा मिली है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बौद्ध धर्म से प्रेरणा प्राप्त की थी जो उनकी रचनाओं में स्पष्ट दिखती है। विश्व मानववाद का उनका दृष्टिकोण बुद्ध की सहानुभूति तथा प्रेम व दया की शिक्षाओं से जुड़ा है। टैगोर की रचनाओं का संबंध आमतौर से आंतरिक शांति व आत्म-स्वीकृति से है जो बौद्ध धर्म की अवधारणाओं पर आधारित है। शिक्षा के प्रति उनके समग्र दृष्टिकोण में भी व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास पर जोर दिया गया है जो बौद्ध धर्म में 'विवेक के विकास' पर केन्द्रित है। बुद्ध की शिक्षाओं में समावेशन, सहानुभूति तथा प्रत्येक को जागरूक करने की अंतर्निहित क्षमताओं पर जोर दिया गया है, भले ही किसी का सामाजिक स्तर चाहे जो हो। उन्होंने जाति व्यवस्था को अस्वीकार करते हुए जन्मजात अधिकार पर नैतिक व्यवहार को वरीयता दी थी। ब्रिटिश इतिहासकार और लेखक करेन आर्मस्ट्रांग के अनुसार, बुद्ध ने जाति व्यवस्था को स्वीकृति न देकर अपने समय के धार्मिक व सामाजिक मानकों को चुनौती दी। बौद्ध भिक्षुओं के समुदाय में भी 'संघ' में सभी पृष्ठभूमियों के लोगों का स्वागत कर आध्यात्मिक समानता तथा समावेशन को महत्व दिया गया है। अपने एक नाटक 'चंडालिका' में टैगोर ने प्रकृति के चरित्र से खुलेपन की अवधारणा व्याख्यायित की है। इसमें प्रकृति अशपृश्य जाति की एक महिला तथा आनन्द प्रख्यात बौद्ध भिक्षु हैं। बौद्ध अभिलेखों से प्रेरणा प्राप्त कर टैगोर ने उस विमर्श की कल्पना की है जिसमें सामाजिक विभाजनों के खिलाफ निरंतर संघर्ष को बढ़ावा दिया गया है। इसका संबंध खासकर प्राचीन भारत में अश्पृश्यों के ऐतिहासिक उत्पीड़न से है। आनन्द द्वारा विनम्रता से प्रकृति से जल स्वीकार कर जातीय पूर्वाग्रहों को अस्वीकार करते हुए उसकी आंतरिक गरिमा को स्वीकार किया गया है।

प्रकृति द्वारा आनन्द में प्रेम की भावना को अस्वीकार करने के बावजूद बुद्ध की शिक्षाओं में दृढ़ विश्वास आनन्द की पवित्रता को रेखांकित करता है। अंतत: ईश्वरीय हस्तक्षेप आनन्द को इस आकर्षण से मुक्ति दिलाता है। इस प्रकार यह भौतिक इच्छाओं पर आध्यात्मिक निष्ठा की विजय का प्रतीक है। यह बौद्ध धर्म में 'ध्यान' का एक चरित्र है। टैगोर के काव्यात्मक गद्य से यह कहानी विमर्श की सीमाओं को तोड़ते हुए प्रेम की स्थाई शक्ति को गहन ध्यान में बदलती है। इस प्रकार यह जागरण व आत्माभिव्यक्ति के माध्यम से सभी आत्माओं से जुड़ती है। भगवान बुद्ध की यह विरासत उनके अनुयाइयों को सामाजिक बाधाओं से मुक्त होने, एक 'संघ' बनाने तथा शांति के संदेशवाहक बनने की प्रेरणा देती है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 'प्रकृति' के चरित्र का विकास कर उसे सामाजिक मानकों पर सवाल उठाने को प्रेरित करते हैं। इन सामाजिक मानकों से महिलाओं की स्वतंत्रता सीमित होती है तथा इस प्रकार वह अपनी पहचान पुन: बहाल करती है। इस प्रयास में आनन्द का सहानुभूति वाला दृष्टिकोण वैसे तो बौद्ध दर्शन का विशिष्ट चरित्र है, पर यह प्रकृति में आत्माभिव्यक्ति की भावना प्रज्वलित कर इस तथ्य पर जोर देता है कि सभी मनुष्य मूलभूत रूप से समान हैं। प्रकृति द्वारा आनन्द की अंजलि में पीने के लिए डाला गया पानी उसकी पवित्रता और प्रेम का प्रतीक है। इसके साथ ही वह असीम उदारता और मानवता का भी प्रतीक है। इस प्रकार रवीन्द्रनाथ टैगोर प्रतीकात्मक एकता या उत्थान के माध्यम से आध्यात्मिकता एवं अशपृश्यता की भावना प्रकृति व आनन्द के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

यह एकता पुरुष एवं महिला के बीच, पवित्रता एवं अशुद्धता के बीच तथा आध्यात्मिकता एवं सहानुभूति के बीच समन्वय का प्रतिनिधित्व करती है। रवीन्द्रनाथ टैगोर इस समन्वय या सम्मिलन का प्रयोग एक संतुलित एवं सभ्य समाज को प्रदर्शित करने के लिए करते हैं। इसी प्रकार भगवान बुद्ध ने सहानुभूति या करुणा तथा सभी जीवधारियों के प्रति प्रेम एवं दया या 'मित्त' का प्रयोग समुदाय में संवेदना व सहायता की पैरवी के लिए किया है। उनकी यह भावना खासकर उन समुदायों के लिए महत्वपूर्ण हैं जो किसी प्रकार के टकरावों का शिकार हैं अथवा किसी कारण से हाशियाकृत हो गए हैं।

भगवान बुद्ध के पहले 'परम सत्य' में 'दु:ख' को संबोधित किया गया है। इसमें पीड़ा के वैश्विक मानवीय अनुभव को रेखांकित करते हुए प्रत्येक को इससे मुक्ति दिलाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। इस पर वियतनामी विचारक थिच न्हाट हान ने अपनी रचना 'द हार्ट आफ बुद्धाज़ टीचिंग्स' में कहा है कि 'पीड़ा को समझने से सहानुभूति में वृद्धि होती है, सद्भावना पैदा होती है तथा समझदारी बढ़ती है।' सम्यक आजीविका व नैतिक व्यवहार पर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं ने सामाजिक न्याय तथा न्यायोचित व्यवहार को प्रोत्साहन दिया। इससे सारी दुनिया के स्तर पर ज्यादा समावेशी तथा सद्भावनापूर्ण समाज बनाने में सहायता मिली। बौद्ध दर्शन में 'मध्यम मार्ग' अतिवाद से बचने तथा संतुलन खोजने की सलाह देता है।

यह सिद्धान्त रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचनाओं में दिखाई देता है। उदाहरणार्थ अपने नाटक 'द किंग इन डार्क चैंबर' या बांग्ला भाषा में 'राजा' में टैगोर ने जीवन में प्रकाश एवं अंधकार तथा अज्ञान एवं ज्ञान के बीच निरंतर जारी टकराव की भावना को अभिव्यक्त किया है। इस प्रकार यह नाटक भगवान बुद्ध द्वारा सामंजस्य या 'सम्यक जीवन' की खोज की प्रस्तुति करता है। इस नाटकीय यात्रा का मुख्य चरित्र जीवन के अंधकारमय एवं प्रकाशित आयामों को अच्छी तरह समझते हुए संतुलन बनाए रखने के लिए मध्य मार्ग पर जोर देता है।

# ई-कचरा संकट पर अंकुश आवश्यक

> उपभोक्ता अक्सर अपने गैजेट को अपग्रेड करते रहते हैं जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का टर्नओवर बहुत बढ़ जाता है।

**शाइनी शर्मा**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के साथ, कंप्यूटर और अन्य मोबाइल डिवाइस हर किसी के काम और व्यक्तिगत जीवन का इतना अभिन्न अंग बन गए हैं कि उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। इतना ही नहीं, इसके साथ ही ई-कचरे की समस्या हर साल बढ़ती जा रही है क्योंकि उपभोक्ता अक्सर अपने गैजेट को अपग्रेड करते रहते हैं जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का टर्नओवर बहुत बढ़ जाता है।

ई-कचरा या इलेक्ट्रॉनिक कचरा उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उपकरणों को संदर्भित करता है जो अपने उपयोगी जीवन के अंत तक पहुँच चुके हैं या अब उनके मालिकों को नहीं चाहिए। यह अपनी जटिल संरचना, तेजी से उत्पादन और मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए चुनौतियों के कारण महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक है। बैटरी और सेमीकंडक्टर में मौजूद सीसा, पारा और कैडमियम जैसे विभिन्न विषाक्त पदार्थों की उपस्थिति के कारण तंत्रिका संबंधी क्षति हो सकती है और गुर्दे और हड्डियों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। इतना ही नहीं ऐसे कचरे से निकलने वाले जहरीले रसायन मिट्टी में मिल सकते हैं, जिससे यह बंजर और कृषि के लिए असुरक्षित हो जाती है।



न केवल मिट्टी दूषित होगी बल्कि पर्यावरण के अन्य स्रोत जैसे पानी और हवा भी बुरी तरह प्रभावित होंगे क्योंकि ई-कचरे का अनुचित निपटान जल निकायों को दूषित कर सकता है जिससे जल आपूर्ति और जलीय जीवन प्रभावित हो सकता है और मूल्यवान धातुओं को निकालने के लिए छोड़े जाने वाले जहरीले धुएं से श्वसन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हवा में मौजूद विषाक्त पदार्थ लंबी दूरी तक जा सकते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कई विकासशील देशों में अक्सर अनौपचारिक ई-कचरा रीसाइक्लिंग गतिविधि आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत होती है। ऐसी गतिविधियां अक्सर अनियमित होती हैं और श्रमिक पर्याप्त सुरक्षा के बिना उच्च स्तर के विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आते हैं। इस संपर्क से श्वसन संबंधी समस्याएं, त्वचा संबंधी विकार और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ई-कचरे का अनुचित निपटान और रीसाइक्लिंग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान देता है जिससे पर्यावरण क्षरण और कार्बन फुटप्रिंट में वृद्धि होती है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 के अनुसार, दुनिया ने 2019 में 53.6 मिलियन मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पन्न किया और यह आँकड़ा 2030 तक 74.7 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ने की उम्मीद है। इस कचरे का केवल एक अंश ही ठीक से रिसाइकिल किया जाता है, और बहुत सारा कचरा लैंडफिल में चला जाता है, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है। ऐसे कचरे का उचित रिसाइकिल ही एकमात्र उपाय है जो मूल्यवान सामग्रियों को पुन: प्राप्त करने और नए संसाधन निष्कर्षण की आवश्यकता को कम करने में मदद कर सकता है और यह तभी संभव है जब सरकार ई-कचरा प्रबंधन के लिए कड़े नियम बनाए और लागू करे, जिसमें उचित संग्रह, रिसाइकिलिंग और निपटान अभ्यास जैसे कि ई-कचरा संग्रह अभियान और रिसाइकिलिंग केंद्र शामिल हैं, ताकि उचित निपटान की सुविधा मिल सके। निर्माताओं को अपने उत्पादों के पूरे जीवनचक्र के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, जिसमें टेक-बैक प्रोग्राम और रिसाइकिलिंग पहल शामिल हैं।

उन्नत रिसाइकिलिंग तकनीकों में निवेश करने से ई-कचरे से मूल्यवान सामग्री निकालने की दक्षता और सुरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है। निर्माताओं को ऐसे उत्पाद डिजाइन करने के लिए प्रोत्साहित करना जिन्हें रिसाइकिल करना, मरम्मत करना और अपग्रेड करना आसान हो, ई-कचरा उत्पादन को कम कर सकता है। साथ ही उपभोक्ताओं को उचित ई-कचरे के निपटान और उपलब्ध रीसाइक्लिंग विकल्पों के महत्व के बारे में शिक्षित करने से अनुचित निपटान प्रथाओं को कम किया जा सकता है।

ई-कचरे के प्रबंधन के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करने से दुनिया भर में सुरक्षित और कुशल रीसाइक्लिंग प्रथाओं को सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है। विकासशील देशों में ई-कचरे के अवैध निर्यात को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों को मजबूत करना, जहां इसे अक्सर असुरक्षित तरीके से संसाधित किया जाता है। याद रखें, गैजेट से लेकर हरित पहल तक, इस ग्रह पर रहने वाले हर व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपने ई-कचरे को रीसाइकिल करना चाहिए और एक स्वच्छ और हरित कल का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

## आप की बात

### अखिलेश के बयान

**चुनाव** के अंतिम चरण में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि जहाँ दिखे भाजपाई वहां बिछाओ चारपाई और उन्हें उस पर बिठाकर नौ सवाल पूछो। क्यों पेपर लीक हुए? क्यों युवाओं की नौकरी छीनी जा रही है? क्यों जातिगत जनगणना का विरोध किया जा रहा है? क्यों आरक्षण खत्म किया जा रहा है? क्यों महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को बचाया जा रहा है? विडंबना है कि सपा की यह आक्रामकता युनाव के इस अंतिम चरण में क्यों दिख रही है? यदि अखिलेश यादव ने चुनाव शुरू होते ही मतदाताओं को यह निर्देश दे दिया होता और उसका जमीनी स्तर पर जारी भी क्रियान्वयन हुआ होता तो शायद आज पक्ष-विपक्ष के बीच चुनाव में एजेंडा ही कुछ और होता। सपा अध्यक्ष पूरे जोर से कहते रहे हैं कि इंडिया गठबंधन प्रदेश की 79 सीटों पर जीतने जा रहा है। अब वे कहने लगे हैं कि विपक्षी गठबंधन सभी सीटों पर जीत रहा है और भाजपा को 140 से अधिक सीटें मिलने वाली नहीं हैं। उनके ये बयान भले ही कार्यकर्ताओं को जोश दिलाने या भीड़ जुटाने में कुछ काम आते हों, पर इन पर शायद ही किसी को विश्वास हो। अंतिम चरण के पहले उन्होंने बसपा को भाजपा की बी टीम बता दिया, जबकि अब तक वे बसपा के मामले पर चुप थे।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### गर्मी का प्रकोप

**साल दर साल** गर्मी अपनी प्रचंडता बढ़ती जा रही है। अमीर वर्ग तो एसी कूलर में अपना बचाव कर लेते हैं। मगर खुले में कामकाज करने वाले, हाथ ठेला लेकर सब्जी बेचने वाले, अटाला खरीदने वाले, मजदूरी करने वाले व अनेक ऐसे ही लोग इस भीषण गर्मी में भी सड़कों पर निकलने को मजबूर हैं। प्रशासन ने 12 से 3 बजे तक बाहर नहीं निकलने की सलाह तो दे दी है, मगर रोज कमा कर खाने वालों के लिए यह सलाह रोटी की व्यवस्था नहीं कर सकती है। ऐसी सलाह देने वाले अधिकारियों ने एक स्थान पर वन दरोगा की परीक्षाओं का आयोजन कर दिया जिसमें 25 किलोमीटर दौड़ लगाना भी शामिल था। इसमें एक युवा की मृत्यु हो गई और कई बीमार हो गए। ऐसी संवेदनहीन कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को दंड दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही दिन-रात ग्राहकों की सेवा में दौड़ने वाले गिग वर्कर्स खाने-पीने का व अन्य सामान पहुंचाने में लगे रहते हैं। उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब सरकार को बहुत खराब मौसम में कार्यदिवस का समय बदलने पर भी विचार करना चाहिए। इतनी गर्मी में मतदान कराने एवं चुनाव व्यवस्था में लगे लोगों का विशेष साधुवाद।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### अनावश्यक सवाल

**चुनाव आयोग** को बार-बार ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता पर सफाई देनी पड़ रही है। चुनाव आयोग ने पहले ही सभी प्रत्याशियों को मशीन से जुड़ी पूरी जानकारी दी है। इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय भी ईवीएम की सुरक्षा पर अपनी मुहर लगा चुके हैं। चुनाव आयोग ने सभी आवश्यक उपाय किए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। ईवीएम की विश्वसनीयता पर बार-बार संदेह से भारतीये लोकतंत्र की नींव कमजोर होगी। चुनाव आयोग देश भर में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। विपक्षी दलों को चाहिए कि वे ईवीएम या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर अपनी ऊर्जा बरबाद न करें। विपक्षी दल चुनाव प्रक्रिया में सुधारों के लिए रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। ईवीएम का उपयोग अनेक चुनावों में हुआ है और इसने हमारी चुनाव प्रक्रिया को तेज व निष्पक्ष बनाया है। विपक्षी दल चुनाव जीतने पर ईवीएम व चुनाव आयोग पर कुछ नहीं बोलते हैं, पर हारने पर इन्हीं पर ठीकरा फोड़ने लगते हैं। आम जनता अब उनके इस विलाप की असलियत समझ चुकी है और उनके तर्कों से किसी प्रकार भ्रमित होने वाली नहीं है।

– **अवनीश गुप्ता,** आजमगढ़

### पर्वतारोही महिलायें

**टाइम ऑन रॉक** पुस्तक के माध्यम से महिला पर्वतारोही अन्ना फ्लेमिंग मैं बताया है कि सिर्फ आसान कामों मैं ही पुरुषों से बराबरी करने के बजाय पर्वतारोहण जैसे कठोर श्रमसाध्य व रोमांच तथा जोखिम से परिपूर्ण कार्य महिलाओं के लिए भी संभव है। ऐसी दुरूह जानलेवा चढ़ाई भयानक बर्फीले माहौल में लंबे समय तक करते रहना विश्व की अन्य महिलाओं के लिए भी एक संदेश प्रदान करता है । भारत की बछेंद्री पाल ने भी माउंट एवरेस्ट फ्तह करके विश्व में अपना नाम रोशन किया है। जीवन के रोमांच का सही मजा लेना हो तो ऐसे चुनौतीपूर्ण कार्यों के माध्यम से ही उसका आनंद लिया जा सकता है। पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने और माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई में उतना ही फ्क्र है जितना आर्टिफिशियल ज्वेलरी और ओरिजिनल गोल्ड ज्वेलरी में होता है। इसके लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है, तब कहीं जाकर सफलता का स्वाद मिलता है। लेकिन जिसने यह स्वाद एक बार चख लिया वह जीवन में किसी भी अन्य जोखिमपूर्ण कार्य में नहीं झिझकेगी। अधिकाधिक महिलाओं को पर्वतारोहण करना चाहिए।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आयुक्त की मौजूदगी में टीम अमला ने मोती काम्प्लेक्स से लेकर तकिया पारा तक 35 जगहों से हटवाया सड़क किनारे से अतिक्रमण





## दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्यवाही की दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर आज निगमायुक्त लोकेश चन्द्रकर मोती कॉम्प्लेक्स से होते हुए मान होटल से तकिया पारा तक यातायात में बाधक बन रहे ठेला-खोमचे के खिलाफ अभियान शुरू की। आयुक्त लोकेश चंद्राकर की मौजूदगी में अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की टीम ने दुकान के सामने सजाकर समान रखने व दुकान के बाहर साइन बोर्ड एवं ठेला और पसरा को हटाकर जब्त किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी दुकानदारों को दुकान के बाहर समान व सड़क पर साइन बोर्ड नही रखने की सख्त चेतावनी दी।सड़क दुर्घटनाएं रोकने व ट्रैफिक जाम से नागरिकों को बचाने निगम द्वारा अवैध कब्जाधारियों, ठेला, खोमचा एवं चलित होर्डिंग्स के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज निगम व जिला प्रशासन तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया।अवैध कब्जेधारियों, ठेले, खोमचो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए हटाया गया तथा चेतावनी दी गई।आयुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र जा पहुंचे जहां उन्होंने सड़क किनारे सामान फैलाकर सड़क पर 35 जगहों से व्यवसाय करने वाले अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नायाब तहसील ढाल सिंह बिसेन, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव के अलावा टीम ने सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भविष्य में अतिक्रमण करने पर समान जब्ती और विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क आम जनमानस के चलने के लिए है।आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।आयुक्त ने अतिक्रमण करने वाले लोगो को चेतावनी दी कि सड़क किनारे किसी प्रकार का अतिक्रमण ना करें अगर किसी प्रकार का अतिक्रमण सड़क पर पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।सड़क किनारे ठेले, खोमचे लगाकर कारोबार करने वालों को आज बुधवार को टीम ने 35 जगहों से हटाया। निगम अमला को देखकर कुछ कब्जाधारी स्वयं अपना सामान हटाने लगे।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि सड़क किनारे कब्जा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। इस संबंध में निगम को लगातार शिकायत मिल रही थी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की जाएगी।दोबारा अतिक्रमण करने पर जुर्माना के साथ सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# निशक्तजनों के बीच अपना जन्मदिन मनाना सौभाग्य की बात : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर/बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शहीद स्मारक भवन भवन में सोमवार को प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने ट्राई साइकिल में क्रिकेट खेली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रतिभावान निशक्तजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निशक्तजनों को ट्राई साइकिल का भी वितरण किया गया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, सांसद सुनील सोनी, पश्चिम विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पंडित अशोक चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। यह आयोजन भाजपा नेता योगेश तिवारी के जन्मदिन पर अवसर पर आयोजित हुआ। वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओ ने आयोजन में शामिल होकर भाजपा नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता तिवारी ने निशक्तजनों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

### जन सरोकार का कार्य करने वाले लोगों को हमेशा याद रखा जाता है

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग अपने जीवनकाल में जन सरोकार का कार्य करते हैं, उनके जाने के बाद भी लोग उन्हें याद करते हैं। उन्ही का जीवन जो है सही मायने में जीवन है। भाजपा नेता ने कहा कि निशक्त जनों के बीच अपना जन्मदिन मनाने का जो सौभाग्य मिला है। ये मेरे जीवनकाल में बेहद खुशी का क्षण है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रायपुर जयंती भाई पटेल, रविंद्र सिंह, आशु चंद्रवंशी, सूरज, प्रदीप साहू, गौतम शर्मा, पंकज शर्मा, विदित शर्मा आदि उपस्थित थे।

### गरीब व शोषित की मदद के लिए हर समय तैयार

कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने योगेश तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि कि वे गरीब व शोषित की हर समय मदद के लिए तैयार रहते हैं। वर्तमान में अपने जन्मदिन के अवसर पर निशक्त जनों को ट्राई साइकिल का वितरण करना सराहनीय पहल है। इस तरह के आयोजन जरूरी है, जो आम जनता को समर्पित है।

# जन चेतना विकसित करने जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

## मुख्य कार्यक्रम ब्रम्हाकुमारीज, प्रभु स्मृति भवन में आयोजित होगा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर बेमेतरा जिले में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन चेतना विकसित करने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि धूम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति की दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए प्रतिवर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस संबंध में समाज कल्याण विभाग तथा विभिन्न विभागों को तम्बाकू या तम्बाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन की प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि इन नशों के सेवन से गंभीर बीमारियां होती है, जो चिंता का विषय हैं। सामाज कल्याण विभाग उप संचालक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति 31 मई 2024 को धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन समाज कल्याण विभाग बेमेतरा एवं प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा के सहयोग से किया जाएगा। 31 मई को शाम 5 बजे शोभा यात्रा का समय है। कार्यक्रम शाम 07:00 बजे से ब्रम्हाकुमारीज, प्रभु स्मृति भवन, रेस्ट हाऊस रोड, बेमेतरा में आयोजित होगा।

# विश्व महावारी स्वच्छता दिवस स्वच्छ सुरक्षित हो महावारी हम सबकी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सृजन का आधार मासिक धर्म है लेकीन यह शब्द सुनते ही असहज हो जाते हैं महावारी के साथ शर्म का ताना बाना बुना गया है की महिलाए अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को बताने में असहज महसूस करती हैं अस्वच्छ प्रबंधन का महिलाओ पर बुरा प्रभाव पड़ता है इन्ही कारणों को ध्यान में रखते हुए जिला बेमेतरा के परियोजना नांदघाट सेक्टर कुरा के सभी 28 आगनवाड़ी केंद्रों पर आज आज जिला अधिकारी चंद्रवेश सिंह सिसोदिया एवं परियोजना अधिकारी जय नामदेव के निर्देशानुसार विश्व महावारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया । जिसमे सेक्टर के लगभग 700 महिलाओ एवं किशोरी बालिकाओं को स्वच्छ मासिक प्रबंधन के लिए शिक्षित किया गया प्रेरणा गीत और कविताओं से उनका उत्साह वर्धन किया गया उन्हे मासिक धर्म क्या है और इसे आज ही क्यों मनाया जाता है और साथ ही एक स्वच्छ मासिक प्रबंधन क्या है बहुत सरल सहज तरीके से समझाया गया उन्हें बताया गया कि वर्ष 2014 से हर साल 28मई को यह दिवस मनाया जाता है । 28 मई इसलिए चुना गया कि महिलाओं में सामान्यतः मासिक चक्र आने की अवधि 28 से 35 दिन के भीतर होती है महिलाओं के जीवन में मासिक धर्म अहम स्थान रखता है यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है इसकी शुरुआत 11से 12 वर्ष मे होती है और 45 से 50 वर्ष की आयु तक हर महीने महिलाओं को महावारी से गुजरना पड़ता है महावारी एक ऐसी प्रक्रिया है जो शारीरिक रूप से महिलाओं को गर्भधारण के लिए तैयार करती है किशोरावस्था के दौरान बालिकाओं को शरीर में हार्मोनल परिवर्तन होते हैं जिससे कई परेशानी का सामना भी करना पड़ता है जैसे अत्यधिक महावारी अत्यधिक रक्तस्राव दर्द कमजोरी और भावनात्मक परिवर्तन होते हैं इसके संक्रमण से बचाव के लिए महावारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन दीदी के माध्यम से बालिकाओं को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया जाता हैं। अक्सर महावारी में महिलाएं कपड़े या पेड़ का उपयोग करती हैं विशेषज्ञों के अनुसार कपड़े के बजाय पैड स्वच्छ और सुविधाजनक होता है इससे संक्रमण का खतरा नहीं होता है इसकी महत्ता को देखते हुए सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सेनेटरी नेपकिन का निर्माण स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जाता है इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत भी किया जाता हैं हमने बालिकाओं से अक्षय कुमार की फिल्म पैड मैन के बारे मे। चर्चा किया जिससे महावारी से जुड़ी समस्या रोग निवारण पर विस्तार पूर्वक बातें हुई अब इस विषय पर बालिकाओं को झिझकना नहीं है और एक स्वच्छ एवं स्वस्थ आदत का निर्माण करना है और इसी संकल्प के साथ महावारी स्वच्छता दिवस के कार्यक्रम का समापन्न रानू मिश्रा पर्यवेक्षक कुरा के द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने बैठक में दी मतगणना संबंधी कार्य की जानकारी



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024- संसदीय क्षेत्र 7- दुर्ग के अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68- साजा,69 बेमेतरा और 70- नवागढ़ की आगामी 4 जून को की जाने वाली मतगणना संबंधी कार्य, प्रक्रिया की जानकारी आज यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन रणबीर शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी। कलेक्टर ने बताया कि बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा,बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून 2024 को प्रातः 08.00 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाएगा है। जिसके लिए स्ट्रांग रूम प्रातः 7 बजे अभ्यर्थी/ राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य के लिए ज़िले की प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल लगायी जायेगी। हर टेबल पर एक -एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गये है। मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्रारूप -18 में टेबलवार 14+1 किया जा कर सूची मतगणना तारीख़ से तीन दिवस पूर्व शाम 5.00 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर श्रमिकों व आम जनता को कानून संबंधित दी गई जानकारी



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर निर्माणाधीन नवीन न्यायालय भवन बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय बेमेतरा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीशदेवेन्द्र कुमार द्वारा श्रमिकों व आम जनता के स्वास्थ्य एवं अन्य समस्याओं की जानकारी लेते हुए, उन्हें कानूनी एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी दी गई। और उन्हें उनके अधिकारों की जानकरी देते हुए बताया गया कि देश की उन्नति समृद्धि खुशहाली में श्रमिको का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है। साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 को होने वाली उनकी जानकारी दिया गया, उक्त शिविर पर श्रमिकों व आम जनता को कानून के प्रति जागरूक रहने हेतु नालसा ट्रोल फ्री नं. 15100, बाल श्रम, बाल विवाह, साइबर क्राइम टोल फ्री नं. 1930, नशा मुक्ति जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित, नवीन मोटरयान, दुर्घटना हेतु ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, प्रथम सूचना रिपोर्ट से संबंधित कानूनी जानकारी के बारे में बत्ताया गया। उक्त शिविर में पैरालीगल वॉलिंटियर्स-देवेन्द्र यादव, टुवेन्द्र वर्मा, चेतन साहू, पंकज घृतलहरे, तरूण कुमार आंनद उपस्थित रहें।

# विश्व की आध्यात्मिक और धार्मिक संस्थानों के बीच में ब्रह्माकुमारीज़ अपना अलग अस्तित्व बनाये हुए : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनें सुनीता दीदी और प्रतिभा दीदी के मार्ग दर्शन म बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ महिलाओं द्वारा चलाई जाने वाली विश्व में सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था है। इस संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने माताओं और बहनों को शुरू से ही आगे रखने का फैसला लिया और इसी के कारण विश्व की अन्य सभी आध्यात्मिक और धार्मिक संस्थानों के बीच में ब्रह्माकुमारीज़ अपना अलग अस्तित्व बनाये हुए है।

# मुख्य अभियंता गुप्ता ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण रविवार को मुख्य अभियंता आर. के. गुप्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र रायपुर द्वारा निरीक्षण किया गया 7 निरीक्षण के दौरान अमलडीहा समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में स्थल निरीक्षण एवं साइट पर उपस्थित ठेकेदार मेसर्स कावेरी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के इंजीनियर और साइट सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होंने इंटेकवेल, वितरण वाहिनिया,राव वाटर पंपिंग मेन आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। ज़िले के नवागढ़ विकासखंड ग्राम गोढ़ीखुर्द में पानी की विकराल समस्या रहती थी वहां के ग्रामीणो को पेयजल एवं निस्तारी के लिए दूर से पानी लाना पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम गोढ़ी खुर्द में एकल नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत उच्चस्तरीय जलागार (40कि ली) एवं घरेलू नल कनेक्शन 142 प्रस्तावित है 7 जिसमें जलागार के माध्यम से 132 घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है शेष 10 घरेलु कनेक्शन को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पारा चढ़ने के साथ बढ़ा हीट-स्ट्रोक का खतरा, सीएमएचओ ने किया सचेत

## लू के प्रकोप को देखते हुए सीएमएचओ,जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी किया एडवाइजरी



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्रीष्म ऋतु में तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखने लगा है। पारा चढ़ने के साथ लू का भी खतरा बढ़ रहा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र एवं,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने लोगों से शरीर में पानी की कमी न होने देने की अपील की है। ज्यादा गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसका सेहत पर बुरा असर पड़ता है। आमतौर पर लोग इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेते। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव और इसके प्रबंधन हेतु व्यापक जन-जागरूकता के लिए विस्तृत जानकारी प्रसारित की है।

### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख न लगना और बेहोशी लू लगने के लक्षण हैं।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतः नमक की कमी होना है। इससे बचाव के लिए सावधानी रखना आवश्यक है। बहुत अनिवार्य न हो तो गर्मी में घर से बाहर न जाएं। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। लू से बचने के लिए पानी अधिक मात्रा में पिएं खाली पेट न रहे। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मियों में मुलायम सूती के कपड़े पहनना चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस. का घोल पिएं। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें। शीतल पेयजल, जूस, लस्सी, मठा इत्यादि का सेवन करें।

### लू लगने पर यह करें

लू लगने पर प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। उल्टी, सिरदर्द या तेज बुखार होने पर नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जरूरी सलाह लें। बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं। अधिक पानी व पेय पदार्थ जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा इत्यादि पिलाएं। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाएं। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी डॉक्टर या अस्पताल में इलाज के लिए लेकर जाएं। मितानिन या ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट के लिए संपर्क करें।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर चुप्पी तोड़ो अभियान का शुभारंभ





पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर 28 जून को जिला पंचायत के सभाकक्ष से मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में 'चुप्पी तोड़ो अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महिलाओं को माहवारी के दौरान अनिवार्य रूप से सेनेटरी का इस्तेमाल करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य से संबंधित बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इस मुद्दे पर ग्रामीण क्षेत्रों पर खुलकर बात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सानू नायक सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता हेतु ध्यान में रखने वाले बातों तथा बरते जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जाता है। इस तारतम्य में जिला पंचायत द्वारा जिला सभाकक्ष में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# शहर तपा नवतपा से सड़कों पर सूनापन पसरा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



नवतपा लगने के बाद आग उगल रहा सूरज, गर्म हवा भी चल रही, लोगों का हाल-बेहाल, मौसम की मार, सूरज की तपन ने लोगों के उड़ाए होश, दोपहर में सूनी हो जाती है सड़के। पारा लगभग 45 तक पहुच गया है, गर्मी से राहत देने में कूलर हो रहे है फेल। गर्मी से बचने के लिए नए-नए जुगाड़ लगाए जा रहे है। नौतपा में सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ने के कारण लोग गर्मी से बेचैन हो रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। तापमान 42 डिग्री से कम होने का नाम नहीं ले रहा। तेज धूप और भीषण गर्मी से लोगों की दिनचर्या बदल गई है। लोग काम होने पर भी उसे टाल रहे हैं और बेहद जरूरी होने पर ही निकल रहे हैं। दोपहर में तो गर्मी अपने पूरे शबाब पर रहती है और लोग घरों और आफिस में दुबके रहते हैं। सड़कों पर सूनापन पसरा रहता है। शीतल पेय से गला तर करते और गर्मी से बचाव के लिए आंखों में काला चश्मा और मुंह पर कपड़ा बांधे लोगों को देखकर गर्मी की भीषणता का अनुमान लगाया जा सकता है। सूरज की तपन के साथ ही लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा कर रख दिया है। आसमान से बरसते आग से लोगों के साथ पशु-पक्षी भी हलाकान हो गए हैं। तापमान बढ़ने से कूलर, पंखे, पूरी तरह से फेल हो गए हैं। रात को भी कूलर व पंखे गरम हवा फेंक रहे हैं। दिनभर एसी, कूलर, फ्रीज व पंखे चलने से बिजली की खपत भी बढ़ गई है। चैबीसों घंटे कूलर-पंखे चल रहे हैं लोग पल भर भी कूलर से दूर नहीं हटना चाहते। भीषण गर्मी ने लोगों की दिनचर्या पर गहरा असर डाला है। बढ़ते तापमान के कारण लोगों ने अनावश्यक कार्यों को सुबह या सूर्यास्त के बाद के समय पर टाल रखा है। मौसम का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ा है। गर्मी के चलते डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सरकारी व निजी अस्पतालों में रोज भारी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में ज्यादातर मरीज ऐसे हैं जो लू लगने के कारण बीमार हुए हैं। शहर के निजी अस्पतालों में भी लू के मरीज पहुंच रहे हैं। गर्म हवाओं से बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द की शिकायत रहती है। गर्मी से बचने के लिए गांव की तरह शहरों में भी गमछे का सहारा लिया जा रहा है।

नौतपा से बारिश की आस- नौतपा की गर्मी से किसानों को इस बार अच्छी बारिश की उम्मीद है। नौतपा 25 मई से शुरू हुआ है जो 2 जून तक रहेगा। नवतपा को ग्रीष्म ऋतु में तपन की अधिकता का द्योतक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि नौतपा में सूरज की तपन जितनी अधिक होती है उस साल बरसात के मौसम में बारिश भी उतनी ही अच्छी होती है। अभी गर्मी से बेहाल हो रहे किसानों का कहना है कि इस बार अच्छी बारिश होगी, जिससे फसल भी अच्छी होगी।

11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आवश्यक न हो तो धूप में न निकले। तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, सिर व शरीर को कपड़े से ढ़ंककर ही निकलें, हल्का व सुपाच्य भोजन करें, किसी भी हाल में खाली पेट न रहें, बार-बार पानी पीते रहें, नीबू और नमक का पानी दो-तीन बार लें, हल्के रंग के मुलायम व सूती कपड़े पहनें, खरबूज, तरबूज, आम जैसे मौसमी फल लें।

**-डॉ. एम.के. राय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय मुंगेली**

# मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा दो स्थानों पर लगाया गया वाटर कूलर मशीन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा जनहित पहल करते हुए अलग-अलग स्थान पर लगाया गया वाटर कूलर कनेरा कुम्हारी में लगाया गया तथा द्वितीय वाटर कूलर रायपुर के वृद्ध आश्रम श्याम नगर में लगाया गया उक्त दोनों उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि ईश्वर चंद्र अग्रवाल समाजसेवी रायपुर एवं ग्राम कनेरा के सरपंच बालाराम पाठक रहे साथी स्कूल के हेड मास्टर का सहयोग भी प्राप्त हुआ। उक्त विषय के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्य ने बताया कि समिति द्वारा विगत कई समय से बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में भंडारा एवं आदि सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं, इसी कड़ी में दो वाटर कूलर सभी के सहयोग से प्रदान किया गया ताकि इस भीषण गर्मी में आम जनमानस को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके इस कार्यक्रम प्रमुख रूप से समिति के सुरेश अग्रवाल, मनोहर जिंदल,अजय अग्रवाल, प्रेम शर्मा, सुरेश चौधरी, आदि सदस्य उपस्थित थे, समिति के सदस्य सुरेश चौधरी ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है, इसी बात को चरितार्थ करते हुए समिति द्वारा यह कार्य किया जा रहा है, एवं आने वाले समय में और अधिक सेवा तथा रचनात्मक कार्यों को गति दी जाएगी।

## कलेक्टर ने निजी स्कूलों के संचालकों, प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली

**मुंगेली।** कलेक्टर ने जिले में आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित बच्चों के ड्रॉप आउट रोकने के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष एवं मनियारी सभाकक्ष में विकासखंडवार निजी स्कूलों के संचालकों, प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्कूलवार ड्रॉप आउट के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने ज्यादा ड्राप आउट वाले स्कूलों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्कूलवार ड्रॉप आउट का एनालिसिस करने निर्देशित किया तथा पालकों से कॉल के माध्यम से बातचीत कर ड्रॉप आउट के संबंध में जानकारी ली। गांव के गरीब बच्चों को भी अच्छे स्कूलों में पढ़ने का मौका मिले, इसके लिए उन्होंने समुचित पहल करने के लिए नोडल अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि निजी स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के नाम पर शुल्क लिए जाते हैं, जिससे कई गरीब बच्चे ड्रॉपआउट कर जाते हैं। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए समुचित उपाय करने की बात कही। उन्होंने कार्यालय द्वारा जारी प्रपत्रों में बच्चों के पालक का मोबाईल नम्बर एवं निजी विद्यालयों के भुगतान किए गए राशि की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके सहित नोडल अधिकारी और बड़ी संख्या में स्कूल के संचालक एवं प्राचार्यगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर के निर्देशन में डीईओ कर रहे समर कैंप का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने, उनमें कलात्मक व बौद्धिक प्रतिभा का विकास करने, उनमें बहुमुखी कौशलो का विकास करने के लिए ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार स्कूलों में चल रहे समर कैंप का जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा व सहायक सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल द्वारा सेजेस कसेरपारा सक्ती, पीएम श्री प्राथमिक शाला वार्ड नंबर 1 व पीएम श्री प्राथमिक शाला परसदाखुर्द का औचक निरीक्षण किया गया,जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण करते हुवे शिक्षकों को बच्चों में बहुमुखी कौशलों का विकास करने के लिए मार्गदर्शन देने की बात कही, साथ ही साथ प्रधान पाठक के द्वारा स्कूल की समस्त गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल की व्यवस्था के अनुरूप भवन की साफ सफाई और फर्नीचर को व्यवस्थित करने हेतु आदेशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परसदाखुर्द में चल रहे समर कैंप का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के कौशल विकास, खेल संबंधी गतिविधियों में खेल-खेल में शिक्षा संबंधी प्रयासों की सराहना की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने समर कैम्प मे उपस्थित छात्र छात्राओं से बातचीत किया और जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न खेल गतिविधियों लूडो, सांप सीढ़ी, कैरम में छात्र-छात्राओं के साथ अपनी सहभागिता निभाई। अपने बीच जिला शिक्षा अधिकारी को पा कर बच्चे प्रफुल्लित हुए।

# हज यात्रा पर सउदी अरब रवाना हुए अधिवक्ता गनी मोहम्मद

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ति नगर के मुस्लिम समुदाय से इस्लामिक भाई गनी मोहम्मद एवं असगरी बेगम भारत से सउदी अरब के मक्का मदीना हज यात्रा के लिए रवाना हुए जो कि 28 मई शाम 7 बजे सक्ती से नागपुर स्थित एयरपोर्ट जाने के लिए सक्ती रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा रवाना हुए जिन्हें हज यात्रा की बधाइयाँ देने सक्ती शहरवासी भारी संख्या मे सक्ती रेलवे स्टेशन में मौजूद रहे, वही कुछ मुस्लिम भाई उनके साथ नागपुर स्थित एयरपोर्ट तक पहुचाने हेतु रवाना हुए जहां से 30 मई को नागपुर एयरपोर्ट से सउदी अरब स्थित जेद्दाह एयरपोर्ट के लिए रवाना होगे,जहाँ पैगम्बर मुहम्मद के सुन्नतो में चलते हुए हज मुकम्मल करेगे जोकि मुस्लिम समाज इस्लाम के 5 प्रथाओं मे से एक है जिसे मुस्लिमो द्वारा अपने पुरे जीवन काल मे करना फर्ज है वे 5 फर्ज है कलमा, नमाज, रोजा, जकात, हज, जिसमें से 5 वां फर्ज हज साहीबे हैसियत यानी माली तौर पर मजबूत लोगो के लिए लागू होती है हज और उमराह दोनो धार्मिक यात्रा करने को दुनियाँ भर के मुस्लिम सउदी अरब पहुँचते हैं, जिसमें हज इस्लामिक माह के आखिरी महीने जिल हिज्जा यानी बकरीद त्यौहार के दरमियान पुरी की जाती है और उमराह पूरे साल भर कभी भी की जाती है, हज का मकसद मुसलमानों को अल्लाह के प्रति अपना ईमान और ईबादत को जाहिर करने का मौका मिलता है यह यात्रा अपने गुनाहों से माफी मांगने और एक नये जीवन की शुरुआत करने का मौका देती है।

# गोवर्धन देवांगन ने जन्मदिन पर भिक्षा मांगने वाले लोगों को मल्टीप्लेक्स में दिखाई फिल्म एवं करवाया नाश्ता





पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर की श्री हनुमान सेवा परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता एवं धर्म प्रेमी गोवर्धन सोनू देवांगन ने 28 मई को अपना जन्मदिन बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया,गोवर्धन देवांगन ने 28 मई को सुबह थाना चौक स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में मत्था टेकर पूजा-अर्चना की, तथा अपने विशेष दिवस की शुरुआत करते हुए उन्होंने मंदिर के सामने एवं अग्रसेन चौक में भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन करने वाले सभी लोगों को शहर के मेट्रो सिनेमा में ले जाकर मल्टीप्लेक्स में फिल्म दिखाई तथा वर्तमान में इस मल्टीप्लेक्स में छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छइयां भुइयां-2 चल रही है तथा सभी को फिल्म दिखाते हुए वहां नाश्ता भी करवाया गया, जिस पर भिक्षा मांगने वाले सभी परिवार प्रसन्नचित होकर सोनू देवांगन को दुआएं देने लगे,वहीं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर परिसर में रात्रि समय निरंतर रूप से चल रही महाआरती कार्यक्रम में भी सोनू देवांगन ने शामिल होकर हनुमान जी से सुख- शांति- समृद्धि की कामना की, तो वहीं श्री हनुमान सेवा परिवार के सदस्यों द्वारा भी सोनू देवांगन का जन्मदिन केक काटकर हनुमान जी के चरणों में समर्पित कर मनाया गया।

# कार में गांजा रख कर ग्राहक का तलाश कर रहा युवक गिरफ्तार



- **कार की डिक्की से 6 किलो गांजा बरामद, पुलिस ने कार और गांजा किया जप्त**
- **जूटमिल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को भेजा जेल**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीते शाम जूटमिल पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर छातामुडा रोड़ मिशनरीज आफ चैरीटी के आगे सड़क किनारे कार में गांजा रखकर ग्राहक तलाश रहे आरोपी को पकड़ा गया है। जूटमिल पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि छातामुडा मेन रोड़ किनारे एक सफेद रंग ओडिशा पासिंग कार में एक व्यक्ति गांजा रखा है जो बिकी करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। तत्काल उपनिरीक्षक अमृत साहू के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा मौके पर घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया जो अपना नाम अतिम साहू पिता परमानंद साहू उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम पदरपडा भगवत मंदिर के पास थाना मनमुंडा जिला बौध (उडिसा) बताया जिसके कार की डिक्की में 6 पैकेट खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसका वजन करने पर 6 किलो गांजा कीमती 72,000 रूपये पाया गया। आरोपी से अवैध गांजा एवं टाटा इंडिगो कीमती करीब 2,50,000 रुपए की जप्ती कर आरोपी अतिम साहू के कृत्य पर थाना जूटमिल में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

# चरित्र शंका पर महिला की डंडे से पीटकर पति ने की हत्या, कापू पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर, कापू के ग्राम डगभौना की घटना

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डगभैना (टेलरपारा) में महिला की संदेहास्पद मौत की सूचना थाना प्रभारी कापू को मिली तत्काल थाना प्रभारी कापू अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां गांव के राम कुमार कोरवा (45 साल) ने बताया कि उसका चचेरा भाई रतिया कोरवा उसकी पत्नी ललिता कोरवा के साथ डंडे से मारपीट, हत्या कर फरार है। कापू पुलिस की टीम ने गांव में आरोपी रतिया कोरवा की पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता राम कुमार कोरवा ने बताया कि इसका चचेरा भाई रतिया कोरवा ने करीब 12 साल पहले अपने सगे छोटे भाई डेमू राम कोरवा की हत्या कर जेल गया था जिसमें सजा काट कर करीब 02 साल पहले घर वापस आया। घर आने के बाद से रतिया कोरवा उसकी पत्नि ललिता पर चरित्र शंका कर हमेशा झगड़ा लड़ाई करता था। 26 मई को गांव में रतिया कोरवा की सगे भतिजी की शादी थी, शादी में रतिया कोरवा और ललिता कोरवा दोनों नहीं गये घर पर थे। इसी दरम्यान रतिया कोरवा उसकी पत्नी ललिता पर चरित्र शंका करते हुए घर में रखे बहंगा और डंडे से ललिता को मारपीट किया जिससे उसकी मौत हो गई है। रिपोर्ट पर आरोपी रतिया कोरवा के विरूद्ध धारा 302 आईपीसी कायम कर आरोपी रतिया कोरवा पिता नान्ही राम कोरवा उम्र 40 वर्ष साकिन डगभौना (टेलरपारा ) थाना कापू जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर जांच कार्रवाई के लिये कापू पहुंचे डीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा आरोपी को घटनास्थल लेकर क्राईम सीन रीक्रिएशन कराया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त कारी लकड़ी का बहंगा एवं सराई लकड़ी का डंडा व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती की गई है। आरोपी को हत्या के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।

# जल बचाव कल बचाव अभियान के तहत की जाएगी तालाबों की सफाई, 1 जून को मिट्ठूमुड़ा तालाब से शुरू होगा अभियान



पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन, नगर निगम और सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में जल बचाओ कल बचाओ अभियान के तहत जनसहयोग श्रमदान से तालाबों की सफाई की जाएगी। 1 जून सुबह 7 से 8 बजे तक मिट्ठूमुड़ा तालाब की सफाई से अभियान शुरू होगा। मंगलवार को निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जल बचाव कल बचाव के तहत तालाब सफाई अभियान की चर्चा की और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। बैठक में अभियान की शुरुआत 1 जून सुबह 7 से 8 बजे तक मिट्ठूमुड़ा तालाब की सफाई करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद 5 जून बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के दिन फॉरेस्ट ऑफिस तालाब और 12 जून बुधवार को दर्री तालाब की सफाई की जाएगी। बुधवार को मार्केट बंद रहता है। इसलिए ज्यादा संख्या में जनसहयोग मिले और बेहतर तरीके से श्रमदान हो सके इसलिए इस दिन का चुनाव किया गया है। तालाब की सफाई जनभागीदारी जनसहयोग से श्रमदान कर की जाएगी।निगम जल विभाग के सहायक अभियंता सूरज देवांगन ने बताया कि शहर करीब 32 बोर में अतरिक्त पाइप डाला गया है। 10 से ज्यादा बोर में पानी सुख गया है। कहीं कहीं पर 400 फीट तक पानी चला गया है। इसलिए पानी का लेवल बनाए रखने के लिए तालाबों में पानी रखना जरूरी है। ऐसे अभियान से ही ग्राउंड वाटर के स्तर को बनाए रखा जा सकता है। शहर के लायंस क्लब, जेसीआई क्लब, रोटरी क्लब, लिनेस क्लब, दिव्य शक्ति क्लब एवं अन्य सामाजिक संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने अभियान में पूर्ण सहयोग करने की सहमति जताई है।

**अपने आधार को मजबूत बनाएं तथा बेहतर समझ विकसित करें और भविष्य में आने वाली किसी भी परेशानी पर निराश ना हो, उनका डटकर मुकाबला करें, आपको सफलता जरूर मिलेगीः कलेक्टर**

# कलेक्टर ने किया 10वीं और 12वीं में प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को सम्मानित

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी बच्चों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने तथा कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने आधार को मजबूत बनाएं तथा बेहतर समझ विकसित करें और भविष्य में आने वाली किसी भी परेशानी पर निराश ना हो, उनका डटकर मुकाबला करें, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

इस दौरान कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले बच्चों से बातचीत की। कक्षा 10वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले योगेश साहू ने बताया कि बड़ा होकर आपकी तरह आई.ए.एस. बनना है। रितेश मंगेशकर ने बताया कि पिता रामकुमार मंगेशकर शिक्षक हैं और मैं भविष्य में आई.ए. एस. बनना चाहता हूं। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं के गौरव साहू ने भी भविष्य में आईएएस बनने की इच्छा व्यक्ति की। कक्षा 12वीं में मेरिट में आने वाले ध्रुव केशरवानी ने बताया कि उन्होंने बोर्ड परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और भविष्य में सी.ए. बनना चाहता हूं। कक्षा 12वीं की छात्रा लीना डाहिरे ने बताया कि 12वीं में गणित विषय लेकर 92 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और भविष्य में जज बनना चाहती हूं। इसी प्रकार राधिका निषाद, रुखमणी कश्यप, चंदन साहू, अखंड प्रताप सिंह, तुलसी दिवाकर, आदि ने कलेक्टर से अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत एवं लगन से उसे पूरा करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में अद्भुत क्षमता होती है, उन्हें अपने सपनों को दिशा देते हुए लक्ष्य के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय डिजिटल युग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा। उन्होंने सभी बच्चों को बदलते समय के हिसाब से अपने आप को अद्यतन रखने एवं कैरियर के लिए नई-नई संभावनाओं की ओर अग्रसर होने के लिए भी प्रेरित किया। कलेक्टर ने अभिभावकों से कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, उन्हें जैसी दिशा दी जाएगी, उसी के अनुरूप उनका विकास होगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों के मनोभाव को समझते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने मेरिट में आने वाले सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की बच्चों ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाकर न केवल जिले का मान बढ़ाया हैं, बल्कि प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने सभी बच्चों को कड़ी मेहनत करने एवं जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए निरंतर इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे ने मेरिट में आने वाले बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले से 11 हजार 682 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 68 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत 64.44 तथा बालिकाओं का प्रतिशत 72.55 रहा।

# जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतगणना कर्मियों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम की उपस्थिति में आज दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के आईटी सेल कक्ष में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतगणना कार्य के लिए 60 मतगणना पर्यवेक्षक, 60 मतगणना सहायक और 60 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई हैद्य इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, विधानसभा के लिए नियुक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, एनआईसी इंजीनियर ऋषि रॉय, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गभेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने वर्किंग ग्रुप के अधिकारियों की बैठक

## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर आधारित वर्किंग समिति ने लघु, मध्यम एवं दीर्घकालिक लक्ष्य पर दिए सुझाव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग अटल नगर नया रायपुर के सभा कक्ष में आज आयोजित की गई। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग के लक्ष्य ,चुनौतियां एवं सामर्थ्य का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। राज्य में मृत्युदर कम करने, एनीमिया फ्री करने, सभी के अच्छे स्वास्थ्य, टेली मेडिसिन, मदर एंड चाइल्ड केयर, हॉस्पिटल के अपग्रेडेशन, पीपीपी मॉडल की उपयोगिता, केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने, ट्रेनिंग संस्थाओं की गुणवत्ता सुधारने ,रिसर्च संस्थानों पर जोर, टीकाकरण, मेडिकल टूरिज्म हब बनाने, स्वस्थ एवं खुशहाल समाज बनाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव, सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु ,मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु आमजनों को लाभान्वित करने, गुड गवर्नेंस, गुणवत्तापूर्ण जीवन सहित अन्य कल्याणकारी उपायों पर सुझाव दिए। राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि अच्छी क्वालिटी का रिपोर्ट बने जिसकी उपयोगिता सरकार के लिए अच्छा रहे। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव श्री राहुल भगत ने कहा कि हमारे राज्य के सभी जिलों की कोई ना कोई विशेषता है जिसके माध्यम से पर्यटन को आकर्षण का केंद्र बनाते हुए प्रोत्साहित किया जा सकता है। सलाहकार डॉ धीरज तिवारी ने कहा कि नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सभी उपायों का समावेश डॉक्यूमेंट में होना चाहिए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक तूलिका प्रजापति, संचालक जनसंपर्क अजय अग्रवाल, स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, संयुक्त संचालक डॉ नीतू गौरडिया सहित समिति के सदस्य गण एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुक्त ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न जोनो में जारी योजनाओं की कार्य प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण निरंतर अधिकारियों सहित कर रहे है एवं वर्षा पूर्व कार्यो को गतिमान करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे है। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 5 के तहत लीली चैक पुरानी बस्ती के समीप लगभग 19 लाख की लागत से पूर्व के पुराने व जर्जर नाले की आवष्यक मरम्मत एवं सुधार के प्रगतिशील कार्य का निरीक्षण जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र सिंह सहित संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं कार्य को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने के निर्देश दिये। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने बंधवा तालाब के समीप लगभग 48 लाख की लागत से निर्माणाधीन नाला के कार्य की प्रगति का निरीक्षण एव कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए सम्पूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने निर्देशित किया । आयुक्त ने मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में लगभग 25 लाख रू. की स्वीकृत लागत से कुषालपुर में बनाये जा रहे सामुदायिक भवन के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कन्नौजे समाज सामुदायिक भवन का कुशालपुर में निर्माण एवं विकास कार्य लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर है।

# एम्पॉवरिंग टीचर एडुकेटर्स फॉर 21st सेंचुरी पर नेशनल लेवल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज, रायपुर द्वारा एम्पॉवरिंग टीचर एडुकेटर्स फॉर 21st सेंचुरी विषय पर छः दिवसीय नेशनल लेवल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस मुख्य अतिथि डॉरमेश चंद्र जी कोठारी, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय, सूरत, गुजरात के पूर्व कुलपति रहे । जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हुरा विशेषअतिथिकेरूपमें कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रथम दिवस की मुख्य वक्ता डॉ रिया तिवारी, प्राचार्य, ग्रेसिअस कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन, अभनपुर, रायपुर रही। उन्होंने न्यू ट्रेंड्स इन एड टेक विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारि प्रदान किया। द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता माननीय प्रो. अरविंद कुमार पाण्डेय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी (उ.प्र.) रहे। उन्होंने इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर व्याख्यान द्वारा भारतीय ज्ञान दर्शन की जानकारि प्रदान किया। तृतीय दिवस के मुख्य वक्ता माननीय डॉ के एम भंडारकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन फाउंडेशन (सीटीईएफ इंडिया) रहे। उन्होंने रिसर्च फॉर्मेट एंड टेस्ट डेवलपमेंट÷विषय पर व्याख्यान दी?। चतुर्थ दिवस के मुख्य वक्ता डॉदिव्या शर्मा, आईसीएसएसआर पोस्ट डॉक्टरेट, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) रही। उन्होंने एथिकल एंड प्रोफेशनल वैल्यूज : स्पाइन ऑफ़ टीचिंग प्रोफेशन विषय पर व्याख्यान प्रदान की।

# प्रदेश में पूरा 11 सीट भाजपा के खाते में : प्रमोद सागर



**सरायपाली ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने दावा करते हुए कहा कि 18 वीं लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में संपन्न हो चुका है। जो की तीन चरणों में हुआ है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल 11 सीट है। जो पूरे 11 सीट भाजपा के खाते में जा रही है और वहीं कांग्रेस के खाते में शून्य मिलेगा। जिसके कारण विपक्षी बौखलाहट में कुछ भी करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं! भाजपा को अच्छे कार्यों की वजह से जनता सचमुच चक्रवर्ती सम्राट बनाने जा रही है। जनता का स्नेह और अपार प्यार भाजपा कभी नहीं भुलाएगी। अबकी बार भाजपा अपनी लोकसभा सीट 400 पार कर विपक्षी पार्टियों कैब 440 वाट का झटका देने जा रही है, जिससे कांग्रेस ही नहीं गठबंधन के सभी नेता घबराए हुए हैं। भाजपा को यह स्नेह और प्यार अपनत्व 1980 के दशक से राष्ट्रवादी सोच के फ्ल स्वरुप मिल रही है। अब तो यह विश्व में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी हो गई है। क्योंकि विपक्ष अपनी संकुचित सोच के कारण लगातार अपना ग्राफघटा रही है। अब इनके पास कोई मुद्दा भी नहीं रह गया है! भाजपा ने अपनी लकीर बढ़ाना सीखा है ना कि दूसरों की लकीर मिटाना यही उसकी खासियत है,भाजपा जो कहती है वो निश्चित से करके दिखाती है।

# सरोना में लीजेसी वेस्ट रेमीडिएशन के अधिकतर कार्य को मानसून के पूर्व करवाने निर्देश




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने सरोना में निरंतर जारी लीजेसी वेस्ट रेमीडिएशन के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 8 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श अभिषेक गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु, इंडिपेंडेंट इंजीनियर विभाशा साल्युशन्स के प्रतिनिधि एवं अनुबंधित ठेकेदार की उपस्थिति में करते हुए कार्य की स्थल समीक्षा की। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने स्थल निरीक्षण के दौरान सरोना में लीजेसी वेस्ट रेमीडिएशन के कार्य को मशीनरी एवं संसाधन बढ़ाकर तत्काल गतिमान करवाने एवं मानसून के पूर्व अधिकतर कार्य तेजी के साथ पूर्ण करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने प्रोजेक्ट का सम्पूर्ण कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

# रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने लॉन्च किया रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने बड़े गर्व के साथ अपने नए प्रोडक्ट, रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360शील्ड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसे लोगों और उनके परिवारों को बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करने के इरादे से डिज़ाइन किया गया है। यह सुरक्षा कवर वाकई बेहद खास है, जिसे आपको और आपके अपनों को न केवल व्यक्तिगत दुर्घटना के प्रभावों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, बल्कि यह दुर्घटना के बाद एक बड़े झटके के रूप में परिवार के सामने आने वाले गंभीर प्रभावों से भी सुरक्षा देता है। इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत के साथ-साथ दुनिया भर में दुर्घटना के प्रभाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर 360 डिग्री सुरक्षा मुहैया कराना है। यह पॉलिसी बिल्कुल अनोखी है जो सामान्य तौर पर दुर्घटना की वजह से विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाले कवरेज से परे है, क्योंकि यह दुर्घटना के बाद के परिणामों और उससे जुड़ी लागतों का व्यापक रूप से समाधान पेश करती है। दुर्घटनाएँ कुछ ही पलों में लोगों की जिंदगी में उथल-पुथल मचा सकती है, जिससे इंसान न केवल शारीरिक रूप से घायल होता है, बल्कि तुरंत पैसों की ज़रूरत की वजह से स्थिति और भी तनावपूर्ण हो जाती है। यह पॉलिसी ज़रूरत के समय बीमाधारक और उनके परिवार की हर तरह से सहायता सुनिश्चित करती है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने से लेकर आउट-पेशेंट के खर्चों के लिए कवरेज के अलावा घर, वाहन और एजुकेशन लोन जैसी निजी एवं आर्थिक देनदारियों से लेकर कानूनी सहायता की व्यवस्था करने और इसके अलावा भी बहुत किसी चीजों का कवरेज शामिल है।

# विपश्यना ध्यान एवं आहार सुधार की सहायता से उच्च रक्त चाप प्रबंधन पर सेमिनार आज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डंगनिया में विपश्यना ध्यान एवं आहार सुधार की सहायता से उच्च रक्त चाप प्रबंधन पर सेमीनार का आयोजन आज होगा। इसमें विपश्यना ध्यान के आचार्य एवं प्राकृतिक चिकित्सा और योग के विशेषज्ञ एवं मुख्य अभियंता (सिविल) सीताराम साहू स्वस्थ जीवन शैली के बारे में व्याख्यान देंगे। इसका आयोजन पॉवर कंपनी के सेवा भवन के सभाकक्ष में शाम 4 से 6 बजे तक किया जाएगा। साहू ने बताया कि भागदौड़ की जिंदगी में स्वास्थ्य के प्रति हमारा ध्यान कम हो गया है, इसके कारण हमें तमाम तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में 17 मई विश्व हाइपरटेंशन दिवस मनाया गया, जिसकी थीम अपने रक्तचाप को सटिक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें है। हृदय रोग और स्ट्रोक से होने वाली आधी से अधिक मौतों का कारण हाइपरटेंशन है। चिकित्सकों व्दारा किए गए शोध में विपश्यना ध्यान से सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने 'टॉपर्स सम्मान समारोह' में मेधावी छात्रों की सराहना की



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है, जिसने 29 मई 2024 को बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम टॉपर सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कक्षा 12वीं के सीजीबीएसई, आईसीएसई और सीबीएसई के मेधावी छात्रों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देना और उन्हें प्रेरित करना था। कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और इस अवसर पर वाई राजेंद्र कुमार राव, सीईओ, एसएडीए सिरपुर, आरके मिंज, पुलिस अधीक्षक - पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, माना, रायपुर, उन्नीकृष्णन नायर, उप प्राचार्य, आदर्श विद्यालय, रायपुर तथा कलिंगा विश्वविद्यालय के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। यह आयोजन इस अवसर की महत्ता का प्रमाण था, जिसमें टॉपर्स अपने गौरवान्वित माता-पिता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने अपने भाषण से सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने स्वागत भाषण दिया तथा विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने एक आकर्षक प्रस्तुति के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय का परिचय दिया, जिससे छात्रों और उनके अभिभावकों को विश्वविद्यालय के चरित्र और शैक्षणिक पेशकश के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। यह कार्यक्रम प्रतिभा को उत्साहित करने और शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का अनुकरणीय प्रदर्शन था। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राज्य स्तर के टॉपरों को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित करना था, जिसमें नकद पुरस्कार, योग्यता प्रमाण पत्र और कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली 100त्न छात्रवृत्ति शामिल थी। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया तथा उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को तदनुसार पुरस्कृत किया गया।

# इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर, आईसीएमएआई-रायपुर चैप्टर लाइफ केयर ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 28 मई को आईसीएमएआई-रायपुर चैप्टर, आर-7 सेक्टर-2, अवंती विहार, रायपुर मे किया गया जिसमें सीएमए के विद्यार्थी, सीएमए क्वॉलिफेड प्रोफेशनल एवं अन्य समिति के सदस्यों द्वारा रक्त दान कर अपना सहयोग दिया शिविर में मुख्य अतिथि के रुप मे सीएमए अरिदम गोस्वामी रिजनल वाइस चेयरमैन उपस्थित रहे एवं समस्त रक्त दान दाताओं को धन्यवाद के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया चर्चा के दौरान रक्त दान के लाभ की भी जानकारी दी गई की प्रत्येक दान अधिकतम तीन जीवन बचा सकता है। आपका दान सुनिश्चित करता है कि सर्जरी, आपात स्थिति और पुरानी बीमारियों वाले लोगों के लिए रक्त उपलब्ध हो रक्तदान करने से दानकर्ता की भी हानिकारक लौह भंडार कम करता है साथ ही कैंसर का खतरा को घटाता है और हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। रक्त दान प्रत्येक व्यक्ति जो 18-65 वर्ष की आयु का हो और वजन कम से कम 50 किलो हो रक्त दान कर सकता है उपरोक्त सभी जानकारी सीएमए सौरभ दास सेक्रेटरी रायपुर चैप्टर द्वारा दी गई।

# शब्दाक्षर की शाम,मातृ शक्ति के नाम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



शब्द शब्द को जोड़- जोड़
कर करते हम रचनाएं हैं
अक्षर ने इतिहास रचा है
शब्दाक्षर ही कविताएं हैं

कवि छविलाल सोनी ने इन पंक्तियों के साथ तालियां बटोरीं ....अवसर था
राष्ट्रीय साहित्यिक (पंजीकृत) संस्था शब्दाक्षर की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा रायपुर शहर के वृंदावन हॉल में कल शनिवार 25 मई को आयोजित काव्य संध्या का ! जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष पद की गरिमा बढ़ाई हिन्दी की सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने ! मुख्य अतिथि समाज सेवा में अग्रणी कवयित्री मंजू यदु तथा सुप्रसिद्ध कवयित्री शब्दाक्षर की साहित्य मंत्री मधु सक्सेना ने मंचासीन होकर मंच को समृद्ध किया !
मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात रत्ना पांडेय द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन मां शारदे के आव्हान के साथ सभागार को संगीतमय कर गया !
स्वागत उद्बोधन संयोजिका एवं शब्दाक्षर की प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया !
शब्दाक्षर संस्था की स्थापना से लेकर 25 राज्यों तक ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले संस्थापक अध्यक्ष रविप्रताप द्वारा स्थापित शब्दाक्षर के इस कार्यक्रम को प्रवाह दिया मीना शर्मा ने अपने कुशल संचालन से ! तत्पश्चात शुरू हुई काव्य गोष्ठी जिसमे शहर के स्थापित और चर्चित कवि - कवयित्रियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही !
अंत में कवयित्री लतिका भावे द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई !
कार्यक्रम में नीलिमा मिश्रा, दिलीप बरवंडकर, चंद्रकांता अग्रवाल , आलिम नकवी, सुरेश तिवारी , ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजू यदु, चंद्रकला त्रिपाठी , छविलाल सोनी,के पी सक्सेना , लतिका आर डी अहिरवार, लतिका भावे , सिद्धार्थ श्रीवास्तव , डा चितरंजन कर, माधुरी कर, अनिल श्रीवास्तव, सुदेश मैहर , शशि दुबे, सुनीता-विनय वर्मा ,आशा मानव,गीता भट्टाचार्य सहित शहर के कवि कवयित्रियों ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई!

# सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने लॉन्च किया फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में धान की खेती करने वाले किसानों के लिए करगा एक मुख्य समस्या बना हुआ है। धान की मुख्य फसल के साथ उगने वाले इस जंगली धान की वजह से यहां के किसानों को काफी नुकसान उठना पड़ता है। करगा की समस्या से किसानों को निजात दिलाने व विकसित भारत और टिकाऊ कृषि के दृष्टिकोण के अनुरूप, बुधवार को छत्तीसगढ़ के गंडई में सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने संयुक्त रूप से फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन लांच किया। सवाना सीड्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ अजय राणा ने इसके दूरगामी परिणामों को रेखांकित करते हुए कहा,÷फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करके धान की खेती में क्रांति लाएगा। यह न केवल किसानों की आय में वृद्धि करता है, बल्कि पानी का संरक्षण भी करता है। साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी कम करता है। इस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखता है। इस अवसर महिको के प्रबंध निदेशक और प्रमोटर, सिरीश बरवाले ने कहा, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन उत्पादन में वृद्धि के साथ साथ किसानों व पर्यावरण दोनों के लिए एक स्थायी भविष्य को सुरक्षित करने की क्षमता प्रदान करता है।


**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.202405110300112/अ 6 वर्ष 2023-24
ग्राम सरोरा, प.ह.नं. 6, रा.नि.मं. तिल्दा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अयोध्या पिता स्व. धर्मा देव, निवासी-कोलकाता द्वारा ग्राम सरोरा, प.ह.नं. 6 स्थित भूमि खसरा नंबर 744/37 रकबा 2.023 हे. से खातेदार, धर्मा देव पिता सौदागर की मृत्यु दिनांक 12.03.2010 हो चुकी है। अतः मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर अयोध्या पिता स्व. धर्मा देव नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 21.06.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

(मो. नंबर 9301111186)
मुहर
**तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.202405110300113/अ 6 वर्ष 2023-24
ग्राम सरोरा, प.ह.नं. 6, रा.नि.मं. तिल्दा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हरेश्वर प्रसाद पिता स्व. बराई उर्फ रामाश्रय प्रसाद द्वारा ग्राम सरोरा, प.ह.नं. 6 स्थित भूमि खसरा नंबर 744/32 रकबा 2.023 हे. से खातेदार रामाश्रय प्रसाद पिता गंगा विष्णु की मृत्यु दिनांक 02.03.20210 हो चुकी है। अतः मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर हरेश्वर प्रसाद पिता स्व. बराई उर्फ रामाश्रय प्रसाद नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 21.06.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

(मो. नंबर 9907421881)
मुहर
**तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) से कॉलम (ii) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **04.07.2024** को बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (I) मांग सूचना की राशि | (ii) एग्रीमेंट आईडी | (iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम | (iv) बंधक संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि एवं समय | (viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय | (ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय | (x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रु. 9587860.34 मांग सूचना की तिथि 17.01.2024 | 41681058 | न्यू बालाजी मेटाडोर ट्रांसपोर्ट, पुष्पा सिंह (स्वर्गीय चंद्रशेखर परिहार की कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से), पुष्पा सिंह, दिग्विजय सिंह परिहार, चंद्र बहादुर सिंह, दिग्विजय सिंह (स्वर्गीय चंद्रशेखर परिहार की कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से) और पूजा सिंह (स्वर्गीय चंद्रशेखर परिहार की कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से) | मद-1: सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 5, 6, 7, 8 क्षेत्रफल 6836.81 वर्ग फीट, खाता सं. 1150, भूमि खसरा सं. 31/2, 35/3, 35/30, 36, 37/2, वाके मौजा ग्रामः देवीपुरी, पी.एच.नं. 114, प्रस्तावित पी.एच.नं. 52, आर.एन.एम-रायपुर-2, तहसील और जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, और चौहद्दीः पूरब में - कॉलोनी की शेष भूमि, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में - रास्ता और दक्षिण में - कॉलोनी की चार दीवारी<br>मद-2: सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 10, क्षेत्रफल 25X48=1449.51 वर्ग फीट, खाता नं. 1150, भूमि खसरा नं. 31/2, 35/3, 35/30, 36, 37/2, वाके मौजा ग्रामः देवीपुरी, पी.एच.नं. 114, प्रस्तावित पी.एच.नं. 52, आर.एन.एम-रायपुर-2, तहसील और जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, और चौहद्दीः पूरब में - खुली, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में - प्लॉट नं. 09, दक्षिण में - प्लॉट नं. 11 | रु. 14914800.00 | रु. 1491480.00 | 04.07.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपा. 01.00 बजे तक | 03.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 05.00 बजे तक | 28.06.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 04.00 बजे तक | नाम- आशीष डेनियल संपर्क नं. 9770767799<br>नाम- संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796 |

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

दिनांकः 30.05.2024

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

# मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रोआब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

- **कलेक्टर अग्रवाल ने प्रशिक्षण में शामिल होकर मतगणना की सभी बारीकियों को ध्यानपूर्वक सीखने और सफलतापूर्वक मतगणना कार्य संपन्न कराने के दिए निर्देश**
- **04 जून को गरियाबंद स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 8 बजे से शुरू होगी वोटों की गिनती**

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन के तहत वोटिंग के पश्चात 4 जून को मतगणना कार्य किया जाएगा। इसके लिए आज जिला पंचायत सभाकक्ष में काउंटिंग सुपरवाइजर, मतगणना सहायकों तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से त्रुटिरहित कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप देने के लिए सभी पहलुओं को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सरल रूप में समझाया गया। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने मतगणना के सभी बारीकियों को ध्यानपूर्वक सीखने और मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राजिम मती अर्पिता पाठक, रिटर्निंग ऑफिसर बिंद्रानवागढ़ हितेश पिस्दा, एसडीएम विशाल महाराणा सहित मास्टर ट्रेनर बंटी राय, छन्नुलाल तारक, गौतम कुर्रे, सभी मतगणना अधिकारी - कर्मचारी एवं माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जिले में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत वोटिंग संपन्न होने के पश्चात 04 जून को गरियाबंद स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। काउंटिंग परिसर में मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। साथ ही स्ट्रॉन्ग रूम में सील ईवीएम की चौबीसों घंटे कड़ी सुरक्षा भी की जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर कलेक्टर अग्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को अपने निर्धारित दायित्वों को पूरी तत्परता से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि 04 जून को मतगणना कार्य होना है, जिसके लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी लोगों को मतगणना के नियमों एवं निर्देशों को बारीकी से समझाया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि दोनों विधानसभा के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी नियत समय से पूर्व उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, मतगणना प्रक्रिया, मतगणना साफ्टवेयर, एनकोर, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में बताया गया।

# जिले में मनाया गया विश्व मासिकधर्म स्वच्छता दिवस

## महिलाओं एवं बालिकाओं को दी गई तकलीफसे बचने की जानकारी



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में विश्व मासिकधर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके मासिकधर्म के कारण होने वाली चुनौतियों, मासिक धर्म से जुड़ीं भ्रांतियों, समस्याओं तथा इनके निराकरण के लिए समाधानों पर चर्चा की गई। इसके अलावा मासिकधर्म स्वच्छता प्रबंधन के विषय में जागरूकता बढ़ाने स्वसहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन में मास्टर ट्रेनर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा मितानिन एवं पोषण सखी के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन में आयुष की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नित्य योग तथा प्राणायाम का अभ्यास, मासिक धर्म के दौरान होने वाली तकलीफों को दूर करने में भुजंगासन, गोमुखासन, मार्जारी आसन एवं मत्येन्द्रासन लाभाकारी है। इसके साथ ही अनियमित मासिक धर्म को दूर करने के लिए खानपान संतुलित एवं पौष्टिक होना जरूरी है। मौसमी फल, सलाद एवं हल्का भोजन मासिक धर्म चूक को नियमिति करने में लाभकारी होता है। ओलिगो मेनोरिया (मासिक चक्र में रक्त कम आना) में पपीता एवं चुकंदर लाभकारी है, मेनोरेजिया (मासिक धर्म ज्यादा आना) में दूब का स्वरस 1 चम्मच एक सप्ताह तक लेने से फायदा मिलता है। मनोपॉज (रजोनिवृत्ति के दौरान महिलाओं में चिड़चिड़ापन तथा दर्द की अधिकता होती है, इसके लिए योगनिद्रा और ध्यान का नियमिति अभ्यास किया जाए), स्त्री स्वच्छता उत्पाद-सेनेटरी पैड का प्रयोग विभिन्न रोगों से बचाने में मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस एक बढ़ते आंदोलन को श्रव्य और दृश्यमान बनाता है, जो शरीर की साक्षरता के साथ-साथ लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है।

# सेजेस छुरिया में हुआ समर कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ छुरिया
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरिया में कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों के लिए सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विधाएं जैसे ड्राइंग पेंटिंग, ओरिगेमी, क्राफ्ट, कर्सिव/हैंड राइटिंग, स्टोरी टेलिंग, ग्रीटिंग कार्ड एंड एनवेलप मेकिंग, जुंबा तथा डांस एंड म्यूजिक सिखाया गया। कैंप को लेकर बच्चो में भी बहुत उत्साह देखने को मिला जिसमें उन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और खेलकूद एवम मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न विधाओं तथा पठन पाठन का हुनर सीखा। समर कैंप, प्राचार्य धनेश सिन्हा की उपस्थिति में प्रशिक्षण शिक्षक राहुल देवांगन, नावेद खान, मृदुल पाठक, शिक्षिका प्रीति सोनकुसरे, दीप्ति साखरे, श्वेता राठौर, लक्ष्मी यादव, , पी टी आई रवि जैन, व्याख्याता प्रज्ञा तिवारी, मोनिका साहू, रूपाली सारवा, आशा सुधाकर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के साथ साथ बच्चों की करियर काउंसलिंग भी की गई जिसमें पालक समिति अध्यक्ष जोधी राम साहू जी , प्राचार्य एवम शिक्षकों की उपस्तिथि में कार्णिक साहू (मरीन इंजीनियर) ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों को नेवी तथा मर्चेंट नेवी जैसे क्षेत्रों में भी करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# गौ सेवक की याद में वनांचल में गायों के लिए बनाई जल की व्यवस्था

## संस्कार श्रद्धांजलि समिति की पहल

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



संस्कार श्रद्धांजलि के तत्वाधान में ग्राम आटरा के शहीद छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वर्ण पदक से सम्मानित गौ सेवक स्व गजुरूराम साहू की स्मृति में सुखा ग्रस्त (ड्राई) आठ ग्रामों में 36कोटने में जल भरकर उन्हे समर्पित किया।

संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया की महाराष्ट्र सीमा से सटे छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर स्थित गांव आटरा के रास्ते से बड़ी संख्या में गो तस्करी होती थी जिसे गजरुराम साहू द्वारा रोक लिया जाता था। गो तस्करो के लिए गजरुराम साहू लंबे समय से एक बहुत बड़े अवरोध बने हुए थे जिसे तस्करो ने 13मार्च 2003में अपनी वाहन से कुचल कर मार दिया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें मृत्यउपरांत प्रथम गौ सेवक स्वर्ण पदक से सम्मानित भी किया है। संस्था ने इस बार उनके बलिदान का पुण्य स्मरण करते हुए मृत्यु स्थल वाले स्थान से कोटने से जल भरकर आसपास के सुखा ग्रस्त ग्राम आटरा, भकुर्रा, कल्लू बंजारी, बुचाटोला, टिपानगढ़ सहित आसपास के ग्रामो में 36कोटने जल भरकर स्थापित किए। इस दौरान इन कोटनो को सुरक्षित रखने पूर्व सरपंच बलराम साहू, पूरनलाल मंडावी, बालकिशन साहू, भुनेश्वर साहू, नेमीचंद यादव, ओमप्रकाश पटेल, अशोक चंद्रवंशी, महेश पटेल, जगदीश साहू, हेमंत पटेल, नरसिंह साहू, भूषण साहू, गुमान साहू, धनेश कुमार सहित उपस्थित नागरिकों ने इन कोटने में नियमित जल भरने की प्रतिज्ञा ली।

# भाई ने डंडे से पीट-पीटकर मार डाला, गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ममेरा और फुफेरा भाई में पुरानी रंजिश और पैसे की लेन-देन को लेकर फुफेरे भाई की डंडा से मारपीट करते हत्या करने की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार 26 मई की देर रात खैरागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कुकुरमुडा में एक व्यक्ति की हत्या हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच सूचना तस्दीक किया। ग्राम कुकुरमुड़ा घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करने पर मृतक को गांव के गणेश निषाद 23 साल ग्राम कुकुरमुड़ा के रूप में पहचान हुआ। जानकारी के मुताबिक मृतक गणेश निषाद आरोपी शुभम निषाद का फुफेरा भाई है। घटना के संबंध में लोगों से पूछताछ पर गांव के ही शुभम निषाद के साथ पुरानी रंजिश और पैसे की लेन-देन की बात पर वाद-विवाद होने बात सामने आई थी। आरोपी शुभम निषाद घटनास्थल पर आकर मृतक गणेश निषाद से पुरानी रंजिश की वजह से पैसे मांगते झगड़ा-विवाद कर बबूल के डंडा से गणेश निषाद के कमर और सिर तब तक मारते रहा, जब तक खून से लथपथ होकर निढाल होकर जमीन पर न गिर गया। आरोपी शुभम निषाद घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। तत्काल आरोपी के धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे दल-बल सहित आरोपी के सकुनत पर दबिश दिया, तब तक आरोपी फरार हो चुका था। आरोपी शुभम निषाद को 24 घंटे के भीतर दुर्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ पर मृतक से पुरानी रंजिश व पैसे की लेन-देन होने की बात पर झगड़ा विवाद कर डंडा से मारकर मौत के घाट उतारना स्वीकार करते घटना में प्रयुक्त डंडा को पुलिस के सामने पेश किया है।

## मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि में पैदल क्षेत्र घोषित

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस जयवर्धन ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के मतों की गणना शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में 4 जून को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 4 जून को मतगणना स्थल शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय के 100 मीटर की परिधि में पैदल क्षेत्र घोषित किया है। उक्त क्षेत्र में निर्वाचन से संबंधित कार्यों में लगे वाहनों को छोड़कर किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# प्रदूषित पानी छोड़ने वाली राईस मिल बंद, गांवों में जल आपूर्ति हुई बाधित

- **राईस मिलिंग का वेस्ट वॉटर से धीरी प्रोजेक्ट के इंटकवेल में जमा पानी खराब**

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


फाईल फोटो

धीरी नल जल समूह योजना के इंटकवेल में प्रदूषित पानी छोड़ने वाले सांकरा स्थित श्रद्धा राईस मिल को अस्थाई रुप से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया है। बीते दिनों धीरी प्रोजेक्ट के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए पानी के स्त्रोत में मिल का प्रदूषित पानी छोड़े जाने का मामला सामने आया था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने तत्काल ही इस पानी को पीने लायक न होने बताकर इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस प्रोजेक्ट से जुड़े 24 गांवों में पानी का उपयोग न करने की चेतावनी को लेकर मुनादी करवाई गई थी। मामले पर संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति न हो पाने और संक्रामक बीमारी का खतरा पैदान होने पर वे नाराज थे। उन्होंने प्रशासन को तत्काल ही इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। निर्देशों के बाद मिल बंद किए जाने की जानकारी सामने आ रही थी। बुधवार की शाम प्रशासन का आदेश सामने आया जिसमें सांकरा स्थित श्रद्धा राईस मिल को चावल की मिलिंग से निकलने वाले प्रदूषित पानी की समुचित व्यवस्था किए जाने बंद करने का आदेश एसडीएम ने जारी किया है।

पानी के प्रदूषित होने के चलते क्षेत्र के फुलझर, मगरलोटा, टेड़ेसरा, बिरेझर, कोपेडीह, इंदावाणी, बैगाटोला सहित आसपास के गांव प्रभावित हुए हैं।

# लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जतायी नाराजगी

- समय सीमा के प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में निराकरण करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारीयों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ ही विभागीय कार्ययोजना और कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिले में विकास कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना, विकास कार्यों, सड़क पुल-पुलिया निर्माण के लिए विभागीय वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुआ कहा है कि सभी विभागीय अधिकारी आने वाले 5 साल 10 साल व 30 साल के विकास पर आधारित वृहद कार्ययोजना बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने बैठक में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए अधूरे निर्माण कार्यों, निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति व निर्धारित समय का पालन नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर किया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी मंगाया है। जिला मुख्यालय मोहला के सड़कों को लेकर उन्होंने आने वाले बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त होने की दशा में संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर ने किया जिले के टॉपर बालिकाओं को सम्मानित

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में अध्यनरत कक्षा 12 एवं 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले में अव्वल रही बालिकाओं को मेडल भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय हैं की कक्षा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में कुमारी वैजन्ती ने 92.20 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान पर रही है। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में कु. स्नेहा ने 91.80 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान पर रही है। इस अवसर पर कलेक्टर जयवर्धन ने दोनों बालिकाओं कों अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने दोनों बालिकाओं से भविष्य के संबंध में बात की। कलेक्टर ने उन्हें शुभाशीष देते हुए अपने सपनों को साकार करने के लिए और अधिक मेहनत करने की सीख दी।



# चुप्पी तोड़े- खुलकर बोले मासिक महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मानपुर
www.dailypioneer.com



आओ सहेली चुप्पी तोड़े कार्यक्रम और महिला एव बाल विकास विभाग मानपुर के संयुक्त तत्वाधान में 28 मई को मासिक महोत्सव ग्राम कोराचा में मनाया गया। हरीश कुमार क्षत्री ने आओ सहेली चुप्पी तोड़े के बारे मे बताया किये कार्यक्रम इंडस एक्शन संस्था नई दिल्ली के सहयोग से मानपुर के 11 ग्राम पंचायतों और 59 गॉव मे 10 से 17 वर्ष किशोरी बालिकाओ के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबधन पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। अभी 1051 किशोरी बालिक तक कपड़े पैड्स की पहुंच बनी है और उपयोग भी कर रही हैं। भुनेशवरी यादव ( पर्यवेक्षक) ने कहा कि माहवारी के समय किशोरी बालिकाओ को व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए और अपने मासिक धर्म के समय खुले जगह जैसे तालाब या नदी में न नहा कर व्यवस्थित जगह में नहाने और कपड़े या पैड्स को जमीन में दफना दे या जला देना चाहिए। घर मे माँ पिता के साथ माहवारी से जुड़ी समस्या को साझा करना। कृतरणी ठाकुर पर्यवेक्षक ने कहा कि किसी किशोरी बालिका की पहली बार मासिक धर्म होने पर डरी हुई होती है। सरपंच प्रमिला तुलावी ने बताया कि मासिक महोत्सव के आयोजन से निश्चित रूप से किशोरी बालिकाओ को माहवारी से जुडी भ्रांति दूर करने का पहल करनी चाहिए। स्वस्थ्य विभाग से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी जागेश्वरी चंद्रवंशी ने बताया कि 28 मई विश्व मासिक दिवस मनाने के उद्देश्य से मई महीने के 28 तारीख को मासिक दिवस मनाया जाता क्योंकि किशोरी एव महिलाओ की मासिक चक्रऔसतन 28 दिनों और 5 दिन रहती है। इस दौरान जनपद सदस्य छाया उईके ने कहा कि स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरी बालिकाओं की हर माह बैठक कर माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों और खान पान जैसे हरी सब्जी, नींबू, आम का आचार और किशोरी शक्ति आहार योजना के तहत मिलने वाली रेडी टू ईट पाउडर उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम से जुड़ी 10 कक्षा में टॉप करने वाली वालिंटियर किशोरियों, आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानिन सम्मानित की गई और 75 मितानीन दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, किशोरी बालिका एव महिलाओं को कपड़े की पैड्स मेस्ट्रोपीडिय कॉमिक प्रदान की गई। कार्यक्रम में अंजू सोनकर, गोविद, पुराण सिंह, शिव घावड़े , मुल्कों बेक , सुनदा मंडावी, नीरज चन्द्रकार, इलेश्वरी जामड़े, परमिला जाड़े, प्रमिला धुर्वे, देवेन्द्र कुमार धुर्वे, लक्ष्मी नेताम, साधान यादव, मनीषा मंडावी, सारिका आचला, साजना, आगंन बाड़ी कार्यकर्ता, मितनिनन दीदी ,किशोरी बालिका एव महिला उपस्थित रही।

**कन्या शाला में पुरुष व्याख्याता को प्राचार्य के प्रभार पर भी आपत्ति, विभाग हटाने से परहेज कर रहा**

# प्रभारी प्राचार्य के खिलाफअनियमितता की जांच गुम, 4 महीनों तक कार्रवाई को टाल गया विभाग

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्राभारी प्राचार्य सीआर वर्मा द्वारा आर्थिक अनियमितता और गड़बड़ियों की शिकायत की जांच गुम हो गई है। ऐसा इसलिए क्यूंकि जांच अधिकारी विभाग को प्रतिवेदन सौंप देने की बात कह रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल जांच प्रतिवेदन मिलने से इंकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, लंबे समय में जांच पूरी न करने वाले प्राचार्यों से कारण पूछा जाएगा। बहरहाल, इसके चलते जांच आदेश के 4 माह से अधिक बीतने के बाद भी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। एक और मसला कन्या शाला में पुरुष लेक्चरर को प्राचार्य का प्रभार सौंपे जाने का है। जिसे लेकर भी कई तरह की शिकायतें हैं। कन्या शाला में वर्ष शिकायत है कि, शिक्षकों को संख्या से अधिक छात्रों की उपस्थिति दिखाकर मनमाने तरीके से भुगतान किया गया है। एक विषय स्कूल में पालकों से अधिक 2023 में छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पढ़ाने के आदेश विभाग ने जारी किए थे। रेमेडियल कोचिंग क्लासेस (समग्र शिक्षा) के तहत छात्राओं की शिक्षा और मजबूत बनाने यह योजना लागू की गई थी। जनवरी-फरवरी 2023 में बच्चों को शिक्षकों ने अतिरिक्त कक्षाएं लेकर कोचिंग दी। इस एवज में पढ़ाने वाले अध्यापकों को प्रति छात्र 50 रुपए प्रति माह की दर से भुगतान किया जाना था। प्रवेश शुल्क वसूले जाने का भी है। इसके अतिरिक्त भी कई शिकायतें प्राचार्य और स्कूल प्रबंधन को लेकर सामने आ रही हैं। इन सभी पर विभाग ने अब तक को कार्रवाई नहीं की है। जबकि शासन एजुकेशन सिस्टम को स्वच्छ और सार्थक बनाने की कोशिशों में जुटा है। इस स्थिति में शहर के पुराने और बड़े स्कूलों में से एक में इस तरह की गड़बड़ियां विभाग के लिए ही बदनामी का सबब साबित हो रही हैं।

अनियमितता, लापरवाही की शिकायतों पर जांच चल रही है। जांच अधिकारियों ने प्रतिवेदन अब तक नहीं दिया है। इसकी जल्द से जल्द जानकारी लेंगे और शीघ्र ही उचित निर्णय पर कार्रवाई होगी।

**-अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी**

जांच समिति में मुझे और दीपक सिंह ठाकुर को शामिल किया गया है। हमने अप्रैल में ही जांच कर प्रतिवेदन सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई सक्षम अधिकारी करेंगे।

**-घनश्याम मंडावी, प्राचार्य व जांच समिति सदस्य**

रेमेडियन कोचिंग के भुगतान के लिए पीपीए के माध्यम से प्राचार्य के खाते में राशि आई थी। हमने इसका नगद भुगतान किया है और पावती भी ली है। सब विधिक है, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

**सीआर वर्मा, प्रभारी प्राचार्य**

### छात्रों की हाजिरी में भी हेरफेर

आरोप है कि, यहां विशेष कोचिंग में रोजाना सभी बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो कि संभव ही नहीं है। प्रत्येक दिन स्कूल में सामान्य कक्षाओं में भी छात्राओं की हाजिरी पूरी नहीं होती। इस तरह फर्जी उपस्थिति दर्शाई गई। कोचिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजों के संधारण में भी लापरवाही की शिकायत हैं, जबकि इसे लेकर विभाग ने बार-बार गंभीरता बरतने के निर्देश जारी किए थे।

### नगद किया भुगतान, पूरे तीन माह नहीं लगी कोचिंग

विशेष कोचिंग के भुगतान में अनयमितता का भी आरोप प्राचार्य सीआर वर्मा पर लगा है। इस कोचिंग के एवज में अध्यापकों को मिलने वाली राशि पीपीए के माध्यम से दी जानी थी। लेकिन प्रभारी प्राचार्य सीआर वर्मा द्वारा मस्टर रोल के पैटर्न पर दस्तखत करवाकर शिक्षकों को नगद भुगतान कर दिया गया। यह भी एक विषय है कि यह विशेष कोचिंग में कई लोगों के नाम से तीन माह का का पूरा भुगतान किया गया है। जबकि जनवरी में प्रायोगिक परीक्षा और फरवरी में प्री बोर्ड के कारण यह संभव ही नहीं है। इन बड़ी गड़बड़ियों पर विभाग की संजीदगी नज़र नहीं आ रही है।

### सीनियर महिला लेक्चरर को देना था प्रभार, पुरुष व्याख्याता को बिठाया

व्याख्याता सीआर वर्मा अक्टूबर, 2022 से कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। आश्चर्यजनक है कि कन्या शाला में शिक्षा विभाग ने एक पुरुष व्याख्याता को प्रभार सौंप दिया। उनके कार्यकाल में कई विवाद तो खड़े हुए ही हैं। इसके अलावा महिला शिक्षकों और छात्राओं को अपनी समस्याएं बताने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये प्रावधानों के विपरित भी माना जा रहा है। आपात परिस्थिति में इस शाला में मौजूद मोस्ट सीनियर व्याख्याता को यह प्रभार सौंपा जा सकता था। विभाग के पास महिला प्राचार्य भी हैं जो शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय में कार्यालयीन काम संभाल रहीं हैं, इन्हें भी शाला में नियुक्त किया जा सकता था। बहरहाल, अब इस मामले में सुधार की मांग की जा रही है। यहां महिला प्राचार्य की नियुक्ति आवश्यक है।

# जर्वे के ग्रामीण बैंक का रात्रि में ताला तोड़कर चोरी करने वाले 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com




जर्वे के ग्रामीण बैंक का रात्रि में ताला तोड़कर चोरी करने वाला 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार। अजय बौद्ध निवासी ग्रामीण बैंक शाखा जर्वे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 25-26.05.2024 को रात्रि में कोई अज्ञात चोर द्वारा बैंक का ताला तोड़कर बैंक के केश वाल्ट को काटने का प्रयास किये तथा बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काट कर सेंसर राउटर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 206/2024 धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। बैंक जैसे अति महत्वपूर्ण संस्थानों में चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल जांजगीर को मामले के अज्ञात आरोपी की पता तलाश कर गिरफ्तार करने सख्त निर्देश देने पश्चात साइबर सेल द्वारा घटना स्थल की निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान साक्ष्य मिले बाद 150 सीसीटीवी फुटेज चेक करने पश्चात संदेहियों की पहचान शुभम गुप्ता, गोपेश यादव निवासी खोखसा जांजगीर तथा अभिषेक कश्यप निवासी जांजगीर के रूप में हुई जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में साइबर सेल जांजगीर तथा थाना बलौदा की सँयुक्त टीम गठीत कर तत्काल टीम रवाना होकर मुखबीर के बताये स्थान मे जाकर को संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके व कडाई से पूछताछ करने जुर्म स्वीकर करते हुए बताये की अभिषेक कश्यप अपने गाँव के ग्रामीण बैंक दिखाने ले गया और बताया कि बैंक में रात में कोई गार्ड नहीं रहता कोई कर्मचारी की नहीं रहते बैंक रात में खाली रहता है दिनांक 25-26.05.24 के रात्रि ग्रामीण बैंक में चोरी करने की योजना बनाये, दिनांक 24.05.24 को रात्रि में बैंक तरफ जा कर रेकी किये अभिषेक के कहने पर शुभम और गोपेश द्वारा हार्ड वेयर दुकान से ग्राइंडर मशीन तथा लोहा काटने का सामान खरीदा और दिनांक 25-26.05.24 के रात्रि में बैंक का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिए बताया। विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपी 01 शुभम गुप्ता पिता माखन गुप्ता उम्र 27 वर्ष सा0 खोखसा वार्ड नं0 10 चौकी नैला 02. गोपेश कुमार यादव पिता स्व धनसाय यादव उम्र 34 वर्ष सा0 खोखसा वार्ड नं0 10 चौकी नैला 03. अभिषेक कश्यप पिता भूपेन्द्र सिंह कश्यप उम्र 28 वर्ष सा जर्वे-ब हा मुक्काट नंबर डी-18 दिप्ती विहार कालोनी जांजगीर थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 29.05.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, साइबर सेल से सउनि राम प्रसाद बघेल, प्रधान आर मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आर गिरीश कश्यप, रोहित कहरा, आनंद सिंह, निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी बलौदा,.स्ढ केशव साहू थाना बलौदा, प्रधान आरक्षक राजकुमार कुमार चंद्रा आर ईश्वरी राठौर थाना जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले को कुपोषण मुक्ति करने हेतु ग्राम पंचायत-वार्ड का चयन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण की दर में कमी लाने सम्पूर्ण जिले में कुपोषण मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत कुपोषण के तीनों स्तर कम वजन, बौनापन व दुबलापन के दर में कमी लाने प्रथम चरण में जिले के प्रत्येक सेक्टर के एक ग्राम पंचायत/वार्ड को कुपोषण मुक्त बनाये जाने कुल 32 ग्राम पंचायतों व 27 वार्डो का चयन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा से मिली जानकारी अनुसार इन चयनित ग्राम पंचायतों/वार्डो में विविध विभाग यथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के समन्वय से कुपोषण मुक्ति कार्यक्रम को सम्पादित किया जाना है। कार्यक्रम में पूरक पोषण आहार की समुचित व्यवस्था, टीकाकरण, विटामिन-ए, कृमिनाशक गोली की खुराक का उम्र अनुसार सेवन, आयरन सिरप या गोली की खुराक का सेवन की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही नियमित रूप से बच्चों के उम्र, वजन व ऊंचाई का माप कर पोषण टैऊक्रर ऐप से समीक्षा की जाएगी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ''सियान जतन क्लीनिक'' का विशेष आयोजन, बुजुर्गों को चश्मा, छड़ी एवं श्रवण यंत्रों बांटे गये

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ''राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल'' कार्यक्रम के तहत आज ''सियान जतन क्लीनिक'' का विशेष आयोजन किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 60 वर्ष उम्र के बुजुर्ग व्यक्तियों की निःशुल्क जांच कर उपचार किया गया। 60 वर्ष उम्र के 49 व्यक्तियों का बुजुर्ग कार्ड बनाया गया है। सियान जतन क्लीनिक में दृष्टिदोष से पीड़ित बुजुर्ग व्यक्तियों को चश्मा एवं अन्य जरूरत मंद बुजुर्गों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र बांटे गये। दन्तरोग, मोतियाबिंद, शुगर, बी.पी. जैसे बीमारियों से पीड़ित बुजुर्ग मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया गया।''सियान जतन क्लीनिक'' आयोजन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ. बी.के. वैष्णव, डॉ. आस्था मिश्रा, डॉ. आकांक्षा झा, डॉ. टारजन आदिले, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त चिकित्सकीय दल उपस्थित थे।

## समितियों में हो पर्याप्त खाद-बीज का भण्डारण, समय पर करें वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल सुरक्षा कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज आयोजित अधिकारियों की बैठक में अभियान की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन ने बताया कि इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में जल सुरक्षा चौपाल व शपथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जल सुरक्षा सूत्र में विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो रहा है। इसके अंतर्गत समस्त शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की मरम्मत साफ-सफाई व नवीन निर्माण, ग्राम पंचायतों में जल वाहिनी दीदियों की सभा का आयोजन, ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबों में डीसिल्टीन कार्य, वर्षा जल संचित करने हेतु रिचार्ज पिट का निर्माण, सभी ग्राम/नगर वार्डों में निकाय स्तर पर जल स्त्रोत की सफाई का कार्य, पेयजल स्त्रोतों के पास सोख्ता गड्ढों की साफ-सफाई निर्माण एवं प्राकृतिक वर्षा जल, बहाव क्षेत्र ( नालों में ) गाद की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन हेतु अवशोषण गड्ढों का निर्माण, मृदा में नमी की मात्रा का परीक्षण एवं नालों में जल बहाव की मात्रा का परीक्षण, कुओं की साफ सफाई एवं मरम्मत, वर्षा जल संरक्षण हेतु समस्त विभागों की कार्यशाला का आयोजन, भूमिगत जल संचयन हेतु डाईक निर्माण, ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में जल सुरक्षा की जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन, ग्राम पंचायतों में नवीन तालाबों एवं डबरियों का निर्माण, मल्चिंग, फसल चक्र और जैविक खेती तकनीकों जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देना जो मिट्टी की नमी को संरक्षित करने और कृषि में पानी की खपत को कम करने हेतु प्रयास इत्यादि कार्य शामिल है।

## कलेक्टर ने किया नगर निगम क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण, पार्किंग की व्यवस्था हो पुख्ताः कलेक्टर

### छोटे व्यापारियों के लिए बना वेंडिंग जोन खाद्य पदार्थ के उठाएंगे लुत्फ,वेडिंग ज़ोन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित परिसर का मुआयना करने पहुचे संभागआयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर, एसडीएम मुकेश रावटे, उपायुक्त महेंद्र साहू सहित अधिकारियों के साथ नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्थित परिसर एवं दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकानों का उपयोग एवं आरक्षण तथा दुकानों की बिक्री तथा भूमि आवंटन की प्रक्रिया में आने वाली परेशानियों के संबंध में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ गंज मंडी काम्प्लेक्स,नलघर काम्प्लेक्स, साइंस कॉलेजफ फील्टर प्लांट के पास प्रस्तावित चौपाटी के अलावा राजेंद्र पार्क के समीप नवनिर्मित फूड जोन का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने नलघर काम्प्लेक्स एवं गंज मंडी काम्प्लेक्स की सुंदरता के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश निगमायुक्त को दिए ताकि दुकानों की सुंदरता के अनुरूप दुकानों की बिक्री हो सके। आरक्षण को शिथिल करने निगम की सभा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि आवंटन की प्रक्रिया में आने वाली दिक्कतों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करने संबंधित अधिकारियों को कहा। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता करण यादव, बाजार अधिकारी चंदन मनहरे,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव आदि मौजूद रहें। कलेक्टर ने कहा नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें, दुकानों के सामने कचरा बाहर बिखरने वालो पर कड़ी कार्वाही करें व जुर्माना लगाए।उन्होंने कहा कि दुकानों लिए पार्किंग भी महत्वपूर्ण होता है।पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था न होने से आवागमन व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है और ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ जाता है।

## नगर निगम का फाइट द बाइट अभियान निरन्तर जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्षा ऋतु के आगमन से पहले मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के लिए नगर निगम का विशेष दस्ता टीम द्वारा विभिन्न वार्डों के घरों में पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। जो फाइट द बाइट अभियान का एक बड़ा हिसा है। जिसे निगम में शुरू किया गया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन पर फाइट द बाईट मुहिम के अन्तर्गत नगर निगम में प्रतिदिन वार्ड वार अभियान चल रहा है।निगम द्वारा मौसमी बीमारी एवं डेंगू के रोकथाम हेतु कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में विगत 15 दिनों से फाइट द बाइट अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में पृथक से टीम बनाकर कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर स्प्रे पंप के माध्यम से टेमीफास का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही उक्त स्थल के आसपास स्थित नाली एवं अन्य स्थानों में भी छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निरंतर कार्यवाही जारी है।तालाबों के आस पास की भी सफाई की जा रही है। बता दे कि इन गतिविधि पर विशेष फोकस किया जा रहा है जिंसमे प्रतिदिन नालियों की तली की सफाई,सार्वजनिक क्षेत्र की सफाई, लगातर झाड़ियों की कटाई,बाजार क्षेत्रो में दुकानदारो द्वारा झिल्ली पन्नी बेचने पर टीम द्वारा कार्रवाही के साथ जुर्माना भी लिया जा रहा है ।

## निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने नालियों की सफाई व्यवस्था अपनी देखरेख में कराया

■ नियमित रूप से सफाई रखने के दिए निर्देश,नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर आल सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा आज बुधवार को वार्ड क्रमांक 53 बोरसी विवेकानंद कॉलोनी के क्षेत्र में पहुँचकर निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाली की साफ -सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया, आयुक्त ने सफाई कर्मी को नालियों की तली से सफाई करने के निर्देश दिए गए साथ ही नालीयो के सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को एक दिन पश्चात अनिवार्य रूप से उठने के निर्देश दिए गए ताकि वह कचरा नाली में पुनः ना जा सके।आयुक्त लोकेश चंद्रकर ने जीरो वेस्ट सेंटर का भी निरीक्षण किया गया गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करते हुए देखा गया आयुक्त ने बोरसी क्षेत्र के महावीर खेल परिसर के पीछे स्थित नाली में पाइप डालने के निर्देश उप अभियंता हरिशंकर साहू को दिए,इसके अलावा नालियों की सफाई तालाबों की सफाई के लिए जन भागीदारी को जोड़ने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कॉलोनी में जन भागीदारी से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।निरीक्षण के दौरान नागरिको के घर जाकर लोगो से अपील की है कहा घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को अलग अलग डस्टबीन में रखें,नाली,सड़क में न फेके, वार्ड क्रमांक 53 बोरसी विवेकानंद कॉलोनी में डोर टू डोर कलेक्शन आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ घरों घर जाकर स्वयं किए डोर टू डोर कचरा एकत्रित हो रहे कचरे का स्वच्छता इंचार्ज के साथ वार्ड का निरीक्षण किए प्रत्येक घरों में गीला सूखा कचरा कैसे लेना है।

## सोकोडिपा में महाकूल समाज के तत्वाधान में शुरू हुआ 24 प्रहरी 72 घंटे अखंड कीर्तन, बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु निकाली गई भव्य कलश यात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के दुलदुला विकासखंड के सोकोडीपा कृष्णनगर पूर्वी परिक्षेत्र महाकुल यादव समाज के तत्वाधान में मंगलवार को यहां आयोजित 24 प्रहरी 72 घंटे श्री विष्णु नाम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ।मंगलवार की शाम को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आर्य प्रताप सिंह जूदेव एवं विशिष्ट अतिथि महाकुल समाज के जिलाध्यक्ष गणेश यादव,प्रदीप यादव कुनकुरी ब्लॉक अध्यक्ष ,शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष बासुदेव यादव ने बताया की यह कार्यक्रम प्रति वर्ष महाकुल समाज के तत्वाधान में आयोजित की जाती है, जिसमे आयोजित श्री विष्णु नाम महायज्ञ में जिले सहित अन्य राज्य ओडिशा, झारखंड से भी कीर्तन मंडली शामिल होते है।कार्यक्रम का शुभारंभ 28 मई को कलश यात्रा, अधिवास के साथ हुई है, दूसरे दिन सुबह 6 बजे से अखंड कीर्तन नाम उच्चारण प्रारंभ होगा,जो 1 जून को समापन होगा।

इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले सहित अन्य राज्य के श्रद्धालु भी शामिल होने के लिए यहां पहुंचते हैं।इस दौरान बालेश्वर यादव,सुरेश यादव उपाध्यक्ष, मनीष यादव सचिव, सवेद यादव कोषाध्यक्ष, नरेश यादव, जगदीश आपट, टंकेश्वर यादव, शंकर यादव,उपेंद्र यादव, त्रिलोचन यादव, परसू यादव, विशेश्वर यादव, भुनेश्वर यादव, सागर यादव, युधिष्ठिर यादव, कृष्णा यादव,सुदर्शन यादव, दुरियोधन यादव, नरहरी यादव, मोहन यादव, कपिलेश्वर यादव, कामेश्वर यादव, लखन यादव, लिलेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय समाज के लोग शामिल हुए।

## जोन टू में बिजली गुल से लोग परेशान, हर दिन मेंटनेंस के नाम पर ठप हो रही बिजली व्यवस्था, 45 डिग्री तापमान में लोगों की बढ़ी समस्या



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बिजली विभाग के द्वारा हर साल गर्मी आने से पहले मेंटनेंस के नाम पर घंटो समय के लिए बिजली कटौती की जाती है। ताकि गर्मी के दिनों में लोगों को परेशानियां नहीं झेलनी पड़े, लेकिन इस भीषण गर्मी में हर दिन घंटो समय के लिए बिजली गुल होने से बिजली विभाग का मेंटनेंस मात्र दिखावे का ही साबित होने लगा है। जोन टू में बिजली गुल की सबसे अधिक समस्या देखी जा रही है। पिछले कुछ दिनों से देखा जाए तो हर दिन बिजली गुल हो रही है। बिना हवा, आंधी के बिजली की कटौती करने से अब लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश पनपते जा रहा है। इस भीषण गर्मी में लोग घरों में दुबके रहने की ज्यादा कोशिश कर रहे हैं, पर विद्युत विभाग बिजली कटौती कर जले में नमक छिड़कने जैसा काम करने में लगा हुआ है।

**देर रात में बिजली बंद**-जोन टू में बिजली गुल की समस्या अधिक है। कभी भी इस क्षेत्र में बिजली बंद कर दिया जाता है। बीते रात भी काफी देर के लिए जोन टू के कुछ क्षेत्र में बिजली बंद देखा गया। बिजली बंद हो जाने से लोग व्याकुल हो रहे हैं और मन ही मन विभाग को कोसते नजर आ रहे हैं।

**किस काम का मेंटनेंस**-लोगों का यह भी मानना है कि जब गर्मी पूर्व मेंटनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जाती है, तो इस तरह हर दिन बिजली गुल होना, विभाग की नाकमियों को दर्शाता है। मेंटनेंस के नाम पर विभाग के अधिकारी अपना स्वार्थ सिद्ध करने में ही लगे हुए हैं।

**हो सकता है आंदोलन**-लगातार बिजली गुल की समस्या बनी हुई है और अब यही स्थिति रही तो आने वाले समय में बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का जमकर आक्रोश देखने मिलेगा। इसके अलावा लोग विभाग की लापरवाही के खिलाफ आंदोलन भी कर सकते हैं।

### धर्म की स्थापना और रक्षा के लिए भगवान लेते है अवतार

# सामाजिक समरसता का प्रतीक है भगवान राम : आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com





तिल्दा नेवरा समीपस्थ ग्राम भैंसा ( पौंसरी) मे चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन भागवत आचार्य श्रद्धेय पंडित नंदकुमार शर्मा जी, निनवा तिल्दा वाले ने ईश्वर के अवतार पर व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय। भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान हैं। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति है। उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है।इंसान की सुंदरता शरीर से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और वाणी से होती है! इसीलिए व्यक्ति को अपनी वाणी और चरित्र की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए. किसी भी व्यक्ति में बाहरी सुन्दरता के साथ-साथ आन्तरिक सुन्दरता होना भी आवश्यक है। उन्होने कहा कि मनुष्य की सुंदरता का आकलन उनकी वाणी, विचार और स्वभाव से होता है! किसी भी इंसान को महान बनाने मे उसकी सोच और विचारधारा अधिक महत्त्वपूर्ण होती है, ना कि उसका शरीर! आचार्य शर्मा ने कहा कि नर हो या नारी सभी अपने सांसारिक चित्र को संवारने मे लगे है, चरित्र को संवारने की चिंता किसी को नहीं है! ईश्वर हमारे शरीर की सुंदरता को नहीं देखते, वह तो इंसान की भावना और चरित्र को देखता है! उन्होने कहा कि सुंदर होना कोई बुरी बात नहीं परंतु शरीर सुंदर होने के साथ-साथ हमें एक अच्छा इंसान भी बनना चाहिए। चरित्र अच्छा हो और सीधा-साधा मन हो तो आप सबको जीत सकते है। हमारे संस्कार हमें अंदर से सुंदर बनाते हैं और इन संस्कारों के बिना तो हमारी ऊपरी सुंदरता किसी काम की नहीं है।इंसान का रंगरूप आज नहीं तो कल उसका साथ छोड़ ही देता है। उम्र के साथ साथ आपके चेहरे की रंगत बदल जाती है। आचार्य जी ने भगवान राम के जन्म की कथा बतायी और कहा कि आज समाज के लोगों के आचरण में जो मिलावट आई है ऐसे में भगवान राम के आचरण से हमें पवित्रता की सीख लेनी चाहिए. किसी भी मुश्किल परिस्थिति में भगवान राम ने अपना धैर्य नहीं खोया है। उन्होनें हर परेशानी में धैर्य से काम लिया है इसलिए हमें भगवान राम की तरह जीवन की हर मुसीबत में शांति से कार्य करना चाहिए। भगवान श्री राम ने कभी भी नियति को बदलने की कोशिश नही की,जो नियति में लिखा हुआ है हमें वह स्वीकार करना चाहिए क्योंकि नियति से कोई भी नही जीत सकता! भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य संसार में आकर मायारूपी जाल में फंसकर ईश्वर को भूल जाता है और असत्य के मार्ग पर चलकर बुराइयों में फंस जाता है। जिसका परिणाम उसे भुगतान पड़ता है। जीव को मानव जीवन मुश्किल से मिलता है। मानव जीवन में हर व्यक्ति को सत्य के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। सत्य पर चलने वाले प्राणी को मृत्यु के बाद भी समाज याद करता है, असत्य पर चलने वाले का अंत बुरा होता है। उन्होने कहा परिदृश्य अतीत का हो या वर्तमान का, जनमानस ने राम के आदर्शों को खूब समझा-परखा है राम का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है। राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति, भाई और राजा भी थे। जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है, निःस्वार्थ भाव से उसी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित हो सकती है। धर्म रक्षा हेतु ईश्वर का अवतार होता है. आगे आचार्य जी भगवान कृष्ण के जन्म की कथा बतायी! कृष्ण जन्म की कथा मे कथा पंडाल मे बैठे सभी श्रद्धालूगण गदगद और रोमांचित होकर कृष्ण जन्मोत्सव मे झूम उठे..

## लेटरल एंट्री के माध्यम से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 11 जून को

■ सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में 5 जून तक मंगाए गए आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित नगरी के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नवमीं, ग्यारहवीं और बारहवीं की कक्षाओं में सीबीएसई पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की पूर्ति लेटरल एंट्री के माध्यम से की जाएगी।

इसके लिए चयन परीक्षा आगामी 11 जून को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयन परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन के साथ पूर्व कक्षाओं की अंकसूची, जाति, निवास प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड का छायाप्रति का दस्तावेज आगामी 5 जून तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 90 स्थित आदिवासी विकास विभाग के एकलव्य शाखा अथवा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। बताया गया है कि निर्धारित तिथि के बाद तथा डाक से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र जिले की वेबसाईट पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही प्रवेश पत्र परीक्षा केन्द्र से परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पूर्व प्राप्त किये जा सकेंगे।

# निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर के निरीक्षण के लिए पहुंचे कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह

## तीन मंजिला परिसर जून तक पूरा करने की तैयारी में जुटा है रायपुर स्मार्ट सिटी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट तहत बन रहे तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा भी उनके साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के शेष निर्माण कार्य जून माह तक पूरा करें साथ ही दुकानों के आबंटन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माणाधीन तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर में ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक तल पर 21 दुकान निर्मित की जा रही है। पूरे परिसर में कुल 84 दुकानें तैयार होंगी। परिसर के बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक एवं 30 कार रखने की व्यवस्था की गई है। इस बिल्डिंग की छत में सौर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से परिसर को रोशन करने की योजना भी रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने बनाई है। लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन यह परिसर जून अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही दुकानों के आबंटन के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) इमरान खान, जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर योगेन्द्र साहू सहित कार्य एजेंसी की टीम उपस्थित रहीं।



### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आनंद नगर स्थित लाइब्रेरी एवं आनंद समाज वाचनालय का निरीक्षण किया, दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आनंद नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री लाइब्रेरी एवं आनंद समाज वाचनालय ब्राह्मण पारा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लाल बहादुर शास्त्री लाईब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था तथा अन्य उपलब्ध सुविधा की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर आनंद समाज वाचनालय भी गए वहां अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। जिला प्रशासन द्वारा शहर के मध्य में युवाओं के अध्ययन के लिए लाईब्रेरी-रीडिंग जोन की व्यवस्था की गई है। आनंद समाज वाचनालय के अलावा मोतीबाग परिसर में तक्षशिला रीडिंग जोन और नालंदा परिसर लाईब्रेरी भी उपलब्ध है। इन स्थानो में अनुकूल वातावरण और बेहतर सुविधाओं में अध्ययन किया जा सकता है। कलेक्टर ने आनंद समाज वाचनालय के ऊपर हॉल का भी निरीक्षण किया सुविधाओं के विस्तार से निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपलब्ध थे।

# योगेश तिवारी ने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर योगेश तिवारी को बधाई देते हुए पार्टी की सतत सेवा के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरणा दी।मुख्यमंत्री ने स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया। उन्होंने शहीद स्मारक भवन में प्रतिभावान निशक्तजनों के सम्मान समारोह आयोजन की प्रसंशा की।

# मोदी 4 जून को हो जाएंगे बेरोजगार युवाओं को मिलेगा रोजगार : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि 4 जून को नरेंद्र मोदी बेरोजगार हो जाएंगे और देशभर के युवाओं, श्रमिक को, महिलाओं को, रोजगार मिलेगा। उद्योगपति, व्यापारी बिना दबाव के व्यवसाय करेंगे, किसानों को उनकी फसल की सही कीमत मिलेगा, आम जनता को मूलभूत की सुविधा मिलेगी। पूरे देश में मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी पर जनता ने भरोसा किया है। जनता मोदी सरकार के 10 साल के कुशासन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था, आर्थिक असमानता और संविधान बदलने की नीयत, भ्रष्टाचार मोदी सरकार की हम दो और हमारे दो की नीति से मुक्ति के लिए मतदान कर दिया है। दीपक बैज ने कहा कि देश 10 साल से तानाशाही सोच और मनमानी करने वाली सरकार को बर्दाश्त कर रही थी, जनता को अब अवसर मिला तो तानाशाही खत्म करने के लिए मतदान किए हैं। देश में हर वर्ग मोदी सरकार की कुनीतियां से परेशान हुआ है। भाजपा संगठन के भीतर भी मोदी और शाह की तानाशाही के खिलाफ आक्रोश है भाजपा के नेता भी छह चरण के चुनाव के पश्चात खुश हुए हैं कि केंद्र की तानाशाही सरकार के समापन हो रहा है देश मोदी-शाह के दमनकारी नीति से आजाद हो रहा है। साथ ही भाजपा भी मोदी शाह की दादागिरी और तानाशाही से मुक्त हो रहा है।

# समय पर ईलाज नही मिलने से जेल के हवालाती बंदी की हुई जिला अस्पताल में मौत

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिला जेल बालोद में एक बार फिर समय पर इलाज नही मिलने के कारण एक और हवालाती बंदी की मौत हो गई। जहा इस बार भी जेल प्रशासन मामले में लीपा पोती करने पर जुट गया है। मामले में बताया जा रहा है कि 25 मई को देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरदफोड़ में लोकेश सिन्हा (35) को पुलिस ने अवैध शराब बेचते पकड़ा था। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में बालोद जेल निरुद्ध किया गया था। जेल में निरुद्ध होने के बाद से ही आरोपी लोकेश सिन्हा की तबियत बिगड़ने लगी, जहा पिछले 2 दिनो उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया जा रहा था। जहाँ मंगलवार की रात्रि 11 बजे को उसकी अचानक तबियत जेल के अंदर बिगड़ गई। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ इलाज के दौरान करीबन 13 बजे उसकी मौत हो गई। जहा पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को परिजनों को सौप दिया गया। मगर पूरे मामले में एक बार फिर जेल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है की जब मृतक बंदी लोकेश सिन्हा की तबियत खराब थी तो उसे अस्पताल में ही इलाज के लिए भर्ती क्यो नही करवाया गया..? क्यो बार बार तबियत बिगड़ने के बाद ही उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया जाता था..? अगर उसको इलाज के लिए अस्पताल में ही भर्ती रखा जाता तो उसे समय पर इलाज मिल जाता और आज वो शायद जिंदा होता। सूत्रों की माने तो जिला जेल की जेलर जेल में बंद बंदियो के तबियत खराब होने पर उन्हें अस्पताल ले जाने में आना कानी करती है। वही गार्ड की कमी का हवाला देते हुए समय पर बंदियो को इलाज नही करवाती। क्योकि इससे पहले भी 27 अगस्त 2023 को जेल के बैरक नम्बर 6 में रहने वाले हवालाती बंदी बलराम जोशी (55 वर्ष) की समय पर ईलाज नही मिलने पर बैरक में ही दम तोड़ दिया था। जिसे जेलर और ड्यूटी में लगे जेल प्रहरियों द्वारा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत का हवाला देते हुए मामले पर लीपा पोती की गई थी। मगर जेल से छूटे एक बंदी जो उस समय बैरक 6 नम्बर में ही था नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उक्त बन्दी की मौत बैरक में ही हो गई थी, जिसकी तबियत बिगड़ने के 1 घण्टे तक कोई इलाज नही मिला था। अब फिर एक और मौत का मामला सामने आया है। जहाँ इस बार भी जेलर और प्रहरियों द्वारा मामले में लीपा पोती किया जा रहा है।



### परिजनों ने लगाया जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप

हवालाती बंदी लोकेश सिन्हा की मौत की खबर लगते ही उसके परिजन भारत लाल सिन्हा और काली चरन सिन्हा जिला अस्पताल पहुचे। जहा घर के जवान लड़के की लाश देखकर काफी दुखी हुए। उन्होने बताया कि एक दिन पहले ही जेल में मुलाकात करने गए थे, मगर हम लोगो को मिलने नही दिया गया। वही लोकेश के शरीर को देखे तो शरीर में मार के निशान और खून का धब्बा जमा नजर आ रहा है। अब इस मामले में उचित जांच और दोषियो पर कार्यवाही की मांग करते है।

### जेलर का विवादों से रहा है पुराना नाता

बालोद जिला जेल की जेलर एस शोभा रानी का विवादों से पुराना नाता है। जब से जेलर बनी है तब से जेल के अंदर कई घटनाए घट चुकी है। पहले तो जेल ब्रेक कर 2 बंदी दीवार कूद कर फरार हो चुके है, वही अब इलाज के अभाव में बंदियों की मौत, जहा माना जा रहा है, जेल के अंदरखाने में कुछ ठीक नही चल रहा है।

लोकेश सिन्हा को 25 मई को आबकारी एक्ट में लाया गया था, विडाल सिम्टेन्स थे, बीते 2 दिनों से उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था, एडमिट नही था, रोज जा रहा था, चेकअप के लिए। ऑब्जर्वेशन में रखे थे। फिर वापस आ रहा था। मंगलवार सुबह भी चेकअप के लिए गया था, फिर वापस आ गया, फिर मंगलवार की रात 11 बजे फिर तबियत खराब हुई, जिसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां करीबन 13 बजे उसकी मौत की खबर मिली।

**शोभा रानी, जेलर, जिला जेल, बालोद**

## कपड़ा और फर्नीचर की दुकान में भीषण लगी आग, कार भी जली और बाजू की दुकान आग की चपेट में

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नगर में स्टेट बैंक चौक के पास कपड़ा और फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई। आग से करीब एक करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। दूसरी दुकान को कितनी क्षति पहुंची है, इसका पता नहीं चल पाया है। क्योंकि इस दुकान को अभी खोला नहीं गया है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने भी मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। आग पर काबू पा लिया गया है। जगदलपुर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी चंद्रेश गांधी के वस्त्र एवं फर्नीचर शो रूम में बुधवार को सुबह अचानक आग लग गई। ये दोनों दुकाने एक दूसरे से सटकर स्थित हैं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403